रांची
सोमवार
29.08.2022
भाद्रपद शुक्ल पक्ष 02
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
वर्ष-23 अंक-206 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

रश्मि प्रवाह
असंभव शब्द का प्रयोग केवल कायर करते हैं, बहादुर और बुद्धिमान व्यक्ति अपना मार्ग खुद पक्का करते हैं।

सियासी हलचल के बीच यूपीए की प्रेसवार्ता

राज्यपाल चुनाव आयोग के निर्णय को करें सार्वजनिक

हॉर्स ट्रेडिंग को बढ़ावा देने का हो रहा प्रयास, राज्यपाल संशय की स्थिति करें दूर : यूपीए

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड आदिवासी कल्याण मंत्री चंपई सोरेन, झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ विधायक स्टीफन मरांडी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और आरजेडी कोटे से सरकार में मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जनप्रतिनिधित्व कानून 1951 की धारा 9ए के अंतर्गत हेमंत सोरेन की सदस्यता रद्द करने की अटकलें लगायी जा रही है। ऐसे मामले में आज तक कभी भी किसी की सदस्यता रद्द नहीं हुई तो फिर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर ऐसा बर्ताव क्यों? इस मौके पर जेएमएम और कांग्रेस के कई विधायक और वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

डराने-धमकाने के प्रयास से वे डिगने वाले नहीं : यूपीए नेताओं ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन की सदस्यता को रद्द करने के डराने-धमकाने के प्रयास से डरनेवाले नहीं हैं, यह सरकार आंदोलनकारियों के नेतृत्व में बनी है और आंदोलन के माध्यम से आज वे सत्ता में आये हैं।

राजभवन खरीद-फरोख्त को हवा देना चाहता है? : यूपीए नेताओं ने कहा कि क्या समय काट कर राजभवन विधायकों के खरीद-फरोख्त को हवा देना चाहता हैं? पार्टी ने महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में भी राज्यपाल के पद की गरिमा को गिरते हुए देखा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। वे किसी की अनुकम्पा पर सरकार में नहीं आये हैं।

झारखंड में एक बाहरी गैंग कर रहा काम : जेएमएम-कांग्रेस और आरजेडी नेताओं ने संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा गया है कि बड़ा दुखद है कि राज्य में एक बाहरी गैंग काम कर रहा है। नीचे से ऊपर तक बैठे इस गैंग के सभी लोगों में एक समानता है। इनके मकसद में झारखंड एवं झारखंड के लोगों के प्रति थोड़ा सा भी स्नेह नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा एवं इनकी अनुषंगी संस्थाओं को राज्य का मुख्यमंत्री एक आदिवासी बना हुआ है, वह इन्हें नहीं पच रहा है या वे सभी भारत सरकार से झारखंड के हक के लिए लड़ रहे हैं वह इन्हें नहीं पच रहा है।

कानूनी सलाह में क्यों हो रहा विलंब

स्टीफन मरांडी ने कहा गया कि क्या कारण है कि चुनाव आयोग के पत्र पर राज्यपाल ने अभी तक अपना मंतव्य नहीं दिया है? ऐसी क्या कानूनी सलाह है जो वो नहीं ले पा रहे हैं? यह तो सरासर लोकतंत्र और जनता का अपमान है। उन्होंने राज्यपाल से तुरंत संशय दूर करने की मांग की।

झुकना जानते हैं, तो हक के लिए झुकाना भी जानते हैं

यूपीए नेताओं ने बिना किसी का नाम लिये बीजेपी नेतृत्व चेतावनी देते हुए कहा कि वे एक बात कान खोल कर सुन लें कि झारखंडी अगर किसी के सम्मान में झुकना जानता हैं तो अपने हक के लिए दूसरों को झुकाना भी जानता है। यूपीए विधायकों ने राज्यपाल से आग्रह किया कि वे अराजक स्थिति की ओर राज्य को धकेलने से बचें। वे राज्यपाल पद के संवैधानिक दायित्व को संभाल रहे हैं, आदिवासी-दलित के अधिकार के संरक्षण का जिम्मा उनके कंधों पर संविधान ने दिया है।

दिल्ली से चिट्ठी चली, रांची में गिर गयी, किसी ने देखा है?

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड की राजनीति में इन दिनों एक चिट्ठी की प्रतीक्षा बेसब्री से हो रही है। इस चिट्ठी की प्रतीक्षा ना सिर्फ सत्तापक्ष और विपक्षी नेताओं को है, बल्कि आमजन की भी चिट्ठी को लेकर उत्सुकता भी लगातार बढ़ती जा रही है। वहीं, दिल्ली से चली यह चिट्ठी राजभवन रांची पहुंची या नहीं, अथवा राजभवन पहुंचने के बाद इस चिट्ठी के अनुरुप क्या कार्रवाई हो रही है, इसे लेकर पुलिस-प्रशासनिक महकमे में खासी दिलचस्पी है। सीएम हेमंत सोरेन के ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले में 18 अगस्त को सुनवाई होने के बाद भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अपना परामर्श संबंधी चिट्ठी दिल्ली से राजभवन रांची भेजी जा चुकी है। जिसके बाद यह दावा किया जा रहा है कि यह चिट्ठी 25 अगस्त को राजभवन पहुंच गयी, परंतु उसी दिन दिल्ली से लौटे राज्यपाल रमेश बैस ने एयरपोर्ट पर मीडियाकर्मियों से बातचीत में सिर्फ इतना ही कहा कि अभी उन्हें इस पत्र के बारे में कोई जानकारी नहीं हैं। इसके बाद चार दिन बीत जाने के बावजूद अब तक राजभवन की ओर से आधिकारिक रूप से इस चिट्ठी के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गयी है। हालांकि, राजनीतिक हलकों में लगातार इस बात की चर्चा है कि चुनाव आयोग के पराशर्म के बाद राज्यपाल की ओर से अपने फैसले से अवगत कराने को लेकर भारत निर्वाचन आयोग को पत्र भेज दिया है। इसके फैसले के तहत सीएम हेमंत सोरेन की विधानसभा सदस्यता को रद्द कर दिया गया है। इस संबंध में अब भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी की जायेगी और आयोग की ओर से राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी जायेगी। जिसके बाद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय द्वारा विधानसभा अध्यक्ष को इस फैसले की जानकारी दी जायेगी। बताया जा रहा है कि शनिवार और रविवार होने के कारण भारत निर्वाचन आयोग की ओर से कोई फैसला नहीं लिया गया है और सोमवार को इस संबध में फैसला आने की संभावना है। राज्यपाल के फैसले को लेकर निर्वाचन आयोग को भेजी गयी चिट्ठी पर भी तरह-तरह का अटकल का दौर जारी है। यह अनुमान लगाया जा रहा है कि राज्यपाल ने सिर्फ हेमंत सोरेन की विधानसभा सदस्यता को लेकर चिट्ठी भेजी है। इसमें हेमंत सोरेन के चुनाव लड़ने पर रोक का कोई जिक्र नहीं हैं। हालांकि, सीएम हेमंत सोरेन के कुछ विरोधियों का यह भी दावा है कि ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले में उनकी सदस्यता खत्म होने के साथ ही अगले कुछ महीनों या साल तक उनके चुनाव लड़ने पर भी रोक लग सकती है। फिलहाल सारी बातें सिर्फ चर्चाओं में ही है, चिट्ठी में क्या है, इसकी आधिकारिक जानकारी किसी को अब तक नहीं मिल पायी है।

आगजनी की शिकार हुई युवती की रिम्स में मौत

दुमका। दुमका जिले स्थित नगर थाना क्षेत्र के जरुआडीह की रहनेवाली युवती की शनिवार देर रात रांची रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गयी। 23 अगस्त को एकतरफा प्यार में शाहरुख नामक युवक ने 23 अगस्त को खिड़की से लड़की पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गयी थी। पहले उसे दुमका के फूलो-झानो मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया, बाद में उसे रिम्स रेफर किया गया था। आरोपी शाहरुख हुसैन अंकिता से एकतरफा प्यार करता था और जब अंकिता ने उसकी बात नहीं मानी तो उसने इस जघन्य घटना को अंजाम दिया। इस मामले में आरोपी शाहरुख हुसैन को पुलिस ने घटना वाले दिन ही गिरफ्तार कर लिया था। अंकिता के घरवालों ने बताया था कि शाहरुख ने कहीं से अंकिता का फोन नंबर ले लिया था और हमेशा उसे फोन करके दोस्ती करने और अपनी बात मनवाने का दबाव डालता था, लेकिन जब अंकिता ने उसे मना किया तब शाहरुख ने कहा था कि अगर मेरा कहना नहीं मानोगी तो मैं तुम्हें जिंदा नहीं छोड़ूंगा।इसके बाद उसने इस तरह की घटना का अंजाम दिया।

डिजिटल इंडिया ने देश को नयी शक्ति दी : पीएम मोदी

मन की बात में बोले पीएम ○ गांवों तक पहुंची इंटरनेट की 4जी सर्विस

नयी दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 92वीं कड़ी में देशवासियों से अपने विचार साझा करते हुए कहा कि जिस तरह स्वच्छता और टीकाकरण अभियान के दौरान देश की सामूहिक शक्ति की भावना दिखी, उसी प्रकार आजादी के अमृत महोत्सव के तहत चलाये गये तिरंगा अभियान में देशभक्ति का जज्बा नजर आया। पीएम ने कहा कि पहले गांवों में बिजली पहुंचने पर लोग खुश होते थे, लेकिन नये भारत में गांवों में अब वैसी खुशी इंटरनेट की 4जी सेवाएं पहुंचने में होती हैं। मन की बात में पीएम मोदी ने कहा कि जो सुविधाएं कभी बड़े शहरों में हुआ करती थीं, डिजिटल इंडिया ने उन्हें गांव-गांव में पहुंचा दिया है। प्रधानमंत्री ने पिछले दिनों पूर्वोत्तर के राज्य अरुणाचल प्रदेश के सियांग जिले में जोरसिंग गांव में 4जी सेवाएं पहुंचने का जिक्र करते हुए कहा कि वहां पिछले दिनों हुआ यह बदलाव ऐसा था, जिसका लोग वर्षों से इंतजार कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जैसे, पहले कभी गांव में बिजली पहुंचने पर लोग खुश होते थे, अब नये भारत में वैसी ही खुशी 4जी पहुंचने पर होती है। उन्होंने कहा कि अरुणाचल और पूर्वोत्तर भारत के दूर-सुदूर इलाकों में 4जी के तौर पर एक नया सूर्योदय हुआ है। इंटरनेट संपर्क एक नया सवेरा लेकर आया है। जो सुविधाएं कभी सिर्फ बड़े शहरों में होती थीं, वह डिजिटल इंडिया ने गांव-गांव में पहुंचा दी हैं। ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

जल संरक्षण अभियान में शामिल होने का आह्वान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जल संरक्षण की दिशा में सरकार की ओर से किये जा रहे प्रयासों और कुपोषण के खिलाफ उसकी ओर से चलाये जा रहे अभियान को मजबूती देने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने जल को मानवता का परम मित्र और जीवनदायिनी बताया। उन्होंने कहा कि जल से ही अन्न उत्पन्न होता है और फिर उस से ही सभी का हित होता है। अमृत सरोवर सहित जल संरक्षण की दिशा में किये जा रहे विभिन्न प्रयासों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आज अमृत सरोवर का निर्माण एक जन-आंदोलन बन गया है।

कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव के लिए तारीख का ऐलान

नयी दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस ने अपने नये अध्यक्ष के चुनाव के लिए चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा करते हुए रविवार को कहा कि जरूरत पड़ने पर 17 अक्टूबर को मतदान किया जायेगा। कांग्रेस की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्यसमिति की पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिये गये फैसले के बाद पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति के अध्यक्ष मधुसूदन मिस्त्री, महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल तथा संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में अध्यक्ष पद के लिए चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा की। कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव के लिए अधिसूचना 22 सितम्बर को जारी होगी। नामांकन भरने की अंतिम तारीख 30 सितम्बर है।

केंद्रीय मंत्री ने भव्य मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का किया उद्घाटन, बोले -

देश का लोकतांत्रिक इतिहास विश्व में हमें दिलाता है एक अलग पहचान

नवीन मेल संवाददाता

रांची। देशभर में मनाये जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव तथा केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित शासन के आठ वर्ष पूरा करने के उपलक्ष्य में केंद्रीय संचार ब्यूरो, प्रादेशिक कार्यालय रांची द्वारा रांची विश्वविद्यालय दीक्षांत मंडप परिसर में केंद्रीय जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने रविवार को पांच दिवसीय मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर रांची सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा एवं पद्मश्री मधु मंसूरी की गरिमामयी उपस्थिति रही। मौके पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश का लोकतांत्रिक इतिहास पूरे विश्व में हमें एक अलग पहचान दिलाता है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। आज जब हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं, तो दूसरी तरफ 14 अगस्त को भारतीय इतिहास का सबसे मुश्किल दिन कहा जाता है। भारत के इतिहास में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

देश के कृषि क्षेत्र में आये बड़े बदलाव : राधा मोहन सिंह

भाजपा प्रदेश प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन विभिन्न विषयों पर वक्ताओं ने किया संबोधित

नवीन मेल संवाददाता

रांची। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा पिछले आठ वर्षों में कृषि एवम किसान कल्याण के लिए किये गये कार्यों का उल्लेख करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राधा मोहन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'बीज से बाजार तक' की अप्रोच से देश के कृषि क्षेत्र में बड़े बदलाव आये हैं। बीते आठ वर्षों में भारतीय कृषि ने सफलता के नये मानदंड स्थापित किये हैं। किसानों को तमाम तरह के जोखिमों से सुरक्षित रखने, आमदनी बढ़ाने, सटीक सूचनाएं देने और उन्हें कृषि उत्पादों का उपयोग करनेवाली इकाइयों से जोड़ने पर सरकार का फोकस रहा है। इन कदमों से भारत में कृषि का आधुनिकीकरण हुआ और किसानों की आय में लगातार बढ़ोतरी हुई है।

2014 से मोदी सरकार ने कई ऐसे कदम उठाये हैं, जिनसे भारत में किसानों को कम जोखिम उठाना पड़े। इसमें किसानों के लिए सेफ्टी नेट बनाने और सिंचाई के लिए बारिश पर उनकी निर्भरता को कम करना शामिल है। उन्होंने कहा कि पहले अनावृष्टि और अतिवृष्टि की वजह से लाखों किसान भारी कर्ज में डूब जाते थे। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना ने इन परिस्थितियों को बदला है। 2016 में शुरू हुई इस योजना ने कृषि व्यवस्था को पूरी तरह बदला और इससे किसानों को मजबूत सुरक्षा मिली। पीएम कृषि सिंचाई योजना से सिंचाई का क्षेत्र बढ़ा और वर्षा जल पर किसानों की निर्भरता कम हुई। रिकॉर्ड उत्पादन से सरकारी खरीद में बढ़ोतरी हुई, जिससे किसानों की आमदनी में अभूतपूर्व वृद्धि देखने को मिली। यही नहीं, डीबीटी के जरिये दी जानेवाली आर्थिक सहायता लगातार बढ़ने से किसानों को बिचौलियों की अवैध वसूली और कमीशनखोरी से मुक्ति मिली है।

उन्होंने कहा कि 2019 में सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि की शुरुआत की और किसानों के खाते में हर साल 6000 रुपये कैश ट्रांसफर सुनिश्चित किया। नियमित रुप से किस्तों में मिलनेवाली इस सहायता ने छोटे किसानों को भी अच्छी गुणवत्ता वाले सामान ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर



भ्रष्टाचारी बिल्डर सुपरटेक, भ्रष्ट नोएडा अथॉरिटी व भ्रष्ट सत्ताधारियों की मिलीभगत

कुतुब मीनार से भी ऊंचे दो टावर सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर करने पड़े ध्वस्त

- ब्यूरो

नयी दिल्ली। दिल्ली से सटे नोएडा के सेक्टर 93ए में रविवार को आसमान छूती

- ▸▸ सैकड़ों फ्लैट खरीदारों ने चंदा करके 10 साल तक लड़ी कानूनी लड़ाई
- ▸▸ ट्विन टावर के निर्माण में नेशनल बिल्डिंग कोड के नियमों का किया गया था उल्लंघन

दो इमारतें मिट्टी में मिल गयीं। ट्विन टावर पर देशभर की निगाहें थीं। एक जोरदार धमाके के साथ कुतुब मीनार से भी ऊंचे टावर महज कुछ सेकेंड में धूल और मलबे में बदल गये। लेकिन क्या आप जानते हैं कि अरबों की लागत से बने ट्विन टावर को क्यों ध्वस्त किया गया? आखिर ऐसी क्या गलती हो गयी? आइए हम आपको पूरी बात बताते हैं। रविवार को दोपहर ढाई बजे जब ट्विन टावर में धमाका हुआ तो यह उन सैकड़ों फ्लैट खरीदारों के जीत की गूंज थी, जिन्होंने चंदा करके 10 साल तक कानूनी लड़ाई लड़ी और भ्रष्टाचार की बुनियाद पर खड़ी गगनचुंबी इमारत को जमीन पर ला दिया। ट्विन टावर को बनाने में सुपरटेक ने 200 करोड़ रुपये खर्च किये थे और 800 करोड़ रुपये की आमदनी की उम्मीद थी। सुपरटेक को सेक्टर 93ए में 23 दिसम्बर 2004 को एमराल्ड कोर्ट के नाम पर भूखंड आवंटित हुआ, जिसमें 14 टावर का नक्शा पास हुआ। इसके बाद योजना में तीन बार संशोधन हुआ और दो नये टावर की मंजूरी दे दी गयी। ये दोनों टावर ग्रीन पार्क, चिल्ड्रन पार्क और दो मंजिला कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स की जमीन पर बनाये गये। फ्लैट खरीदारों ने इसके खिलाफ पहली बार मार्च 2010 में आवाज उठायी और लड़ाई इलाहाबाद हाईकोर्ट से सुप्रीम कोर्ट तक पहुंची। दोनों ही अदालतों से टावर को गिराने का आदेश दिया गया। सुपरटेक ने लगभग 15 ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

ट्विन टावरों के बनने से लेकर गिरने तक की कहानी

- ▸▸ 2004 : सुपरटेक को शहर के सेक्टर 93ए में नोएडा प्राधिकरण द्वारा एक समूह आवास परियोजना के विकास के लिए भूमि आवंटित की गयी जिसके बाद एमराल्ड कोर्ट सोसायटी पर काम शुरू हुआ।
- ▸▸ 2005 : एमराल्ड कोर्ट के लिए आवास योजना को नोएडा प्राधिकरण द्वारा 10 मंजिल के 14 आवासीय टावर बनाने की अनुमति दी गयी।
- ▸▸ 2006 : सुपरटेक ने परियोजना के लिए और जमीन की मांग की।
- ▸▸ 2009 : डेवलपर ने एक बार फिर से भवन योजना को संशोधित किया। 24 मंजिलों के साथ दो और टावरों- एपेक्स और सेयेन को जोड़ता है और तुरंत निर्माण शुरू हुआ। कुछ रिहायशियों ने भवन मानदंडों के उल्लंघन का हवाला देते हुए इसका विरोध किया। उस समय एमराल्ड कोर्ट में लगभग 40-50 निवासी रह रहे थे।
- ▸▸ 2012 : एपेक्स और सेयेन में मंजिलों की संख्या बढ़ाकर 40 करने के लिए डेवलपर ने आवास योजना को संशोधित किया, क्योंकि निर्माण पूरे जोरों पर था।
- ▸▸ दिसंबर 2012 : एमराल्ड कोर्ट रेजिडेंट्स एसोसिएशन ने इलाहाबाद हाईकोर्ट का रुख किया।
- ▸▸ 2014 : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ट्विन टावरों को गिराने का आदेश दिया। डेवलपर के साथ मिलीभगत के लिए नोएडा प्राधिकरण की खिंचाई की और निर्माण कार्य पर रोक लगा दी।
- ▸▸ मई 2014 : सुपरटेक ने राहत की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया और कहा कि सभी स्वीकृतियां ली गयी हैं।
- ▸▸ 31 अगस्त, 2021 : सुप्रीम कोर्ट ने स्थानीय अधिकारियों की मिलीभगत से इमारत के नियमों के उल्लंघन को देखते हुए तीन महीने के भीतर बिल्डिंग को गिराने का आदेश दिया।
- ▸▸ फरवरी 2022 : नोएडा प्राधिकरण ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि बिल्डिंग 22 मई को गिरायी जायेगी।
- ▸▸ 17 मई, 2022: सुप्रीम कोर्ट ने गिराने की समय सीमा 28 अगस्त तक बढ़ा दिया।

अंकिता की मौत पर भड़के भाजपाई सरकार पर तुष्टीकरण का आरोप

नवीन मेल संवाददाता

रांची। दुमका की नाबलिग अंकित सिंह की मौत के बाद राज्य सरकार पर भाजपा ने तुष्टीकरण का आरोप लगाया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि इस सरकार में बहन-बेटियां असुरक्षित हैं। पिछले 32 महीनो में राज्य में पांच हजार से अधिक बलात्कार की घटनाएं हो चुकी है। उन्होंने पिछले 23 अगस्त को दुमका में शाहरुख हुसैन द्वारा नाबालिग अंकिता सिंह की पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने की घटना को राज्य को भयभीत और कलंकित करनेवाला बताया। उन्होंने अंकिता सिंह की दर्दनाक मौत पर गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि इस जघन्य अपराध में गिरफ्तार शाहरुख को फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से राज्य सरकार फांसी की सजा दिलाये। साथ ही पीड़ित परिवार को मुआवजा व सरकारी नौकरी उपलब्ध कराने की मांग की।

- ▸▸ नाबालिग अंकिता के हत्यारे शाहरुख को फांसी की सजा दिलाये हेमंत सरकार : दीपक प्रकाश

बाबूलाल मरांडी ने कहा– नहीं मिला बेहतर इलाज

पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि शाहरुख की सनक की शिकार हुई अंकिता की जान बचायी जा सकती थी, अगर उसे भी बेहतर इलाज मिल पाता। एक ओर रांची में हिंसा में घायल उपद्रवी को राज्य सरकार एयर एम्बुलेंस से सरकारी खर्च पर दिल्ली भेज मेदांता में इलाज करवाती है, वहीं अंकिता को रांची भेजने तक की व्यवस्था नहीं कर पाती। अब इससे ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

न्यूज गैलरी

17 सितंबर को पीएम का जन्म दिन बच्चों के साथ धूमधाम से मनाई जाएगी

रांची। रविवार को भारतीय जनता पार्टी पंडरा मंडल के तत्वावधान में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात रांची लोकसभा के लोकप्रिय सांसद संजय सेठ के गरिमामय उपस्थिति में सुबेश पांडे के अध्यक्षता में सांसद के आवासीय परिसर में सुनी गई। मौके पर आगामी 17 सितंबर 2022 को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिन सांसद के आवासीय परिसर के निकट बाल गोपाल,नन्हे-मुन्ने (01 वर्ष से 10 वर्ष के बीच) बच्चों के बीच भोजन एवं खिलौना भेंटकर धूमधाम से मनाने पर चर्चा हुई। इस अवसर पर भाजपा नेता प्रोफेसर ए.के.लाल, रवि सिंह, शिव किशोर शर्मा सहित पंडरा मंडल के सतीश सिंह, मिथिलेश केसरी, सुधीर सिंह, सचिन साहू, अशोक यादव, बिंदा प्रसाद, राजकुमार साहू, दिलीप प्रसाद,सतीश पांडे, अंबालिका तिवारी, रवि मेहता, माला कुमारी, अभय कुमार सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

चान्हो पुलिस ने यौन शोषण के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर भेजा जेल

चान्हो। चान्हो पुलिस ने चौड़ा गांव निवासी संजय उरांव नामक व्यक्ति को लड़की के साथ शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि आरोपी के खिलाफ गांव के ही एक युवती ने पांच वर्ष से शादी का झांसा देकर यौन शोषण का आरोप लगाया है साथ ही युवती के गर्भवती हो जाने के बाद उसके इच्छा के बगैर उसका गर्भपात भी कराया था जब संजय की नौकरी हो गई तो शादी से उसने इंकार कर दिया जिसके बाद युवती ने थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की थी जिसके आधार पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

रातू के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बना जुआ का अड्डा

रातू। थाना क्षेत्र के पुरियों पंचायत के परहेपाट राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय जुआरियो का अड्डा बन गया है। विद्यालय परिसर में रोजाना जुए में लाखों का दावं लगाया जाता है। मंदिर को जुए का अड्डा बनाने वाले लोगों पर रातू थाने की नजर नही पड़ी है। जबकि जुआ खेलने की शिकायत कई बार पुलिस से की जा चुकी है। दबंगों की सरपरस्ती में रोजाना रात तक जुए का महफिल सजता है । बताया जा रहा है कि स्कूल की छुट्टी होने के बाद जब अध्यापक ताला बंद कर चले जाते हैं। तब दबंगों और जुआरियों की भीड़ इकट्ठा होती है। जुआ खेलने के दौरान गाली गलौज व नशा पान आम बात है। कुछ लोग जुआ खेल के लिए फाइनेंस भी करते है। स्कूल के चारो और गंदगी का अंबार है। विभिन्न कंपनियों का गुटखा का पाउच चारो और फैला हुआ है। स्कूल प्रबंधक भी इस पर मौन धारण किये हुए है। स्कूल के बच्चो पर इसका बुरा असर पड़ने की संभावना है।

प्रदेश के दलित व शोषित वर्ग की महिलाओं व अल्पसंख्यकों पर ज्यादती बर्दाश्त नहीं की जपायेगी : पासवान

नवीन मेल संवाददाता

रांची। रविवार को लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद जमुई लोक सभा बिहार चिराग पासवान का पासवान महासम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि आगमन हुआ, साथ में झारखंड प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान के साथ-साथ हजारों लोग सभा में उपस्थित थे, जिसमें पासवान समाज के गंभीर समस्याओं एवं समाज के उत्थान के लिए गंभीर चचाएँ हुई। साथ ही समाज को संगठित कर एवं एकजुट होकर कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। इस महासम्मेलन में चिराग पासवान ने अन्य वर्गों के भी शोषित पीड़ित दलित एवं उच्च जाति के शोषित पीड़ित लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने की भी बात कही साथ-साथ दलित समाज एवं पिछड़े वर्ग के भी शोषित

पीड़ित दलित समाज एवं पिछड़े वर्ग के समाज के गंभीर समस्याओं पर भी सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि किसी भी कीमत पर प्रदेश के दलित शोषित पीड़ित पिछड़ा वर्ग महिलाओं एवं अल्पसंख्यकों पर ज्यादती बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चिराग पासवान ने यह कहा कि झारखंड प्रदेश में सुखाड़ की स्थिति भयावह है किसानों को शीघ्र मदद की जाए एवं किसानों को खाद में सब्सिडी देने एवं फ्री बिजली देने तथा सरकारी नौकरी में समाज के साथ-साथ आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों के लिए भागीदारी सुनिश्चित किया जाए चिराग पासवान का स्वागत के लिए चौपारण इटखोरी चतरा हजारीबाग रामगढ़ रांची में काफी जोश एवं उत्साह उत्साह के साथ हजारों की संख्या में लोग थे जिसमें मुख्य रुप से वीरेंद्र प्रधान प्रदेश अध्यक्ष बिलाल खान प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ प्रमोद सिंह, प्रदेश अध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ कृष्ण देव कुमार, प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक राय, प्रदेश अध्यक्ष आईटी सेल आसाराम, प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ राजेश रंजन वर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष कार्यालय प्रभारी शिवजी कुमार, उपाध्यक्ष सह प्रभारी रांची जिला उमेश तिवारी, प्रदेश प्रवक्ता उत्तर प्रदेश सचिव संजीत कुमार द्विवेदी, सचिव कार्यालय सहायक प्रभारी लाल बहादुर राम समेत सैकड़ों लोजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

तीन सितंबर से दो दिवसीय राज्य स्तरीय पारा बैडमिंटन चैंपियनशिप में पुरुष व महिला खिलाड़ी लेंगे भाग

नवीन मेल संवाददाता

रांची। पेरालिंपिक कमेटी ऑफ झारखंड के तत्वधान में दो दिवसीय राज्य स्तरीय पारा बैडमिंटन चैंपियनशिप 2022 का आयोजन 3-4 सितंबर को ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इनडोर बैडमिंटन स्टेडियम खेल गांव में किया गया है। झारखंड राज्य को-ऑर्डिनेटर कमल कुमार अग्रवाल ने बताया है। कि दो दिवसीय राज्य स्तरीय पारा बैडमिंटन चैंपियनशिप मे झारखंड के सभी जिलों के पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों के प्रतिभागी भाग लेंगे,अब तक 50 से भी अधिक खिलाड़ियों का आवेदन आ चुका हैं।तथा 2 सितंबर तक अतुल चंदन मो. नंबर- 870 9777757 तथा कमल अग्रवाल मो.नं. 9308478465 से संपर्क कर आवेदन दे सकते हैं। एवं सभी खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन उनके आगमन पर स्टेडियम में ही किया जाएगा रजिस्ट्रेशन फॉर्म स्टेडियम में मिलेगा। खिलाड़ियों को सुबह 10:00 बजे तक स्टेडियम पहुंच जाना अनिवार्य है। खिलाड़ियों का ठहरने एवं भोजन की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। पेरालिंपिक कमिटी ऑफ झारखंड के स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर संजय सर्राफ ने बताया है कि राज्य स्तरीय पारा बैडमिंटन चैंपियनशिप को सफल बनाने हेतु तैयारियां जोर- शोर से चल रही है। जिसमें खेल निर्देशक सुगंध नारायण, कमल कुमार अग्रवाल, संजय सर्राफ, अतुल चंदन, निर्मल कृष्ण डे, संदीप रंजन, मोहम्मद वसीम, अविनाश तिवारी, रथीन भद्रा, दुर्गादत्त, संजुक्ता एक्का, प्रतिभा तिर्की संजना कुमारी का महत्वपूर्ण योगदान मिल रहा है।

तीज पर्व को लेकर सुहागिनों ने उठाया जावा

सिल्ली। तीज व्रत को लेकर मुरी सिल्ली में काफी चहल पहल देखी गई विशेषकर महिलाएं बाजार एवं कास्मेटिक्स की दुकानों से जरूरत की समान खरीदारी करती नजर आयी। इधर पति की सलामती एवं दीघार्यु होने की कामना लेकर बड़ा मुरी की सुहागिनों ने गंगा मैया में जब तक ये पानी रहे मेरे सजना तेरी जिंदगानी रहे जैसे गीत गाते हुए और उरांग गढा नदी से जावा उठाया जिसे जाने के क्रम में पांच स्थानों पर पीढे में रखकर चुमाया और अंत में अपने घरों के तुलसी मंच के समीप रखकर विधिवत पूजा अर्चना किया और मंगल गीत गाये। इस संबंध में वति सुहागिनों ने बताया कि तीन दिनों का जावा उठाया है और तीनों दिन सुबह शाम

दीया बत्ती कर जावा को जगायेगे। अंत में मंगलवार को निर्जला व्रत रखकर संध्या को पूजनोपरांत जवा के सामने माथा टेक कर पति की खुशहाली एवं दीघार्यु होने का आशीर्वाद मांगेंगे तत्पश्चात अपने जीवनसाथी को प्रसाद एवं मीठा खिलाने के पश्चात अपना व्रत तोडेंगे।

सांसद ने ग्रामीणों के साथ सुनी प्रधानमंत्री की मन की बात

बेड़ो। सांसद सुदर्शन भगत ने रविवार को ग्रामीणों के साथ प्रखंड के नेहालु रोगाडीह पतरा टोली गांव के बूथ नं 305 में अखरा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी। कार्यक्रम के लाइव प्रसारण की व्यवस्था जिला सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत ने की थी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान,युवा व महिलाएं मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने किसानों को मोटा अनाज देश की कृषि और संस्कृति के प्रति जागरूक किया। साथ ही अमृत महोत्सव के साथ-साथ बीते दिन आयोजित किए गए तिरंगे अभियान की भी चर्चा की। इसके अलावा पीएम मोदी ने कुपोषण के खिलाफ अभियान के बारे में बात की। इसके बाद उन्होंने किसानों से मोटे अनाजों को उपजाने की अपील की।

प्रेम प्रकाश के तार बिहार के नेताओं से भी जुड़े सुशील मोदी ने मीडिया को दिये बयान में बताया

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड में सत्ता के गलियारों में चर्चित रहे लाइजनर प्रेम प्रकाश को लेकर लगातार नये खुलासे हो रहे। प्रेम प्रकाश को लेकर झारखंड में चर्चाएं गरम हैं, वहीं बिहार में वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील कुमार मोदी ने प्रेम प्रकाश के बारे में जानकारी देते हुए बिहार के नेताओं पर हमला बोला है। सुशील कुमार मोदी ने कहा है कि प्रेम प्रकाश जिसके घर से झारखंड में दो एके-47 बरामद किया गया, उसका संबंध भी सुरेंद्र यादव से है। सुरेंद्र यादव बिहार सरकार के नये कैबिनेट में मंत्री हैं। सुशील मोदी ने दावा किया है कि 2003 में प्रेम प्रकाश राजभवन बिहार स्टेट बैंक में पदाधिकारी था, उसने चारा घोटाला से जुड़े राजनेताओं की करोड़ों की राशि जो उसे अमानत के तौर पर रखने के लिए दी गयी थी, लेकर फरार हो गया। राजनीतिक दबाव में पटना पुलिस हवाई जहाज से प्रेम प्रकाश को गिरफ्तार करने बड़ौदा गयी। पुलिस उसके छोटे भाई अतुल प्रकाश को गिरफ्तार कर ला रही थी, इस दौरान गया में अतुल प्रकाश को ट्रेन से उतार कर पुलिस कस्टडी से अतुल का अपहरण कर सुरेंद्र यादव, राज्य मंत्री, एक्साइज ने चार दिनों तक घर में बंद रख यातनाएं दी। पुलिस ने किसी तरह सुरेंद्र यादव के घर से अतुल को बरामद किया। इस मामले में सुरेंद्र यादव को मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। लंबे समय तक सुरेंद्र यादव को जेल में रहना पड़ा था। इस घटना ने पूरे बिहार को हिला दिया था। अधिवक्ता राजीव कुमार की गिरफ्तारी के मामले में भी पीपी से पूछताछ की गयी है।

सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो घायल

ओरमांझी। एनएच 33 में सिंह होटल के समीप रामगढ़ से रांची की ओर कंक्रीट पंप लेकर जा रहा ट्रैक्टर के पलटने से एक मजदूर की मौत हो गयी जबकि दो मजदूर बुरी तरह से घायल हो गए हैं। मृतक का पहचान रामगढ़ जिला के सिकमी निवासी आनंद महतो के रूप में किया गया है। अन्य दो मजदूर का पहचान नहीं हो पाया हैं। घायल दोनों मजदूरों को इलाज के लिए और मृतक आनंद महतो को पोस्टमार्टम के लिए पुलिस ने रिम्स भेज दिया है। जानकारी के अनुसार रामगढ़ से मजदूर व कंक्रीट पंप लेकर जा रही ट्रैक्टर नंबर जेएच 10 एएक्स/16 73 ओरमांझी थाना क्षेत्र के एन एच 33 में नेहा ट्रैक्टर के समीप दूसरी ओर अचानक डिवाइडर में टकरा गया। जिससे ट्रैक्टर का इंजन बीच सड़क पर पलट गया। ट्रैक्टर का इंजन के पलटने से ट्रैक्टर में सवार मजदूर सिकमी निवासी आनंद महतो ट्रैक्टर के इंजन में दब गया जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। इसके अलावे दो अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। घायलों को बेहतर इलाज के लिए ओरमांझी पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से रिम्स भेज दिया है, जबकि मृतक आनंद महतो को भी पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है।

नशा कारोबारियों पर शिकंजा, स्पेशल टॉस्क फोर्स के गठन की तैयारी

नवीन मेल संवाददाता

रांची। रांची में नशा का कारोबारी करने वालों पर पुलिस शिकंजा कसने की तैयारी कर रही है। रांची पुलिस की ओर से स्पेशल टॉस्क फोर्स का गठन किया जाएगा। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। यह फोर्स मुख्य रूप से नशे का अवैध कारोबार करने वालों पर नजर रखेगी। रांची पुलिस की ओर से इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसमें डीएसपी और इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारियों को शामिल किया जाएगा। इसको लेकर एसएसपी किशोर कौशल ने अधिकारियों के साथ बैठक भी की है। ऐसे शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में ब्राउन शुगर के सप्लायरों की सूची तैयार करने में पुलिस जुट गई है। गली-मुहल्ले और स्कूल कॉलेज के आस-पास भी नशीले सामान की बिक्री करनेवालों की भी अलग सूची भी तैयार की जा रही है। इनपुट और अनुसंधान में हुए खुलासे के आधार पर पुलिस अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने का रोड मैप तैयार कर रही है। रांची पुलिस

पहली बार उन अपराधियों से पूछताछ कर एक डाटा तैयार कर रही है, जिन्होंने ड्रग्स या फिर नशीली दवाइयां खाकर वारदात को अंजाम दिया। जानकारी इक्ट्ठा करने के बाद स्पेशल टॉस्क फोर्स नशे का अवैध धंधा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। हाल की घटनाएं और गिरफ्तार हुए अपराधियों से पुलिस को स्कूल कॉलेज के आस-पास ब्राउन सुगर की सप्लाई होने की जानकारी मिली है। कारोबारी विद्यार्थियों को नशे का आदी बनाकर धंधा चला रहे हैं। रांची पुलिस के अनुसार शहर के अलग-अलग इलाकों में एक सौ लोग इस अवैध धंधे में शामिल हैं।

इन इलाकों में चलता : कोतवाली, चुटिया, लोअर बाजार, हिंदपीढ़ी, सुखदेवनगर और डोरंडा थाना क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर ब्राउन शुगर का अवैध धंधा चल रहा है। यहां से शहर के अलग-अलग इलाकों में भी ब्राउन शुगर सप्लाई की जा रही है। पुलिस को यह जानकारी मिली है कि ब्राउन शुगर जैसे खतरनाक नशीले पदार्थ का सेवन 15 से 21 साल के युवा कर रहे हैं।

नशे के कारण बढ़ रहे अपराध : रांची में नशे के कारण अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। मारपीट, छिनतई, चोरी व हत्या जैसी वारदातें अपराधी नशे की हालत में ही अंजाम देते हैं। इन आपराधिक घटनाओं में ज्यादातर युवा शामिल हैं। किशोर कौशल, एसएसपी, रांची ने कहा कि नशे के सौदागरों पर नकेस करने के लिए टॉस्क फोर्स का गठन किया जा रहा है। नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ पुलिस अभियान चलाएगी। कारोबारियों को जेल भेजा जाएगा। इसकी तैयारी चल रही है। जल्द टॉस्क फोर्स काम शुरू करेगी।

वैष्णवी पूजा समिति छोटा मुरी के नई कमेटी का हुआ गठन

मुरी। वैष्णवी पूजा समिति छोटा मुरी की दुर्गा पूजा को लेकर एक बैठक दुर्गा मंदिर प्रांगण में किया गया। बैठक में पूजा को शांतिपूर्ण बनाने को लेकर नए कमिटी का गठन किया गया। जिसमें मुख्य संरक्षक सुदेश कुमार महतो संरक्षक वीरेंद्र पासवान, एसके सिंह, सुबोध पासवान, एस आर गुप्ता, संयोजक शंकर साहू, विष्णु गिरी, प्रणस पाल, अध्यक्ष तुलसी महतो, उपाध्यक्ष इंद्रसेन सिंह, कंचन पांडेय, एके ठाकुर, किस्टो ताती, भागीरथ महतो, सचिव अशोक सिंह, उपसचिव पुरुषोत्तम पांडेय, भक्ति महतो, जितेश कुमार, प्रमोद प्रसाद, संदीप साहू, व्यवस्थापक मंत्री जीतू राम साहू, अनूप भगत, मानिक स्वागत समिति रामनरेश सिंह, दिनेश प्रसाद साहू, अनिल कुमार यादव, कृष्ण मोहन सिंह, पंडित जटाशंकर राय, कोषाध्यक्ष मदन साव, जीआरपी, आरपीएफ और योगेंद्र प्रसाद आदि सदस्य चुने गए।

बरगांवा में स्वामी विवेकानंद क्रिडा मैदान किया उद्घाटन

नामकुम। बरगांवा जैक मैदान को रविवार को स्वामी विवेकानंद क्रिडा मैदान नामकरण करते हुए भाजपा महिला मोर्चा राष्ट्रीय मंत्री आरती सिंह, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, भाजपा खिजरी मण्डल अध्यक्ष अशोक मुण्डा, बरगांवा मुखिया अनिता तिर्की, ग्राम प्रधान विनोद एक्का समुहिक स्वामी विवेकानंद जी प्रतिमा का आनावरण किया गया। इस मौके पर आरती सिंह, ग्राम प्रधान विनोद एक्का व अनिता तिर्की ने कहा कि इस मैदान का उपयोग पिछले 30 वर्षों से आस-पास के ग्रामीण युवाओं करते आ रहें हैं। अगर मैदान का सुंदरीकरण करने युवाओं को इसका लाभ मिल सकेगा, इसके लिए जल्द ही सांसद या अन्य निधि से इस विकास जाएगा। इस मौके पर भाजपा के वरीय नेता बिकु सिंह, समाजसेवी प्रभाष झा, अखिलेश यादव, रामधार सिंह, गुडडू तिवारी, जय सिंह, टिलू गोप, सोनू, मोहन ठाकुर, टटन, विक्की, पियूष सिंह, संतोष, सुनीता देवी, छोटू सिंह, अरूण गोपाल, शंकर पाण्डेय, बिमल सिन्हा, तिरूभुवन सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

मांडर के संत अन्ना स्कूल सभागार में विधिक-सेवा-सह-सशक्तिकरण शिविर सम्पन्न

लाभूकों के बीच परिसम्पत्ति वितरित

नवीन मेल संवाददाता

मांडर। झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची द्वारा कानूनी सेवा-सह-सशक्तिकरण शिविर का आयोजन संत अन्ना स्कूल सभागार में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रमें में अपर न्यायायुक्त, मनोज चंद्र झा, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, मिथलेश कुमार सिंह, डालसा सचिव, राकेश रंजन, निबंधक, अशोक कुमार, बी.डी.ओ. सुलेमान मुण्डारी, सी.ओ. विजय हेमराज खलखो, माण्डर प्रमुख फिलिप सहाय एक्का, उपप्रमुख अमानत अंसारी, थाना प्रभारी, विनय कुमार यादव, पीएलवी सुमन ठाकुर, आफताब

अंसारी, विक्की चौधरी, सिकन्दर मुण्डा एवं अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपर न्यायायुक्त, मनोज चंद्र झा ने उपस्थित लोगों को डायन प्रथा के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यह अंधविश्वास हैं। आये दिन अखबारों में डायन बता कर लोगों की हत्या कर दी जाती है, जो गलत है। उन्होंने ने कहा कि लोगों को प्रखंड स्तर एवं अंचल स्तर पर मिलने वाली जानकारी से अवगत होना चाहिए, ताकि वह लाभ ले सके। बी.डी.ओ. सुलेमान मुंडारी ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के कार्य को सराहा और मिलने वाले सुविधाओं की जानकारी दी। सी.ओ. विजय हेमराज खलखो ने अंचल स्तर पर मिलने वाले लाभों के बारे में लोगों को विस्तार से बताया। मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी मिथलेश कुमार सिंह ने आयोजित स्थल का मुआयना किया, लगाये गये विभिन्न विभागों के स्टॉलों को देखा एवं लाभान्वित हुए लाभुकों के समस्याओं से रू-ब-रू हुए।डालसा सचिव सचिव राकेश रंजन ने विधिक-सेवा-सह-सशक्तिकरण के सार एवं निहतार्थ के बारे में बताया उन्होंने कहा कि न कोई शोषक हो, न कोई शोषित हो, न कोई वंचक हो और न ही कोई वंचित हो। कानूनी जानकारी देश के अंतिम नागरिक तक पहुंचे एवं शोषित तथा पीड़ितों को न्याय मिले। आगे उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सरकार की ओर से चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ संबंधित व्यक्ति व जनमानस तक पहुंचे।

कांग्रेस भवन में पीएन सिंह को पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि

रांची। झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष स्व0 पी.एन. सिंह की 9वीं पुण्यतिथि आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, कांग्रेस भवन, रॉची में मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। श्रद्धासुमन के उपरांत एक सभा का आयोजन कर प्रदेश कांग्रेसजनों द्वारा स्व. पी.एन. सिंह जी का व्यक्तित्व व कृतित्व के बारे में विस्तार पूर्व चर्चा की गयी। इस अवसर पर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय जी विधायक अनूप सिंह, दीपिका पांडेय सिंह उपस्थित हुए। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने स्व. सिंह को सच्चा कांग्रेसी बताते हुए कहा कि एक-एक कार्यकर्ता एवं उनके परिजनों से उनका व्यक्तिगत लगाव था।

हेसापीढ़ी में अवैध शराब भट्ठी को पुलिस ने किया नष्ट

दो बाईक के साथ एक युवुक गिरफ्तार, यूरिया खाद मिलाकर बन रही थी महुआ शराब

नवीन मेल संवाददाता

नामकुम। नामकुम थाना क्षेत्र के हेसापीढ़ी गांव स्थित नदी किनारे अवैध रूप यूरिया खाद से मिलावट कर महुआ शराब भद्धी को नष्ट किया। नामकुम पुलिस को गुप्त सूचना पर रविवार की सुबह 3 बजे थाना इंस्पेक्टर प्रभारी सुनील तिवारी के नेतृत्व में शराब भद्धी को नष्ट किया है। पुलिस को अवैध भद्धी पर मौजूद बडे.पैमान पर अवैध महुआ जावा के 600 लीटर नष्ट करने साथ ही 4 ब्लाडर में 25 लीटर अैवध महुआ शराब व 40 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ-साथ भारी मात्रा शराब में उपयोग किये जाने वाले समान को भी बरामद किया है। इसके साथ दो मोटरसाईकिल के साथ ही एक युवक गिरफ्तार किया गया है। थानेदार सुनील कुमार

तिवारी ने बताया कि उन्हे गुप्त सूचना मिली थी कि सुबह साढ़े तीन बजे शराब कारोबारी हेसापीढ़ी गांव में बनायी जा रही। अवैध शराब को ब्लाडर में भरकर पांच बाईक से बेचने ले जाएंगे। जिसके बाद पुलिस ने हेसापीढी गांव के कलेशर टोंगरी के समीप वाहन जांच शुरू कर दिया। इस दौरान दो बाईक सवार वहां पहुंचे, जिनमें से होंडा साईन बाईक संख्या जेएच01टीईसी पर सवार युवक पुलिस को देखते ही बाईक और शराब से भरी ब्लाडर छोड़कर भाग निकला, साथ ही हीरो एक्स्ट्रीम बाईक संख्या जेएच81 बीएक्स 0970 पर सवार युवक को पुलिस ने ब्लाडर में भरी महुआ शराब के साथ पकड़ लिया। पकड़े गए युवक ने अपना नाम शंकर महतो बताया। पकड़े गए युवक को पुलिस ने मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है। छापेमारी दल में सब इंस्पेक्टर अनिमेश शांतिकारी, राजीव कुमार, रणजीत कुमार, एएसआई वाई पी सिंह सहित अन्य लोग शामिल थे।

न्यूज गैलरी

फैम की बैठक सम्पन्न, दस हजार नये सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित

रांची। रविवार को फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल (फैम), झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम गाड़िया के अध्यक्षता में प्रेस क्लब, रांची में बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश महासचिव दीपेश कुमार निराला द्वारा संगठन के उद्देश्यों से उपस्थित सदस्यों को राज्य में व्यवसायियों के साथ हो रहे परेशानियों एवं संस्था के कार्यों से अवगत कराते हुए आगामी कार्यों की रूपरेखा तय की गई और नव-मनोनीत एवं पूर्व में जुड़े सदस्यों को आई-कार्ड और सर्टिफिकेट दिया गया। अवसर पर सदस्यों ने पूर्व निर्धारित एजेंडा पर चर्चा की। पूर्व में गठित सभी कमिटियों को भंग कर दिया गया और सितम्बर, 2022 से नए रूपरेखा के तहत कार्य करने की बात की गई। आने वाले समय में संगठन मजबूती के साथ सरकार के पास व्यपारियों के समस्याओं को रखेगा। प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम कुमार गाड़िया ने भविष्य में फैम से 10 हजार नए सदस्यों को जोड़ने का लक्ष्य प्राप्ति की बात कही और प्रदेश महासचिव दीपेश निराला ने संस्था के दो वर्षों के सभी कार्यों से उपस्थित सभी सदस्यों को अवगत कराया और फैम, झारखंड के ऑडिट एवं एनुअल रिपोर्ट निर्माण कराया जाय और इसके लिए एक कमेटी का निर्माण हो एवं बोकारो के मनोज कुमार गोयल ने कहा कि जल्द संस्था का विस्तार झारखंड के अन्य जिलों में भी किया जाय। इस अवसर पर, संस्था के अध्यक्ष प्रीतम कुमार गाड़िया, महासचिव दीपेश कुमार निराला, बिनोद जैन बेगवानी, रमेश कुमार साहू, राजीव कुमार वर्मा, मनोज कुमार गोयल, पूनम प्रजापति, अमृतेश पाठक, शाहिद आलम, छेता रवानी, सत्येंद्र कुमार, सीए अर्पित रुंगटा नीरज कुमार ग्रोवर, अनुराग कुमार, अनिल कुमार सिन्हा, अंकेश शुक्ला, ब्रह्मदेव पाण्डेय, रमन शर्मा, कृष्ण दुबे, पवन कुमार, संजय कुमार सिंघी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सत्येंद्र प्रसाद सिंह एवं पूनम प्रजापति ने किया।

सरना धर्मगुरु जयपाल उरांव हत्याकांड में जांच की मांग

रांची। राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के राष्ट्रीय सरना धर्मगुरु जयपाल उरांव की हत्या के विरोध में रविवार को शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया गया। इसके तहत रांची विश्वविद्यालय से अलबर्ट एक्का चौक तक कैंडल मार्च निकाला गया। लोगों हत्याकांड की जांच कराने और आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की। मौके पर केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की, प्रकाश हंस, मानू तिग्गा, संतोष तिर्की, रुपचंद केवट के अलावा सुभानी तिग्गा, सुलोचना खलखो, सुचिता बाड़ा, राजकुमारी उरांव, चंद्रदेव बालमुचू, गैना कच्छप, अमित गाड़ी, अजय टोप्पो, कुंदरसी मुंडा के अलावा अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद, आदिवासी छात्र मोर्चा, क्षेत्रीय पड़हा समिति व जय आदिवासी केंद्रीय परिषद के प्रतिनिधि मौजूद थे।

पढ़ाई के लिए जरूरी सामग्री का वितरण

रांची। गुरुनानक सेवक जत्था की ओर से रविवार को अभावग्रस्त परिवार के बच्चों के बीच कॉपी, पेंसिल और अन्य सामग्री का वितरण किया गया। संगठन की ओर से नगड़ी के देवड़ी पंचायत में सेवा शिविर लगाकर बच्चों को पढ़ाई के लिए जरूरी सामान देकर सहयोग किया गया। श्रीगुरुनानक सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि गुरुनानक के सेवा संदेश से प्रेरित गुरु नानक सेवर जत्था द्वारा नियमित रूप से सेवा कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। चार सितम्बर को भी नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा। कार्यक्रम में सूरज झंडई, करण अरोड़ा, ऋषभ शर्मा, रोनित मुंजाल, छोटू सिंह, विशेष काठपाल, वंश डाबरा, जीत सिंह, आयुष गांधी, रौनक ग्रोवर, जयंत मुंजाल, सतविंदर सिंह, गीतांशु गांधी ने योगदान किया।

शौंडिक संघ ने पौधरोपण किया

रांची। झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ की ओर से रविवार को पंडरा के रवि स्टील, डिफेंस कॉलोनी के समीप शौंडिक धर्मशाला भवन परिसर में पौधरोपण किया गया। मौके पर संगठन के सदस्यों ने कई फलदार व छायादार पेड़ के पौधे लगाए। सेवा का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में अध्यक्ष दिनेश साहू, उदय शंकर प्रसाद, अरुण गुप्ता, कुमुद प्रसाद साहू, उमेश साहू, सुनील साहू, निशांत गुप्ता, वीरेंद्र साहू, दिलीप नाथ साहू, मुकेश साहू, रमण, उदय, प्रेम, रूपेश, राजेश, रमेश, डॉ अंशु मौजूद रहे।

15 सितंबर से आजसू का प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन, महाधिवेशन की भी हो रही तैयारी

गंभीर आरोपों से घिरी हेमंत सरकार : सुदेश

नवीन मेल संवाददाता

रांची। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि गंभीर आरोपों से घिरने के बाद सरकार अपनी नाकामियां छुपाने और जनता को भरमाने के लिए राजनीतिक प्रहसन में जुटी है। राज्य के मूल विषयों और जनमुद्दों पर सीधी बात और चुनावी वादे पूरे करने की बजाय सरकार अपना एजेंडा सेट करने की कोशिशों में जुटी है। राज्य के संसाधनों को व्यक्तिगत संपत्ति बनाने के लिए झारखंड की जनता ने जनादेश नहीं दिया था। झूठ और लूट की बुनियाद पर चल रही सरकार को यह नहीं भूलना चाहिए कि जनता सारे वादे का हिसाब करेगी जबकि एक जिम्मेदार विपक्षी पार्टी होने के नाते आजसू पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता जनगोलबंदी के साथ सरकार की कारगुजारियों और नाकामियों को उजागर करेंगे।

ऑफिस ऑफ प्रॉफिट में फंसे हैं : उन्होंने कहा कि सरकार के मुखिया ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले में फंसे हैं न्यायिक प्रक्रिया का सामना करने के बदले इस तरह का माहौल बनाया जा रहा, मानो लोग हकीकत नहीं जान रहे। 32 महीने तक दिशाविहीन - उन्होंने कहा कि राज्य की दिशा और दशा क्या है हर आम आदमी समझ रहा है। सरकार के पास न कोई विजन है और ना कोई रोड मैप। राज्य के अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग समस्याएं लगातार भयावह होती जा रही हैं। राज्य का बड़ा हिस्सा सुखाड़ का सामना कर रहा है। जातीय जनगणना को लेकर हम लगातार सरकार का ध्यान आकृष्ट करा रहे हैं लेकिन उसके लिए मुद्दे नहीं है। पिछड़ा आरक्षण, बेरोजगारों को प्रोत्साहन भत्ता, स्थानीय नीति, नियोजन नीति, नौकरी रोजगार जैसे सवाल हाशिए पर छोड़ दिये गए हैं। उन्होंने कार्यकताओं से अपने अपने क्षेत्र की समस्याओं को मजबूती से उठाने और जनता को गोलबंद करने का आह्वान किया। श्री महतो ने कहा कि जनता के बीच सरकार की वादाखिलाफी और हर मोर्चे पर विफलता ही हमारा प्रमुख मुद्दा होगा।

15 सितंबर से सम्मेलन : उन्होंने कहा कि 15 सितंबर से 15 नवंबर तक आजसू पार्टी का प्रमंडल स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन होगा। इन सम्मेलन में हम सांगठनिक मजबूती के सवालों के साथ सरकार की नौकामियों पर चर्चा करेंगे। साथ ही इसी साल पार्टी का प्रस्तावित महाधिवेशन भी होगा।इससे पहले पार्टी के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने हेमंत सरकार के कामकाज पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पिछड़ों को धोखा दे रही सरकार ने पंचायत चुनाव में ओबीसी से उनका हक अधिकार छीना है।

श्री श्याम मंडल रांची की आम सभा हुई संपन्न

श्री श्याम महोत्सव को सफल बनाने का लिया संकल्प

नवीन मेल संवाददाता

रांची। श्री श्याम मंडल रांची की आम सभा रविवार को अग्रसेन पर स्थित श्री श्याम मंदिर के सभागार में संपन्न हुई। सभा की अध्यक्षता मंडल के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश बाग लाने की। सभा में आगामी 1 सितंबर से 4 सितंबर तक आयोजित होने वाले 55वें वार्षिक श्री श्याम महोत्सव पर विस्तार से चर्चा हुई। मंत्री धीरज बंका ने सभा को बताया कि महोत्सव की लगभग सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है। विभिन्न उप समितियों के संयोजक ओने सभा के समक्ष कार्य प्रगति की जानकारी रखी । सभा में भारी उत्साह जनक वातावरण के बीच 55वें वार्षिक श्री श्याम महोत्सव को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। आज की आम सभा में मंडल के अध्यक्ष श्री चंद्र प्रकाश बागला मंत्री धीरज बंका, अजय साबू, विवेक ढांडनीयां, नितेश केजरीवाल, बाल किशन परसरामपुरिया, नितेश लखोटिया मनोज सिंघानिया, सुनील मोदी प्रमोद बगड़िया, अरुण धानुका रमेश सारस्वत, ओम जोशी उपस्थित हुए।

दुमका शिकारीपाड़ा के प्रदर्शनकारी मजूदरों पर से मुकदमा वापस हो : ऐक्टू

नवीन मेल संवाददाता

रांची। भुखमरी और पलायन से तंग आकर रोजगार के लिए सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन कर रहे शिकारीपाड़ा के आदिवासी मजूदरों पर दर्ज किए गए मुकदमें अविलांब वापस लिया जाय। आदिवासी समुदाय के शांति प्रिय मजदूरों पर मुकदमा उनके मनोबल तोड़ने का काम है। आंदोलन के दौरान वार्ता और ज्ञापन देने के बाद अचानक भीड़ को जबरन हटाने के कारण अव्यवस्था पैदा हुई है, इसके लिए पुलिस प्रशासन दोषी हैं ना कि प्रदर्शनकारी। आदिवासी समुदाय हमेशा अनुशासित रही हैं जबरन इनकी भावनाओं को आहत करने का काम किया जाएगा तो स्थिति विस्फोटक होगी। ऐक्टू मांग करती है दर्ज मामले की पुनर्समीक्षा कर मुकदमे की वापसी सुनिश्चित किया जाए। साथ ही आदिवासी क्षेत्र में कार्यरत गैर आदिवासी पुलिस अधिकारियों को स्थानांनतरित किया जाय। ज्ञात हो कि क्रेशर और पत्थर खदान बंद होने से विगत पांच

महीने से हजारों की संखया में मजदूर भूखमारी की चपेट में हैं। दो दिन पहले ऐक्टू से सम्बद्ध झारखंड निर्माण मजदूर यूनियन के बैनर तले हजारों की संखया में मजदूर प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान शिकारीपाड़ा रामपुर हाट एनएच-114 जो बंगाल बिहार झारखंड को जोड़ने वाला मुख्य पथ है सात घंटे तक जाम हो गया था। शिकारीपाड़ा के सरसडंगाल के क्रेशर क्षेत्र को कोल ब्लॉक कम्पनी को आवंटित करने के खिलाफ स्थानीय मजदूर आक्रोशित हैं। मजदूर काम दो या भत्ता दो की मांग कर रहे थे। झारखंड निर्माण यूनियन ने बिना शर्त मुकदमे वापस लेने की मांग की है।

ऑनलाइन हाजिरी नहीं बनाने वाले शिक्षकों पर होगी सख्ती

रांची। ऑनलाइन हाजिरी नहीं बनाने वाले शिक्षकों पर सख्ती की जाएगी। जिले के शिक्षा पदाधिकारियों को ऑनलाइन हाजिरी सुनिश्चित करने का निर्देश उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने दिया है। ऐसा नहीं करने वाले शिक्षकों को तत्काल शो कॉज करने का भी निर्देश दिया गया है। वहीं उपायुक्त के निर्देश के बाद शिक्षकों को शो कॉज दिया भी जा रहा है। उपायुक्त ने बीआरपी और सीआरपी को हर माह अनिवार्य रूप से स्कूलों का भ्रमण करने का निर्देश दिया है। सभी बीआरपी, सीआरपी को अधिकतम स्कूलों का भ्रमण कर रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। वहीं अभिभावकों से खतियान, वंशावली और आधार कार्ड लेकर सभी को प्रज्ञा केंद्र भेजने का निर्देश दिया है। शिक्षकों को आठ सितंबर तक दस्तावेज अभिभावकों से ले लेने का कहा गया है। इसके साथ ही शिक्षकों को सभी विद्यार्थियों के नाम से दस्तावेज का पैकेट तैयार कर प्रज्ञा केंद्र अपलोड करने के लिए भेजने का निर्देश दिया है।

शिष्य हरीन्द्रानन्द फाउंडेशन का दो दिवसीय कार्यशाला का समापन

जनमानस को शिव की ओर चलने का प्रयास करना चाहिए : वरेण्य गुरुभ्राता

नवीन मेल संवाददाता

रांची। शिव शिष्य हरीन्द्रानन्द फाउंडेशन के द्वारा भारतीय संस्कृति में भगवान शिव विषयक दो दिवसीय कार्यशाला का समापन हो गया। कालखंड के प्रथम शिव शिष्य और इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री हरीन्द्रानंद ने कहा कि शिव समस्त विसंगतियों में संगति हैं। समस्त जगत उनका शिष्य होने की पात्रता रखता है। शिव की ओर चलने से इतर कोई मार्ग नहीं है। वरेण्य गुरुभ्राता ने कहा कि जनमानस को शिव की ओर चलने का प्रयास करना चाहिए। वहीं फाउंडेशन की अध्यक्षा बरखा सिन्हा ने शिव के विभिन्न रूपों पर बात करते हुए कहा कि शिव का नटराज स्वरूप

एक ऐसा स्वरूप है जिसमें समस्त सृष्टि के निर्माण, स्थिति और संघार की स्थिति दर्शित होती है। शिव का स्वरूप समाज में स्थापित है। उनके सभी स्वरूपों में दक्षिणामूर्ति स्वरूप उनके गुरु रूप को दर्शाता है। पटना से आए डॉ अमित ने बताया कि साहब का कथन 'आओ चले शिव की ओर' एक भाव स्थिति है। यह आपके मन का शिव की ओर चलने की स्थिति है। कार्यक्रम में श्री गौतम सहित अनेक शिव शिष्यों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में लगभग 500 लोगों ने शिरकत की। कार्यक्रम के व्यवस्थापक शिवकुमार विश्वकर्मा और कई स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपार सहयोग दिया।

श्री श्याम मंडल व वन बंधु परिषद के सदस्यों ने गांव का किया दौरा

पौधरोपण कर ग्रामवासियों को पर्यावारण बचाने के लिए जागरूक किया गया

नवीन मेल संवाददाता

रांची। रविवार को श्री श्याम मंडल के 50 सदस्य परिवार सहित और वन बंधु परिषद रांची चैप्टर के सदस्य गण ओरमांझी संच के बारीदिही ग्राम गए। वहां उन्होंने ग्राम दर्शन किया। गांव पहुंचने के बाद वहां की माताओं व बच्चों से बातचीत की, परिषद की ओर से चलने वाला एकल विद्यालय का निरीक्षण किया और स्कूल प्रांगण में बच्चों और ग्राम वासियों की सभा बुलाई। एकल विद्यालय के बच्चों ने अभूतपूर्व संस्कार और विद्वता का परिचय देते हुए नगर वासियों के प्रत्येक सवाल का जवाब दिया। उन्होंने भारत माता और सरस्वती माता की वंदना में गीत गाए, देश भक्ति की कविताओं का वाचन किया और बताया कि किस प्रकार एकल विद्यालय के माध्यम से उन्हें खेल खेल में पढ़ाई के साथ साथ अनेक वैदिक मंत्रों, रामायण महाभारत की कहानी किस्सो, हनुमान चालीसा इत्यादि का पूरा ज्ञान हो गया है। ग्रामवासियों ने नगर वासियों का पारंपरिक स्वागत करते हुए तिलक लगाकर अभिनंदन कर फूलों के हार से स्वागत किया

और झूमर नृत्य करते हुए सजे हुए छात्रों ने नीचे गांव तक लेकर गए। नगर वासियों ने बच्चों की सराहना करते हुए अनेक प्रकार के खेलने पढ़ने और खाने-पीने की वस्तुएं उपहार में दी। कार्यक्रम के अंत में पर्यावरण की रक्षा हेतु एवं भोजन में पौष्टिकता को बढ़ावा देने हेतु उच्च गुणवत्ता के 25 फलदार के पौधों को खेत में श्री श्याम मण्डल द्वारा दिए गए लगा कर बच्चों को उनकी रक्षा करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में नगर वासियों की ओर से मुख्यत श्री श्याम मण्डल के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बागला, मंत्री धीरज बंका, आचार्य सुगन देवी एवं सावित्री देवी कार्यकर्ताओं ने ग्राम दर्शन की व्यवस्था को दुरुस्त किया।

45वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का हुआ वितरण

800 से अधिक श्रद्धालुओं ने अन्नपूर्णा भंडारे प्रसाद का किया ग्रहण

नवीन मेल संवाददाता

रांची। संत शिरोमणी श्री श्री 108 स्वामी सदानंद जी महाराज के द्वारा संचालित रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक एवं धार्मिक संस्था एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची शहर की जानी मानी समाजिक संस्था है। गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के प्रांगण मे श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया उनकी बहन उषा नारसरिया एवं उनके भतीजे श्याम नारसरिया एवं कृष्ण प्रणामी संस्था के ज्ञान शर्मा, संतोष देवी अग्रवाल, चंदा देवी अग्रवाल,

सुनीता अग्रवाल के द्वारा वहां के जरूरतमंद ग्रामीण मंदिर के आसपास के रहने वाले श्रद्धालुओं ने मंदिर के सामने के गुजरने वाले राहगीरों एवं बच्चों के बीच 45 वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया। आज संस्था के सदस्यों ने राज श्यामा (राधा-कृष्ण) भगवान अन्नपूर्णा माता एवं गुरू महाराज की फोटो पर चंदन-वंदन कर वहां उपस्थित महिला और पुरूष श्रद्धालुओं ने भजन संकीर्तन कर मंदिर में उपस्थित ब्राह्मणों को भोजन कराकर कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का वितरण शुरू किया। आज के भंडारे में संस्था ने पुड़ी, भेजिटेबल पुलाव, आलु परवल की सब्जी एवं खीर का वितरण किया। आज जैसे ही संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का विधिवत वितरण कार्यक्रम शुरू हुआ। वहां उपस्थित श्रद्धालुओं ने और संस्था के सदस्यों ने श्री प्राणनाथ प्यारे की जय। राज श्यामा जी की जय। गुरू जी महाराज की जय। के जय जयकारों से पूरा का पूरा मंदिर परिसर गुंजमान हो उठा। रविवार को लगभग 800 से ज्यादा श्रद्धालुओं राहगीरों एवं जरूरतमंदों ने श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारे के प्रसाद मे पुड़ी, भेजिटेबल पुलाव, आलु परवल की सब्जी, खीर एवं मिक्कर का वितरण कर सेवा की गई। प्रत्येक सप्ताह श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा प्रसाद भंडारे में समाज के लोग बढ़-चढ़कर अपनी भागेदारी निभा रहे हैं।

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर निकाली गयी साइकिल यात्रा

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मारवाड़ी युवा मंच रांची के तत्वावधान में 28 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य जागरुकता के तहत साइक्लोथॉन साइकिल यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक सौरभ माहेश्वरी, चेतन पोद्दार और अभिषेक जालान ने संक्षिप्त रूप से बताया की लगभग 11 किलोमीटर की यात्रा में विशेष रूप से बच्चे व महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंच के अध्यक्ष विकास अग्रवाल, सचिव विकाश अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष विशाल पाडिया, उपाध्यक्ष अमित शर्मा, अमित सेठी, कोषाध्यक्ष सिद्धांत तोदी एवं अन्य सदस्यों ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल यात्रा कांके रोड स्थित प्रेमसंस से शुरूआत की गयी, जो मछली घर,नागा बाबा खटाल, कचहरी होते हुए फिरायलाल से पुरुलिया रोड, डंगरा टोली,

लालपुर, जेल मोड़, मोराबादी से वापस प्रेमसंस आए। यात्रा के दौरान अलग -अलग स्टॉपपेज में स्नैक्स, जूस, फल का लुफ्त उठाया । प्रत्येक प्रतिभागियों के मन में एक अलग उत्साह दिख रहा था।

स्केवेंजर हंट प्रतियोगिता : साइकिल यात्रा के दौरान प्रतिभागियों के बीच एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का नाम स्केवेंजर हंट जिसमें प्रतिभागी छिपे हुए वस्तुओं की खोज करते हैं। यात्रा के बीच रूट में विभिन्न स्थानों पर छोड़े गए वस्तुओं की प्रारंभ इंडियन फ्लैग को दिए गए रूट पर छिपा कर रखा गया था, जिसे ढूंढ़ कर लाना था। यात्रा के दौरान प्रतिभागियों को एक रिक्त फॉर्म दिया गया था, रूट पर पहुंचने पर उस चेक पॉइंट का नाम, टाइम रिक्त स्थान पर लिखना था। तीसरा प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को दिए गए रूट में मंच के बैनर के साथ सेल्फी पॉइंट बनाया गया था, जिसमें बैनर को ढूंढ़कर सेल्फी

■ साइकिल यात्रा के दौरान प्रतिभागियों के बीच एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका परिणाम घोषित आज किया जायेगा।

लेना था। अंतिम पड़ाव में बिना पैर नीचे रखे साइकिल से आठ लिखना था। प्रतियोगिता विजेता की घोषणा सोमवार किया जाएगा। कार्यक्रम के फोटोग्राफी स्पोंसर लालपुर स्तिथ कैलाश फोटोग्राफी स्टूडियो के द्वारा दी गई। इसके आलवा कार्यक्रम के पार्टनर ब्राइटी, ब्लाका, कुल्हड़,दी केक शॉप और ग्लोबल हॉस्पिटल थे। मंच के अध्यक्ष ने सभी स्पोंसर को विशेष रूप से धन्यवाद दिया। मंच के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता अमित शर्मा ने बताया कि समस्त प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र दिया जाएगा। विजेता को स्मृति चिह्न देकर विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।

छह दिनों से हरिहर सिंह रोड मोरहाबादी में पानी की हो रही किल्लत

रांची। मोरहाबादी स्थित हरिहर सिंह रोड और दिव्यान इलाके में पिछले छह दिनों से जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। तीन से चार हजार की आबादी को पर्याप्त रूप से पानी भी नहीं मिल रहा है। जिसके कारण लोगों को काफी दिक्कत हो रही है। रविवार को भी इस इलाके में पर्याप्त रूप से जलापूर्ति नहीं हो पाई। अवकाश का दिन होने के कारण लोगों को बिन पानी काफी समस्या उठानी पड़ी। विशेषकर दैनिक कार्य प्रभावित हुए। लोगों ने स्थानीय पेयजल स्वच्छता विभाग के अधिकारी के पास भी शिकायत दर्ज कराई। परंतु मूल समस्या का कारण नहीं मिल पाया और न ही देर शाम तक समाधान हो पाया। गोंदा डिविजन के कार्यपालक अभियंता अजय सिंह ने बताया कि इन इलाकों को मोरहाबादी जलमिनार से पानी आती है।

श्री माहेश्वरी सभा रांची द्वारा आयोजित श्री कृष्ण छठी महोत्सव संपन्न

श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का किया गया वितरण

नवीन मेल संवाददाता

रांची। श्री माहेश्वरी सभा रांची द्वारा भगवान श्री कृष्ण का छठी महोत्सव बहुत ही उल्लास पूर्वक मनाया गया। श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में भजन कीर्तन एवं महाआरती के उपरांत 12:30 बजे से स्थानीय माहेश्वरी भवन में भक्तों के लिए प्रसाद का आयोजन था। सर्वप्रथम सभा अध्यक्ष शिव शंकर साबू एवं सचिव नरेंद्र लाखोटिया द्वारा आए हुए आचार्यों को बैठाकर प्रसाद खिलाया गया एवं आशीर्वाद लिए। मीडिया प्रभारी रश्मि मालपानी ने बताया कि यह आयोजन लगभग 50 वर्षों से प्रतिवर्ष किया जा रहा है और इस वर्ष लगभग 500 लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद ग्रहण करने के बाद श्रद्धालु काफी खुश देख रहे थे। इस अवसर पर माननीय

सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, पूर्व मंत्री रामजीलाल सारडा, पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, पूर्व चेंबर अध्यक्ष दीपक मारु, महिला अध्यक्ष विजयश्री साबू, युवा अध्यक्ष सौरभ साबू, संयोजक किशन साबू, अशोक साबू, मनोज कल्याणी, बसंत लाखोटिया, मनमोहन मोहता, श्याम बिहानी, पंकज साबू, गिरिजा शंकर पेड़ीवाल, गोवेर्धन भाला, पूर्व महिला अध्यक्ष उषा मंत्री,संगीता सोमानी, सुमन चितलांगिया, ममता डागा,शशि डागा,विनय मंत्री, आशीष भाला, बिपिन भाला, धीरेंद्र राठी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। प्रसाद वितरण की व्यवस्था माहेश्वरी युवा संगठन ने संभाल रखी थी।

न्यूज गैलरी

झामुमो कुरडेग इकाई ने खिंडा पंचायत कमेटी का किया गठन

कुरडेग । झामुमो कुरडेग प्रखण्ड अध्यक्ष जीशान फिरदौश खान के अध्यक्षता में प्रखण्ड के खिंडा पंचायत में बैठक कर पंचायत कमिटी का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से खिण्डा पंचायत अध्यक्ष मुकेश तिर्की, उपाध्यक्ष अरबिन्द भेंगरा, सचिव पौलूस टोप्पो, उप सचिव जोलजस मिंज, कोषाध्यक्ष माईकल तिग्गा, का चुनाव किया गया। वहीं कुरडेग प्रखंड कमीटी के द्वारा पंचायत अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यो को शुभ कामना देते हुए कहा कि पार्टी को मजबूत करते हुए राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने की बात कही गई। जिससे झाररवण्ड मुक्ति मोर्चा का जनाधार मजबूत होग और भविष्य में पार्टी मजबूत होकर प्रखंड एवं पंचायत में काम करेगी। मौके पर कुरडेग प्रखंड जीशान, फिरदौश खान, तारा प्रकाश तिर्की, नरेन्द्र साय, आशीत लकड़ा, अशोक कुमार दास एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

आनंद मार्ग सोनारी में 70 लोगों की आंखों की जांच एवं 100 पौधे वितरति

जमशेदपुर । संयुक्त राष्ट्र संघ से मान्यता प्राप्त आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल एवं पूर्णिमा नेत्रालय के सहयोग से सोनारी कबीर मंदिर के पास मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें 70 से भी ज्यादा लोगों के आंखों का जांच हुआ और उन लोगो के बीच लगभग 100 से भी ज्यादा फलदार पौधों का वितरण किया गया जिसमें कटहल, जामुन, आंवला, अमरूद ,काजू तथा अन्य तरह के पौधे भी 30 अगस्त को, 29 चयनित मोतियाबिंद रोगियों का पूर्णिमा नेत्रालय में ऑपरेशन निशुल्क कर लेंस लगाया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने आचार्य प्रियेदेवानंद अवधूत, सुधीर देव, रूपा देवी, विनय सिंह एवं सुनील आनंद का सहयोग रहा

श्री बंशीधर नगर में मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर का किया गया आयोजन

श्री बंशीधर नगर। प्रखण्ड के सभी मतदान केंद्रों पर रविवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित बीएलओ द्वारा मतदाताओं के आधार को मतदाता पहचान पत्र से लिंक किया गया। बीएलओ पर्यवेक्षकों द्वारा मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी बीएलओ मतदान केंद्र पर उपस्थित पाये गये।

सीढ़ी से गिरकर एक घायल

गढ़वा। मध्य थाना क्षेत्र के मोरवे गांव निवासी राधा राम का पुत्र मुन्नी राम सीढ़ी से गिरकर घायल हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि मुन्नी राम अंधेरे में रात्रि घर से निकाल कर बाहर जा रहा था। इसी दौरान सीढ़ी से टकरा गया इसी क्रम में गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजन द्वारा उसे सदर अस्पताल लाया गया।

पालहे गांव में 32 वर्षीय महिला ने जहर खाकर की आत्महत्या

चिनीयां। थाना क्षेत्र के पालहे गांव निवासी ओमप्रकाश कोरवा उर्फ जयराम कोरवा की पत्नी उम्र 32 वर्ष ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली है। घटना के संबंध में चिनीया प्रभारी थाना प्रभारी दयानंद कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया जहर खाकर आत्महत्या की घटना लग रहा है वैसे पुलिस हरेक पहलू की गहनता से जांच कर रही है उधर मौके पर पहुंचे चिनीया पुलिस सब इंस्पेक्टर गुप्तेश्वर सिंह अपने दल बल के साथ शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया है बताते चलें कि उक्त महिला के दो छोटे-छोटे बच्चे भी हैं। जिनका रो-रो कर बुरा हाल है। वही जहर खाने का कारण पारिवारिक विवाद को बताया जा रहा है वहीं इस महुवे अचानक आत्महत्या की घटना से गांव के लोग भी स्तब्ध हैं।

बेड़ो के बारीडीह रंगमंच में केंद्रीय पड़हा संचालन समिति की हुई बैठक

बेड़ो। बेड़ो के बारीडीह पड़हा भवन स्थित रंगमंच में रविवार को पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत केंद्रीय पड़हा संचालन समिति के अध्यक्ष बंधना उरांव की अध्यक्षता में बैठक की गई। जहां सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बारह पड़हा एवं इक्कीस पड़हा, सात पड़हा, आठ पड़हा, दस पड़हा, चौबीस पाड़हा व नौ पड़हा के पहान, दीवान, कोटवार, महतो आमंत्रित किया जाएगा एवं इस वर्ष भी प्रत्येक वर्ष की तरह करमा का त्योहार के बाद बारीडीह पड़हा जतरा मैदान में आगामी 13 सितंबर को वृहद पड़हा मिलन समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। इसकी तैयारी सोमवार से प्रारंभ किए जाने की बात कही गई। वहीं इसकी सफलता के लिए प्रत्येक गांव में पड़हा कमिटि गठन किये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से संचालन समिति के मुख्य संरक्षक नीलमणि भगत, केंद्रीय संचालन समिति के सचिव धनंजय कुमार रॉय, केंद्रीय पड़हा अध्यक्ष जुगेश उरांव, प्रो0 सोमरा उरांव, एतवा उरांव, राकेश भगत, पाड़हा राजा चरवा उरांव, दीवान बिरुवा उरांव, डहरु उरांव, पीटर तिर्की, घीनु उरांव, बंधना उरांव, गोपाल उरांव, लोहरा उरांव, सुका महतो, महादेव उरांव, रंजन टोप्पो, सुका उरांव, जितवाहन उरांव व सूरज उरांव के अलावे कई लोग मौजूद थे।

एकल अभियान के तहत प्रखंड स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन

पत्थलगडा(चतरा)। रविवार को पत्थलगड़ा प्रखंड मुख्यालय स्थित उमाकांत पाठक खेल मैदान मेंएकल अभियान के तहत अभ्युदय यूथ क्लब के द्वारा प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 50 मीटर तथा 100 मीटर की दौड़, कबड्डी, ऊंची कूद, लंबी कूद की स्पधाओं में पत्थलगड़ा संच के 30 विद्यालयों से 6 से 14 वर्ष के लगभग 100 बच्चों ने भाग लिया। वहीं विजेता खिलाड़ियों को संच अध्यक्ष अरविन्द ठाकुर, संच समिति विमल कुमार सिंह, एकल अभियान कार्यकर्ता भाग शिक्षा प्रमुख प्रेम राम, सचिव संजय दांगी के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। संच अध्यक्ष श्री ठाकुर ने बताया की इस प्रतियोगिता के विजयी खिलाड़ी आगामी आयोजित अंचल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संच प्रमुख रविंद्र नाथ ठाकुर, आचार्य योगेंद्र कुमार भोक्ता, रीना देवी, भारती देवी, पुष्पा देवी, संगीता देवी आदि ने अहम भूमिका निभाई।

डॉ एपीजे अब्दुल कलाम नॉकआउट अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

खेल के विकास के लिए प्रयासरत हूं : जोसिमा

नवीन मेल संवाददाता

ठेठईटांगर। प्रखण्ड मैदान में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम नॉकआउट अंतरराज्यीय फुटबॉल टूनामेंट का उद्घाटन रविवार को किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा की धर्मपत्नी सह पाकरटांड़ जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मौके पर प्रमुख बिपिन पंकज मिंज व बीडीओ पंकज कुमार, सीओ समीर कच्छप, थाना प्रभारी कुमार इंद्रेश भी उपस्थित थे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया। अपने सम्बोधन में जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि युवाओं को खेल के क्षेत्र में अधिक से अधिक मौका मिले, इसके लिए सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा और कोलेबिरा

विधायक नमन विक्सल कोंगाडी राज्य सरकार के साथ मिलकर प्रयासरत है। जिले के विकास में न सिर्फ हॉकी बल्कि फुटबॉल खेल भी रीढ़ की हड्डी बन सकता है। कहा कि राज्य में खेल के विकास के लिए ही महागठबंधन सरकार ने सहाय योजना की शुरूआत की है। इस योजना के तहत फुटबॉल, हॉकी, एथलेटिक्स और वॉलीबॉल को बढ़ावा मिल रहा है। जिले के सर्वांगीण विकास में यहां के खिलाडियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। हम सभी को गर्व है कि राज्य में बनी महागठबंधन की सरकार विभिन्न खेलों में हुनरमंद बच्चों को तलाशने का काम कर रही है प्रतियोगिता का उदघाटन मैच में एम ब्रदर्श ने प्रतापपुर ओड़िशा को 4-0 से हराया। मौके पर कांग्रेस नेता रणधीर रंजन, शीतल एक्का, निरोज बाड़ा, तिलका रमण, सोनल लकड़ा, लीला नाग, जुली लुगुन, बिपिन बाड़ा, राहुल टेटे, मंजू तिर्की, प्रतिभा कुजुर, मरीज बेक आदि मौजूद थे। जबकि प्रतियोगिता को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष मो कय्यूम सहित असजद अफरीदी, प्रिंस कुमार, मो हासिम, मो अशफाक, साजिद आलम, बिक्कू कजमार, मो कासिम, मो आकिब, मो आवेश, मो अकरम, मो राजा, सुजीत कुमार, मो खालिद, मनोज कुमार, मिथिलेश पांडेय, आभास दास, शुभम कुमार, सोनू, मो जुनैद, मो वाहिद, नीतीश कुमार, इरफान आलम, मो नौसाद, मो वसीम, मो हलिश आदि सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

पांचवी राज्यस्तरीय सीनियर महिला एवं पुरुष हॉकी प्रतियोगिता में हुए कई मैच

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 27 से 29 अगस्त तक सिमडेगा में हॉकी झारखंड, टाटा स्टील, जिला प्रशासन सिमडेगा और हॉकी सिमडेगा द्वारा आयोजित 5वी सीनियर झारखंड राज्य स्तरीय महिला एवं पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2022 के आज दूसरे दिन एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में कई मैच खेले गए। पुरुष वर्ग में सरायकेला ने लातेहार को, नवल टाटा हॉकी एकेडमी ने साहिबगंज को, रांची ने गुमला को पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं महिला वर्ग में एकलव्य हॉकी सेंटर ने पाकुड़ को साउथ ईस्टर्न रेलवे ने पलामू को, रांची से गुमला को और सिमडेगा ने खूंटी को पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आज हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस सह राष्ट्रीय खेल दिवस के दिन प्रातः बेला में सेमीफाइनल मैच तथा सेकंड हाफ में फाइनल बजे पुरुष वर्ग का फाइनल मैच 2.30बजे तथा महिला वर्ग का फाइनल मैच 4.00बजे खेला जाएगा। रविवार के मैच में हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह , जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रारंभ कराया। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में मुख्य रूप से हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह, रजनीश कुमार, मनोज कोनबेगी,चंद्यार्नी मजूमदार,, रणधीर कुमार ,हॉकी सिमडेगा के कमलेश मांझी, एलशन किड़ो, वेदप्रकाश, बलवीर कुमार, विजय तिर्की इत्यादि । तकनीकी पदाधिकारी के रूप में , आश्रिता लाकड़ा, माइकल लाल, पैंक्रासियुस टोप्पो,सुनील तिर्की, दशरथ महतो, मनोज प्रधान ,जयंत केरकेट्टा, ललित पन्ना सहित दो दर्जन सदस्य लगातार सुबह 6:00 बजे से शाम 6:30 बजे तक समर्पण भाव से कार्य कर रहे हैं।

कुसुमबेड़ा स्थित पल्ली में धूमधाम से मनाया गया संत मोनिका पर्व

नवीन मेल संवाददाता

ठेठाईटागर। प्रखंड के कुसुम बेड़ा स्थित पाली में रविवार को धूमधाम के साथ संत मोनिका पर्व का आयोजन किया गया इस मौके पर अंबाटोली, माधोटोली, बांसपहार, कुसुम बेड़ा के कैथोलिक समुदाय के मौजूदगी में विशेष मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया । मिस्सा पूजा मुख्य अनुष्ठाता फादर मरियानुस एक्का अगुवाई में हुई । इस मौके पर सहायक पुरोहित के रूप में फादर संजीव, फादर इसदौर और फादर प्रदीप उपस्थित रहे। फादर मरियानुस एक्का ने अपने संबोधन में कहा कि संत मोनिका के आदर्शों का आचरण करते हुए अपने-अपने परिवार को खिस्त के विश्वास में दृढ़ रहकर, सभी चुनौतियों का सामना करने की बात कही। महिला संघ की अध्यक्ष ने बाइबल पाठ पढ़ा और फा संजीव ने सुसमाचार पढ़ा। मिस्सा प्रार्थना के बाद उपरांत सन्त

मोनिका की तस्वीर पर पुष्प अर्पण किया गया ।तत्पश्चात महिला संघ की विभिन्न यूनिटों की ओर से रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मौके पर कैथोलिक सभा समिति के सदस्य देवोनिस, अमित, टोपीसिउस, विक्टर और विनय के अगुवाई में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ।विक्टर और जेवियर मंच संचालन का काम किया।

हाथियों के झुंड ने गरीब का घर किया ध्वस्त

वन विभाग ने बांटी राहत सामग्री, दहशत में है ग्रामीण

नवीन मेल संवाददाता

बोलबा। प्रखंड क्षेत्र में लगातार जंगली हाथियों का आतंक जारी है हाथियों के झुंड द्वारा मकान घर में रखे सामान आदि चीजों को नष्ट कर रहे हैं। बीती रात पीडियापोंछ गांव में बिरसमुनी देवी के प्रधानमंत्री आवास एवं कच्चा मकान को उजाड़ दिया। वही पीडियापोंछ मिशन के किचन सेड का दीवाल एवं घेरा को भी तोड़ा। घटना की सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग को दिया सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने घटनास्थल पहुंचा। ग्रामीणों ने वन विभाग को बताया कि जंगली हाथियों से हम ग्रामीण प्रतिदिन भयभीत जीवन जी रहे हैं अपनी एवं अपने बाल-बच्चों की सुरक्षा के लिए रतजगा करते हैं हमें नुकसान का प्रयाप्त

मुआवजा भी नही मिलता है । कई किसान जंगली हाथियों के डर से अपने खेतों में फसल भी नही लगाया है खेतों में फसल लगाने से हाथियों के झुण्ड ने फसल बर्बाद कर देता है। वही वन विभाग के रेंज अधिकारी शम्भू शरण चौधरी ने बताया कि हाथियों को छेड़छाड़ नही करें हाथियों के नजदीक नहीं जाएँ फसल, घर एवं अन्य नुकसान का आवेदन लिखकर वन विभाग को दें ।प्रावधान के अनुसार सभी लोगो को मुआवजा मिलेगा वन विभाग ने हाथियों को भगाने के लिए मोबिल, जूट, किरासन तेल टॉर्च आदि का वितरण किया गया ।इस मौके पर रेंज अधिकारी शंभु शरण शरण चौधरी, वनपाल पदाधिकारी जतरु उरांव, से संदीप आईंद, वन सुरक्षा समिति के जैनुल अंसारी, रामदयाल प्रसाद, सतीश शर्मा , अजर माँझी, मोहनाथ प्रधान के अलावे कई ग्रामीण मौजूद थे।

वज्रपात से 4 पशुओं की मौत, पशुपालक ने लगाई मदद की गुहार

लातेहार। सदर प्रखंड के डीही पंचायत के डीही गांव में रविवार को दोपहर वज्रपात की चपेट में आने से 4 पशुओं की मौत हो गई बताते चलें कि डीही गांव निवासी अली हसन पिता खुदस अंसारी डीही गांव के ही प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र के पीछे खेतों में अपने पशुओं को चरा रहे थे इसी क्रम में दोपहर को अचानक वर्षा होने लगी और मेघ वर्जन के पश्चात वज्रपात होने पर पेड़ के नीचे बारिश से बच रहे दो गर्भवती बकरी एक पठिया और एक बकरा यानी 4 पशुओं की मौके पर ही मौत हो गई। पीड़ित पशुपालक किसान ने बताया कि हमारे परिवार का जीविका उपार्जन पशुपालन ही है एक साथ तैयार पशुओं की मौत होने से हमारे परिवार के समक्ष आर्थिक स्थिति पर असर पड़ेगा।

सोगड़ा पल्ली में धूमधाम से मना संत मोनिका का पर्व

संत मोनिका माताओं की संरक्षिका है: जोसिमा

नवीन मेल संवाददाता

पाकरटांड। सोगड़ा पल्ली में रविवार को संत मोनिका का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मौके पर पल्ली पुरोहित फा जेबीयर केरकेट्टा की अगुवाई में मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया। जिनका सहयोग सहायक पल्ली पुरोहित फा अब्राहम मिंज ने किया। इसके बाद संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन बीरू भिखाएट की सभा नेत्री सह सोगड़ा पल्ली की सभानेत्री सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने दीप जलाकर किया। इसके बाद जोसिमा खाखा ने संत मोनिका की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संत मोनिका माताओं की संरक्षिका है। उनका जन्म उत्तरी अफ्रीका के टागस्टे नुमीडिया शहर में सन 331 में हुआ था। उनका जीवन कठिन चुनौतियों से भरा हुआ था, फिर भी उन्होंने हिम्मत नहीं

हारी। आदर्श जीवन व्यतीत करते हुए उन्होंने खीस्तीय जीवन को अपनाया। पति की मृत्यु के बाद उन्होंने अपने पुत्र अगुस्टीन के मन फिराव में अहम भूमिका निभाई। सन 386 में उनके पुत्र ने कैथलिक होने की घोषणा की और सन 387 में बपतिस्मा ग्रहण किया। संत मोनिका की मृत्यु के बाद उनके पुरोहित पुत्र ने उनकी जीवनी पर पुस्तक लिखा, जिसका नाम उन्होंने पाप स्वीकार रखा। वर्षों बाद कैथोलिक कलिसिया ने उनके नाम से हुए चमत्कारों को देखते हुए उन्हें संत घोषित किया और उन्हें विवाहित महिलाओं की संरक्षिका कहा जाने लगा। इसके बाद से कैथोलिक कलिसिया प्रत्येक वर्ष 27 अगस्त को संत मोनिका का पर्व मनाते हैं। मौके पर प्रवेश, चढ़ावा बाइबल जुलूस व नृत्य साइनडीह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सिस्टर मंजू, सिस्टर रोशनी, प्रतिमा कुजुर, लीला नाग, जुली, मंजू तिर्की, नीलिमा मिंज, सुषमा कुजुर, लुसियन मिंज, समीर किंडो, निर्मला कुजुर, नीलिमा तिर्की, मक्सिमा मिंज, प्रभा मिंज, प्रेमा मिंज सहित हजारों की संख्या में मसीही धर्मावलंबी उपस्थित थे।

ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए जेएमएम के केंद्रीय सदस्य

सिमडेगा। रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा सिमडेगा के केंद्रीय समिति सदस्य मोहम्मद शाहिद के द्वारा जिला सिमडेगा के सदर प्रखंड सिमडेगा के बंगरू पंचायत के मधुबन गांव का सघन दौरा किया । मधुबन के ग्रामीणों ने अपनी अपनी समस्याओं को बारी बारी से बैठक में केंद्रीय समिति सदस्य के सामने रखा। ग्रामीणों ने कहा की लगभग 3 महीना से गांव की 63 केवीए ट्रांसफार्मर जल गया है । इनकी सुधि लेने के लिए इस गांव में कोई नहीं आया। ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रहा है। ग्रामीणों ने बैठक में ट्रांसफार्मर लगाने पर जोर दिया। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय समिति सदस्य ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि आप लोगों की समस्या को विभागों तक पहुंचाने का काम झारखंड मुक्ति मोर्चा करेगा। आप लोगों का समस्या का समाधान निश्चित रूप से होगा।

लापुंग में एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित

बच्चों को पौष्टिक आहार देना सुनिश्चित करें: सुनील कुमार

नवीन मेल संवाददाता

लापुंग। लापुंग प्रखंड के ककरिया संकुल संसाधन केंद्र में रविवार को पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान संयोजिका सह रसोईया सह सहायिका को प्रशिक्षण दिया गया। एक दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण के दौरान सीआरपी सुनील कुमार गुप्ता ने कहा कि पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत विद्यालयों में बच्चों को मेनू के अनुसार पौष्टिक आहार देना सुनिश्चित करें।? उन्होंने संकुल के रसोईया और संयोजिका को प्रशिक्षण के दौरान बताया कि मिड डे मील में पहली से पांचवी कक्षा के बच्चों को 450 कैलोरी मात्रा तथा छठी से आठवीं कक्षा के छात्र छात्राओं को 750 कैलोरी युक्त भोजन दिया जाना है। भोजन में अनिवार्य रूप से हरी सब्जियां, मेनू के अनुसार अंडा या फल तथा अल्प मध्यांतर में अंकुरित चना, मूढ़ी, बिस्कुट दिया जाना है। सप्ताह में एक दिन पुलाव भी दिया जाना है। प्रशिक्षण के दौरान संयोजिका सरिता देवी ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण के आवश्यक घटकों, सरस्वती वाहिनी माता समिति पौष्टिक भोजन पीएम पोषण कार्यक्रम की रूपरेखा तथा पाकशाला की व्यवस्था से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मिड डे मील के लिए अनाज के उठाव, उसकी रखरखाव तथा आय-व्यय का लेखा-जोखा से संबंधित कार्य करने की कुशलता प्रत्येक संयोजिका तथा रसोईया को होनी चाहिए। उन्होंने सरस्वती वाहिनी संचालन समिति के गठन से लेकर कार्य एवं दायित्व के संदर्भ में महत्वपूर्ण जानकारी दी। वहीं मुख्य अतिथि राजेंद्र गोप तथा विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रकाश उरांव ने अलग अलग कहा कि प्रत्येक विद्यालय परिसर में किचन गार्डन की स्थापना जरूरी है। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिसर में किचन गार्डन की अवधारणा को मूर्त रूप प्रदान करें। इससे बच्चों को विद्यालय परिसर से ही उगायी जाने वाली हरी सब्जियां तथा पौष्टिक आहार मिल सकेंगी। उन्होंने खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 तथा मध्यान्ह भोजन अधिनियम 2015 का अनुपालन करने संबंधी जानकारी दी। कहा कि सभी रसोईया और संयोजिका एप्रोन पहनकर ही बच्चों के लिए पौष्टिक तथा स्वादिष्ट भोजन बनाना सुनिश्चित करेंगे। इस दौरान सुरक्षा और सावधानी बेहद जरूरी है। इस मौके पर शकुंतला देवी, ललिता उरांव, कुसुम खलखो, मगदली होरो, प्रतिमा धान, कांति देवी, कविता देवी, पूनम देवी, पाना देवी, गुंजरी देवी, बिरसमनी उराईन, जौनी मुंडा, कुंवारी बारला, बसंती देवी, प्रमिला देवी, नौरी मुंडाईन, दुलु मुंडाईन, दामी मुडाईन, बांदो उराईन सहित दर्जनों रसोईया और संयोजिकाओं ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

बसिया में कानूनी सहायता व सशक्तिकरण कैंप का आयोजन, बोले वक्ता

कुरीतियों के प्रति लोगों को जागरूक करने की जरूरत

नवीन मेल संवाददाता

बसिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला प्रशासन के तत्वावधान में आज बसिया के प्रखण्ड सभागार में कानूनी सहायता एवं सशक्तिकरण कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प में सेवानिवृत्त न्यायाधीश व स्थाई लोक अदालत, गुमला के अध्यक्ष बालमुकुंद राय ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए लाभूकों को विधिक सेवा के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न कुरीतियों के कारण आम लोग कानूनी उलझनों में फंस जाते हैं। इसके लिए डायन बिसाही और नशापान से दूर रहने की सलाह देते हुए उन्होंने बताया कि न डायन होती है और न ऐसी कोई विधि है जो लोगों को इस नाम पर प्रताड़ित कर सकती है। इस सच्चाई के बाद भी लोग डायन के नाम पर न केवल कानून को अपने हाथ में लेकर

अपना जीवन बर्बाद कर लेते हैं बल्कि अपने लोगों को कलंकित जीवन जीने को विवश भी कर देते हैं। इसी तरह नशापान भी लोगों को कानूनी शिकंजे में फंसाने का एक माध्यम बनकर सामने आ जाता है जबकि नशे के कारण कई बार लोग संज्ञेय अपराध के कुचक्र में जा फंसते हैं। इसके लिए समाज के जागरूक लोगों को आगे आकर इन बातों से बचने की सलाह देते हुए उन्होंने चयनित लाभूकों के बीच यहां आगे आकर नशामुक्त व डायन मुक्त समाज के निर्माण में आगे आकर समाज को सार्थक दिशा देने की अपील भी की। इस दौरान उनके द्वारा प्रखंड व बाल विकास परियोजना के द्वारा चयनित लाभूकों के बीच विभिन्न तरह की परिसंपत्तियों के वितरण समारोह का भी उद्घाटन किया। मिली जानकारी के अनुसार इस मद में गोदभराई व मुँहजुठी के कार्यक्रम आयोजित करते हुए बीस लाभूकों के बीच केसीसी, पाँच लाभूकों को प्रधानमंत्री आवास योजना व दस लोगों को वृद्धावस्था पेंशन प्रदान करते हुए बाल विकास परियोजना मद से ह्वील चेयर और हीयरिंग मशीन का वितरण किया गया। इस अवसर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित लोक अदालत के स्थाई सदस्य शम्भू सिंह, प्रखंड प्रमुख जगरानी तिग्गा, 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष सुकरात उरांव, अंचल अधिकारी रविन्द्र पांडे, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रविन्द्र कुमार गुप्ता, थाना प्रभारी छोटू उरांव सहित बड़ी संख्या में सरकारी कर्मी, मुखियागण व आम लोगों की उपस्थिति दर्ज की गई।

न्यूज गैलरी

एनटीपीसी केरेडारी व चट्टीबरियातू कोयला खनन परियोजनाओं ने किया मच्छरदानी वितरण

केरेडारी। एनटीपीसी केरेडारी एवं चट्टी बारीयातु कोयला खनन परियोजना के नैगम समाजिक दायित्व के तहत परियोजना प्रभावित जोरदाग गांव के मुंडा टोली में रविवार को एनटीपीसी से प्राप्त हुए 60 मच्छरदानी लोगों के बीच पत्रकार के नेतृत्व में वितरण किया गया। मच्छरदानी वितरण कार्यक्रम का आयोजन वर्षा ऋतु में गरीब लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए , मच्छरों से बचाव के लिए वितरण किया गया। परियोजना प्रमुख बीएम सिंह में बताया कि मलेरिया प्रभावित गांवों में रहने वाले लोगों तक मच्छरदानी पहुंचाने से लोगों को बहुत लाभ मिला है।

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रखंड उपाध्यक्ष का निधन

कटकमसांडी। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रखंड उपाध्यक्ष सत्यदेव राम का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। सत्यदेव कंडसार पंचायत के वार्ड नंबर तीन वार्ड सदस्या देवंती देवी के पति थे। वर्ष 2022 दुर्गा पूजा समिति कंडसार, बरगड्डा कमेटी के सहसचिव भी चुने गए थे। बताया जा रहा है कि रविवार को सुबह 3.30 बजे घर से शौच के लिए बाहर निकले और वापस आने पर अचानक शरीर ठंढा पड़ गया, बेहोशी के हालत में हो गए। परिजन आनन-फानन में हजारीबाग सदर अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सको ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनका दो पुत्र हैं जो रोजगार के लिए प्रदेश बैंगलोर गए हुए है।

केरेडारी प्रखंड के जमीरा में फुटबॉल का आयोजन टूर्नामेंट

केरेडारी। केरेडारी प्रखंड के जमीरा में नवयुवक संघ की ओर से रविवार को फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजन किया गया। उद्घाटन बातौर मुख्य अतिथि सोनू इराकी ने फुटबॉल का कीक मारकर किया। खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए उन्होंने कहा कि खेल से मानसिक एवं शारिरिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है। खेल को खेल की भावना से खेलनी चाहिए। जिस प्रकार खेल में दोनों टीम के बीच प्रतिस्पर्धा होता है। वैसा ही प्रतिस्पर्धा जीवन में भी होता है। अच्छा खिलाड़ी खेल का मैदान हो या जीवन के अन्य क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन कर आगे बढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि गांवों में प्रतिभा की कमी नहीं है। इन्हें पहचानने और तराशने की जरूरत है। साथ ही प्रोत्साहन देने का आवश्यकता है।

राज्यस्तरीय कराटे कैंप में कराटेकारों ने किया शानदार प्रदर्शन

विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में रविवार को डड़ी बलसारा आशिहारा काईकन फाउंडेशन द्वारा राज्यस्तरीय कराटे कैंप का आयोजन किया गया। इसमें विष्णुगढ़ के अलावा बरकट्ठा, बड़कागांव, हजारीबाग, सदर, सरिया, बगोदर, चतरा समेत कई जगहों से पहुंचे करीब 200 महिला-पुरुष कराटेकारों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। कराटेकारों ने काता, फाइट समेत विशेष आत्मरक्षा तकनीक को लोगों के सामने रखा। जिसकी लोगों ने काफी सराहना की। अतिथियों में जिप सदस्य शेख तैयब, उपप्रमुख सरयू साव, पूर्व जिप सदस्य यशोदा देवी व जयप्रकाश पटेल, चेड़रा उपमुखिया रीना देवी आदि ने कैम्प में शामिल सभी कराटेकारों की हौसला आफजाई करते हुए कहा कि कराटे बिना अस्त्र-शस्त्र की सहायता से आत्मरक्षा का सबसे बेहतर साधन है। विशेषकर लड़कियों को इसे अवश्य सीखना चाहिए।

विधिक सेवा प्राधिकार सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

विष्णुगढ़। प्रखंड मुख्यालय में झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अध्यक्षता बीडीओ संजय कुमार कोंगारी व संचालन बीपीआरओ रामचंद्र दांगी ने किया। बतौर मुख्य अतिथि सिविल जज डिवीजन-7 विक्रांत रंजन ने कहा कि शिक्षित और जागरूक होकर आप आसानी से न्याय हासिल कर सकते हैं। न्यायिक प्रक्रिया थोड़ी लंबी जरूर होती है लेकिन न्याय जरूर मिलता है। कहा कि महिलाओं, गरीब एवं असहाय लोगों को झालसा के माध्यम से नि:शुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

गणेश महोत्सव मनाने को लेकर कमेटी गठित

बड़कागांव। बड़कागांव दैनिक बाजार में गणेश महोत्सव को लेकर मां बसंती दुर्गा पूजा प्रांगण में बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता गौतम वर्मा ने की एवं संचालक विक्की सोनी ने किया। जिसमें सर्वसमिति से स्वर्णकार गौतम वर्मा को सातवीं बार अध्यक्ष बनाया गया। विक्की सोनी को सचिव, संदीप पंडित कोषाध्यक्ष, कुणाल चौरसिया उपाध्यक्ष, आकाश सोनी उपसचिव बनाए गए। इसके अलावा अभिषेक सोनी के अलावा, अंकित सोनी, लगन सोनी, गोलू गुप्ता, राहुल सोनी, अभिषेक मेहता, शुभम विश्वकर्मा, राज विश्वकर्मा, मनोरंजन मंत्री प्रमोद सोनी, सुशांत मेहता, गोपाल विश्वकर्मा, भोला विश्वकर्मा, रोहन कुमार, पिंकू सोनी, विक्रम विश्वकर्मा, विकास कुमार कुशवाहा, रंजीत कुमार, कुंदन विश्वकर्मा शामिल हैं। इस बार पांच दिनों तक पूजा, भव्य भंडारे का आयोजन एवं संध्या में महाआरती का आयोजन पूजा समिति के द्वारा की जाएगी।

फ्यूचर एकेडमी कोचिंग के नये भवन का हुआ उद्घाटन

कोडरमा। रविवार को चेचाई में फ्यूचर एकेडमी के नए भवन का उद्घाटन पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने किया। फ्यूचर एकेडमी पिछले 10 वर्षों से कार्यरत है। जिला के विभिन्न विद्यालयों से अव्वल आने वाले छात्र इसी संस्थान के विद्यार्थी रह चुके हैं। आज के कार्यक्रम में संस्थान से मैट्रिक परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 4 विद्यार्थी एवं 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र से पुरस्कृत किया गया। संस्थान से वर्ष 2022 के मैट्रिक परीक्षा में गणित अंक में 100 में 100 अंक लाने वाली खुशी प्रवीण को भी मेडल एवं प्रशस्ति पत्र मुख्य अतिथि के कर कमलों द्वारा देकर पुरस्कृत किया गया। संस्थान के संचालक अनिल कुमार राणा ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से उनका प्रयास है की उनके संस्थान के विद्यार्थी जिला में अव्वल स्थान प्राप्त करवाने के उद्देश्य के साथ समर्पित भाव से पढ़ा रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि प्रदीप शर्मा, पायोनियर के निर्देशक दिनेश, मुखिया प्रतिनिधि गुलाम मुस्तफा, विवेकानंद विद्यालय से अनिल कुमार, कुलदीप राणा, अक्षय कुमार, मोहम्मद आसिफ, आलोक कुमार, किशोर साव, संतोष साव, रमेश साव, रमेश राणा उपस्थित रहे।

'मेगा विधिक सशक्तीकरण' शिविर में 1.29 करोड़ की परिसंपत्तियों का किया वितरण

सरकार की ओर से कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं : उपायुक्त

हजारीबाग। नगर भवन में रविवार को मेगा विधिक सशक्तीकरण शिविर का आयोजन हुआ। जिला स्तरीय आयोजित शिविर में सदर प्रखंड की ओर से लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। इस शिविर में मुख्य तौर पर प्रधान जिला जज सत्य प्रकाश सिन्हा, डीसी नैंसी सहाय और पुलिस अधीक्षक चोथे मनोज रतन मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान डीसी ने कहा कि सरकार की ओर से कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इस शिविर के माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं और प्रदत्त अधिकारों की जानकारी प्रदान की जाएगी।

डीसी ने कहा कि आमजनों की समस्याओं का समाधान का प्रयास इस कैंप के माध्यम से किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार और जिला प्रशासन के द्वारा जिले के सभी प्रखंडों में इस कैंप का आयोजन किया गया है। इस शिविर के माध्यम से कुल एक करोड़ 19 लाख 38 हजार रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। इसमें जेएसएलपीएस की ओर से 52 सखी मंडल के बीच 85 लाख का चेक, बाल विकास परियोजना विभाग (ग्रामीण) की ओर से मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत कुल 20 लाभुकों के बीच छह लाख और प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत 110 लाभार्थियों के बीच 4.55 लाख रुपए का लाभ दिया गया। इसके अलावा कैंप में लाभुकों को बाल विकास योजना (शहरी) की ओर से मुख्यमंत्री सुकन्या योजना के तहत 70 लाभुकों के बीच चार लाख, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 17 लाभुकों के बीच 5.10 लाख, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत 43 लाभुकों के बीच 2.15 लाख रुपए का लाभ प्रदान किया गया। वहीं आपूर्ति विभाग की ओर से 10 लाभुकों के बीच सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना के तहत धोती-साड़ी का वितरण किया गया। मनरेगा योजना के तहत पांच लाभुकों को जॉब कार्ड व तीन लाभुकों को अमृत सरोवर और मुर्गी शेड योजना का स्वीकृति पत्र दिया गया। कल्याण विभाग की ओर से दिव्यांग फारूक अंसारी व दिव्यांग मासूम रजा पंचायत सखिया को दो ट्राई साइकिल दी गई। सर्वजन पेंशन योजना के अंतर्गत 292 लाभुकों के बीच 2.92 लाख रुपए के भुगतान का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया।

आवास योजना के कुल पांच लाभुकों के बीच प्रथम किश्त के रूप में दो लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई। कृषि विभाग की ओर से कुल 14 लाभुकों के बीच सात लाख रुपए का स्वीकृति पत्र वितरण किया गया। पशुपालन विभाग से दो लाभुकों को सूकर योजना के लिए 66 हजार रुपए का पत्र वितरण किया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग की ओर से शिविर में लगाए गए स्टॉल के माध्यम से 60 लोगों को कोविड टीकाकरण, 40 लोगों की स्वास्थ्य जांच एवं परिवार नियोजन सामग्री का वितरण सहित 84 लोगों को मेडिकल काउंसिलिंग दी गई। कार्यक्रम में सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी नियाज अहमद, सदर बीडीओ गुंजन सिन्हा और सीओ राजेश कुमार समेत कई अन्य अधिकारी मौजूद थे।

विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर में जिला सब जज ने दी कानून की जानकारी

कटकमसांडी। कटकमसांडी में विधिक सेवा सह सशक्तिकरण करण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन जिला सब जज एक शिखा रानी तिग्गा,उप प्रमुख ममता देवी, बीडीओ वेदवंती कुमारी, सीओ अनिल कुमार ने संयुक्त रूप से किया। स्वागत संबोधन करते हुए बीडीओ वेदवंती कुमारी ने कहा कि विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का मकसद आम लोगों को कानून के बारे में जागरूक करना और संवैधानिक अधिकारों के बारे में अवगत कराना है। बतौर मुख्य अथिति जिला सब जज वन शिखा रानी तिग्गा ने कहा कि आज कई लोग उचित कानून की जानकारी के आभाव में लोग संवैधानिक अधिकारियों का उपयोग नहीं कर पाते। विधिक सह सशक्तिकरण शिविर के माध्यम से आम लोगों को उनके कानूनी अधिकारों से रूबरू कराना है ताकि लोग अपने अधिकारों की रक्षा कर सके।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री व विधायक से डीवीसी चेयरमैन की हुई वार्ता

नवीन मेल संवाददाता

कोडरमा। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी के नेतृत्व में बिजली व अन्य समस्या को लेकर रविवार को परिसदन में डीवीसी चेयरमैन रामनरेश सिंह के साथ वार्ता हुई। इसमें उपायुक्त आदित्य रंजन भी शामिल हुए। इसमें बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने बताया कि 19 अगस्त से लेकर 25 अगस्त तक हम सभी ने मिलकर डीवीसी पावर प्लांट का पानी तिलैया डैम एंटीकवाल के पास लगातार पांच दिन तक रोक दिया था। वार्ता को लेकर आज कोलकाता से चलकर स्वयं डीवीसी चेयरमैन रामनरेश सिंह आए व परिसदन पहुंचे। बिजली की समस्या और रोजगार, डीवीसी के आरआर पॉलिसी को लेकर विस्थापन नीति, तिलैया डैम में प्लस टू हाई स्कूल, बकाया 12 शिक्षकों का 30 महीना से वेतन और क्षेत्र के विकास जैसे डीवीसी के सभी सड़कों के निर्माण के संबंध में वार्ता हुई। उन्हें विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया, जैसे बांझेडीह पावर प्लांट तिलैया डैम में संचालित हो रहे प्लस टू विद्यालय डीवीसी के उदासीनता के कारण बंद के कगार पर है, डीवीसी के द्वारा डीवीसी कमांड एरिया में कोई भी विकास का कार्य नहीं किए जाते हैं जिससे कि डीवीसी के द्वारा बनाए गए सारे सड़क और प्लांट तक स्थिति काफी जर्जर हो गया है। स्पष्ट होता है कि डीवीसी के द्वारा क्षेत्र के लोगों का सिर्फ और सिर्फ शोषण हो रहा है। डीवीसी के चेयरमैन और उनके चीफ इंजीनियर और उनके एचआरके पांडेय, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और कोडरमा उपायुक्त आदित्य रंजन के साथ सभी पहलुओं पर परिसदन में वार्ता हुई और चेयरमैन के द्वारा आश्वस्त किया गया कि बांझेडीह पावर प्लांट से आप लोगों को कम से कम बिजली कटौती की जाएगी और निर्बाध रूप से बिजली मुहैया कराई जाएगी, साथ ही स्थानीय लोगों को नौकरी दिया जाएगा।

तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने ली मासूम की जान, मामला दर्ज

कोडरमा। जिले के तिलैया थाना अंतर्गत झलपो के अंसारी मुहल्ला में ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक मासूम बच्चे की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर तिलैया की ओर से तेज रफ्तार में जा रही थी। इसी क्रम में रोड पर खेल रहे बच्चे मो. शहनवाज पिता मो अब्दुल अंसारी उम्र 2 वर्ष को अपनी चपेट में ले लिया। बच्चा के घायल होने के बाद वहां पर बैठे ग्रामीणों ने निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। वहां से प्राथमिक इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। सदर अस्पताल में बच्चे की नाजुक स्थिति देखकर बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया। रांची ले जाने के क्रम में मांडू में हालत काफी खराब होते देख मांडू में एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया जहाँ चिकित्सक ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। फिर तिलैया थाना में परिजनों ने मामला दर्ज करवाया। जहां पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया।

काली महिला मंडल ने किया विविध कार्यक्रमों का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

झुमरीतिलैया। काली महिला मंडल के द्वारा सामंतो काली मंदिर में अमावस्या को लेकर भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। साथ ही छठी उत्सव पर कृष्ण का दरबार सजाया गया और राधा-कृष्ण की झांकी प्रस्तुत की गई। कृष्ण की भूमिका में पूनम वर्णवाल और राधा की भूमिका में सुमन पांडेय थीं। इस मौक पर फल एवं मिठाई का सवामनी के अलावा छप्पन भोग का प्रसाद मां काली एवं भगवान कृष्ण को अर्पित किया गया। इस मौके पर भजन कार्यक्रम में सरोजिनी देवी ने गणेश और गुरु वंदना प्रस्तुत किया। पूनम सेठ ने मेरे घर आना सांवरिया.., सुनीता लाल ने कन्हैया बरसाने में आना.. तथा पुष्पा सिंह ने मैं तो नंद बाबा के घर जाउंगी बधाई लेने जैसे भजनों पर लोगों को खूब झुमाया। मौके पर मीना पांडेय, प्रतीमा सिंह, डॉ. बी रानी, जसवीर कालरा, मुन्नी वर्णवाल, फूलकुमारी भारती, आशा वर्णवाल, रेखा यादव, मालती देवी, रेखा जायसवाल, इंदु यादव, रुबिता सिन्हा, सुनीता चौधरी, मंजू वर्णवाल, अमरजीत छाबड़ा सहित अन्य महिलाएं मौजूद थीं।

डिवाइन पब्लिक स्कूल गंगपाचो में शिक्षक-अभिभावक की बैठक सम्पन्न

नवीन मेल संवाददाता

बरकट्ठा। प्रखंड के गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में रविवार को शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम अभिभावकों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के छात्राओं द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने विद्यालय की प्रगति से सभी को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि बच्चों की डायरी और नोटबुक को प्रतिदिन जांच करें। अभिभावकों की ओर से सुरेंद्र ठाकुर ने कहा कि सभी अभिभावक अपने बच्चों को मोबाइल से दूर रखें। अभिभावक सुनील श्रीवास्तव ने बच्चों की समस्याओं से शिक्षकों को अवगत कराया। वहीं विद्यालय के निदेशक आई.पी.भारती ने कहा कि बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए साझा प्रयास किया जाना चाहिए तथा सकारात्मक सोच बच्चों में डालें। पीटी 2 परीक्षा में तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को विद्यालय की ओर से पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। जिसमें निशा कुमारी, बुशरा प्रवीन, रुही फातिमा,श्रेया गुप्ता,भुमिका कुमारी, रौशन मंडल, कृष्णानंद, विद्या भारती, प्रियदर्शिनी वर्मा, करन यादव, प्रियांशी कुमारी समेत अन्य छात्र-छात्राएं शामिल थे। मंच संचालन करते हुए शिक्षक मनोहर कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों के विकास में शिक्षक और अभिभावक की भूमिका अहम होती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं का योगदान अहम रहा।

हाथियों के झुंड ने मचाया उत्पात, कई घरों के साथ-साथ फसलों को किया नष्ट

नवीन मेल संवाददाता

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम चामू दोहर स्थित लालकिमाटी में बीती रात को हाथियों का झुंड पहुंच गया। इस दौरान हाथियों के झुंड ने लालकिमाटी में मनोहर मुर्मू, रोबिन मुर्मू के घर को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। साथ ही लगाए गए मकई, घंघरी, बरई समेत कई फसलों को नष्ट किया। हाथियों के झुंड पहुँचने से आदिवासी परिवारों में दहसत का माहौल व्याप्त हैं।वहीं पीड़ितों ने अंचल अधिकारी से मुआवजा की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों की संख्या 20-22 की है और झुंड ने घर से करीब 1 किलोमीटर दूर डेरा डाल दी हैं। इस स्थिति में हम लोग सभी डरे और सहमे हुए हैं। बताते चलें कि हाथियों की झुंड टाटीझरिया प्रखंड के खैरा जंगल की तरफ से आई है। वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी ने ग्रामीणों को जंगल में जाने से मना कर दिया है ताकि ग्रामीणों को क्षति न पहुंचे।

शिक्षक और कर्मी 1 सितंबर को करेंगे भूख हड़ताल

नवीन मेल संवाददाता

कोडरमा। डीवीसी कोडरमा थर्मल पावर केंद्र के द्वारा वर्ष 2014 में विभिन्न विद्यालयों में रखे गए शिक्षक तथा शिक्षकेतर कर्मचारियों को विगत 30 माह से मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है। मानदेय का भुगतान नहीं होने से शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों के समक्ष भूखमरी की स्थिति पैदा हो गई है। इस मामले को लेकर शिक्षक तथा शिक्षकेतर कर्मचारियों ने मजबूर होकर आगामी एक सितंबर को समाहरणालय में एक दिवसीय भूख हड़ताल पर बैठने का निर्णय लिया है। इसकी सूचना शिक्षक तथा शिक्षकेतर कर्मचारियों ने उपायुक्त सहित अनुमंडल पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक, सिविल सर्जन तथा कोडरमा थर्मल पावर प्लांट के मुख्य अभियंता सह परियोजना प्रधान को भी दिया है। शिक्षकों का कहना है कि वर्ष 2014 में कोडरमा थर्मल पावर प्लांट के द्वारा उत्क्रमित उच्च विद्यालय घंघरी, नवसृजित प्राथमिक विद्यालय डूमरडीहा तथा उत्क्रमित मध्य विद्यालय चरकी पहरी को डीवीसी द्वारा गोद लिया गया था। इन तीनों विद्यालयों में उपायुक्त कोडरमा के पत्रांक 774 दिनांक 10 अक्टूबर 2014 के अनुसार विज्ञापन के माध्यम से विद्यालय में बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के ख्याल से शिक्षक तथा शिक्षकेतर कर्मचारियों की बहाली की गई थी। कुछ दिनों तक इन शिक्षकों को मानदेय का भुगतान हुआ परंतु विगत 30 माह से इन शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारियों के मानदेय का भुगतान नहीं हो रहा है। उपायुक्त को दिए गए ज्ञापन में नंदिता कुमारी, किशोर कुमार, देवानंद कुमार सिंह, कंचन देवी, छत्रधारी यादव, धानेश्वर यादव, सिकंदर, राजेंद्र कुमार यादव, सुनील कुमार के हस्ताक्षर हैं।

वृंदा में ज्ञान रतन प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

कोडरमा। ग्राम विकास समिति वृंदा के तत्वधान में हनुमान मंदिर परिसर वृंदा में ज्ञान रतन प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रमोद राम एवं ग्राम विकास समिति वृंदा के सदस्यों ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। वही प्रतिभावन छात्रा पुष्पा कुमारी, संजना कुमारी, प्रिया कुमारी ने स्वागत गान गाकर अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में मैट्रिक एवं इंटर के 30 छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर अतिथियों के द्वारा मंच पर सम्मानित किया गया।

अंबुजा सीमेंट ने किया राजमिस्त्री सम्मेलन का आयोजन

कोडरमा। जिला मुख्यालय कोडरमा में अंबुजा सीमेंट की ओर से कुमार सीमेंट एजेंसी में राजमिस्त्री व ठेकेदार सम्मेलन का आयोजन किया गया। सेल्स अधिकारी प्रभात कुमार पांडे और इंजीनियर राज सिकरवार ने उपस्थित सभी राजमिस्त्रियों और ठेकेदारों को कंपनी के उत्पादों और उनकी गुणवत्ता की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अंबुजा कवच वह सीमेंट है जिसमें ढलाई के दौरान कोई भी ऐड मिक्सर मिलाने की जरूरत नहीं पड़ती, क्योंकि यह सीमेंट वाटरप्रूफ भी है। इस दौरान कुमार सीमेंट एजेंसी के प्रोपराइटर सतीश कुमार के अलावा जोगिंद्र सिंह, सुखदेव महतो, अर्जुन महतो, मोहम्मद ताहिर, मोहम्मद असगर, राजू साव, ताहिर हुसैन एवं अन्य मौजूद थे।

हरतालिका तीज व्रत 30 अगस्त को

शुभ योग की वजह से व्रतियों को मिलेगा मनोवांक्षित फल : मिथलेश तिवारी

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। इस वर्ष हरतालिका तीज व्रत 30 अगस्त को मनाई जाएगी। हरतालिका तीज व्रति के दिन शुभ योग एवं हस्त नक्षत्र का संयोग बन रहा है। जिस कारण सुहागिन महिला व्रतियों को मनोवांक्षित फ ल की प्रप्ति होगी। उक्त बातें रविवार को बाबा विश्वनाथ ज्योतिष केंद्र सोंढ़ चितरपुर के संस्थापक आचार्य मिथलेश तिवारी ने कही। उन्होंने कहा कि शुभ योग 30 अगस्त को 01 बजकर 04 मिनट से 31 अगस्त 2022 को 12 बजकर 4 मिनट तक रहेगा। श्री तिवारी ने कहा कि शुभ योग में भगवान भोलेनाथ की पूजा से श्रद्धालुओं की सभी मनोकामनाएं पूरी होंगी।

हस्त नक्षत्र : मिथलेश तिवारी ने कहा कि हरतालिका तीज पर पर इस बार हस्त नक्षत्र भी रहेगा। कहा कि शास्त्रों में हस्त नक्षत्र को बहुत ही शुभ फ लदायी माना गया है। हस्त नक्षत्र हाथ के आकार की तरह होता है इसमें 5 तारे आशीर्वाद की मुद्रा में नजर आते हैं। उन्होंने कहा कि अखंड सौभाग्य और उत्तम वर की प्राप्ति के लिए इस नक्षत्र में पूजा शुभ फलदायी मानी गई है। हरतालिका तीज पर इस बार व्रतधारी को ग्रह नक्षत्रों का विशेष वरदान प्राप्त होगा।

हरतालिका तीज व्रत का महत्व : आचार्य ने कहा कि पौराणिक कथाओं के अनुसार मां पार्वती ने भोलेनाथ को पाने के लिए इस व्रत की शुरूआत की थी। इस दिन जो सुहागिन महिलाएं निर्जला व्रत रख, रात्रि जागरण कर महादेव और मां पार्वती की पूजा करती हैं उन्हें सौभाग्यवती होने का वरदान मिलता है। कहा कि अच्छे वर की प्राप्ति के लिए कुंवारी कन्याएं भी ये व्रत रखती है।

लायंस क्लब सदस्यों ने कुओं में ब्लीचिंग पाउडर डाला

कोडरमा। लायंस क्लब के द्वारा अंबेडकर नगर और तिलैया बस्ती ग्राम के समस्त कुओं को ब्लीचिंग पाउडर डालकर डिसइनफेक्ट करना प्रारंभ किया था। प्रकाश आंबेडकर बताते हैं कि यहां पिछले 10 -12 सालों से डायरिया कभी नहीं आया है। सभी ग्रामीणों को यह पता चल चुका है कि बरसात के शुरूआत में जल जनित बीमारियों को रोकने के लिए ब्लीचिंग पाउडर ट्रीटमेंट बहुत ही कारगर होती है। रविवार को यहां के सभी कुओं में ब्लीचिंग पाउडर डाला गया। कार्यक्रम में लायंस क्लब के अध्यक्ष डॉ हरि दर्शन सिंह, उपाध्यक्ष जय मोदा नंद झा, डॉ सुजीत कुमार राज, क्लब एडमिनिस्ट्रेटर सुजीत अम्बष्ट, डिस्ट्रिक्ट चेयर पर्सन गजेंद्र राम उपस्थित थे। क्लब के अध्यक्ष डॉ हरि दर्शन सिंह ने वहां पौधरोपण करने के लिए पौधे उपलब्ध करने की बात कही तथा इस ग्राम में एक चिकित्सा शिविर भी लगाने का आश्वासन दिया।

वन विभाग ने 73वां मनाया गया वन महोत्सव

नवीन मेल संवाददाता

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम तूईयो में वन विभाग द्वारा 73वॉ वन महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव व विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य कुमकुम देवी, उप प्रमुख सुरजी देवी शामिल हुए। मौके पर तूईयो विद्यालय के निकट स्थित वन क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों द्वारा 15 पौधों का रोपण किया गया। पौधरोपण के पश्चात सभी रोपण कर्ताओं को अपने-अपने पौधों के बचाव की जिम्मेवारी दी गई तथा उनके नाम के साथ बोर्ड लगाकर पौधों को चिन्हित किया गया। विदित हो कि वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग झारखंड सरकार द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। मौके पर उपस्थित विधायक अमित यादव ने कहा कि वन हमारे संरक्षक हैं इनके बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। वहीं जिप सदस्य कुमकुम ने कहा, वन है तो जीवन है इसके बिना हम जी ही नहीं सकते, इसकी रक्षा करना हम सबों का परम कर्तव्य है। कार्यक्रम में वन विभाग के मुख्य वन संरक्षक, डीएफओ, रेंजर, वनपाल, वनरक्षक समेत अन्य अधिकारी व ग्रामीण उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

पंचायत भवन कोचेडेगा में खुला आधार सेवा केंद्र

सिमडेगा। सदर प्रखंड के पंचायत भवन कोचेडेगा में सीएससी की ओर से पंचायत स्तरीय स्थाई आधार सेवा केंद्र का विधिवत उद्घाटन हृदय कुमार, उपनिदेशक सांख्यिकी विभाग, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल,रांची एसएम आलम, डीजीएम सीएससी एसपीवी एवं अजीत कुमार,स्टेट मैनेजर सीएससी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। पंचायत भवन में आधार सेवा केंद्र के खुल जाने से पंचायत वासियों को आधार निर्माण हेतु अब जिला अथवा अन्य कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। पंचायत भवन में स्थाई आधार सेवा केंद्र के खुलने से मौके पर उपस्थित पंचायत समिति सदस्य भगवती देवी ने हर्ष व्यक्त किया। प्रज्ञा केंद्र संचालक सह मुखिया शिशिर टोप्पो ने पूरे सीएससी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा की सेवक रूप में इस पंचायत में कार्यरत रहा हूं और सीएससी के माध्यम से आम जनों को जो सेवा प्रदान की है आज उसी के फलाफल स्वरूप में इस पंचायत के मुखिया के पद पर आसीन हूं और आगे भी आमजनों को सीएससी के माध्यम से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना मेरी प्राथमिकता होगी। मौके पर जिले के सीएससी जिला प्रबंधक विजय सिन्हा योगेश वर्मा,सहित एवं आम जन भी उपस्थित थे।

सौबेड़ा आर सी चर्च में धूमधाम से मनाया गया संत मोनिका पर्व

बानो। प्रखंड के सौबेड़ा आर सी चर्च में रविवार को संत मोनिका पर्व हर्षोल्लास मनाया गया। इस अवसर पर फादर बिमल जोजो द्वारा मिस्सा पूजा सम्पन्न कराया गया। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि संत मोनिका माताओं के लिये आदर्श है। सभी माताएं उनके आदर्श जीवन को अपनाए आज के समय मे उनके पद चिन्हों पर चल कर सामाज को बेहतर बनाएं। ईमानदारी का जीवन आनन्ददायी होता है। इस अवसर पर बिभिन्न मंडलियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मौके पर पल्ली पुरोहित फादर भितुस जीवन केरकेट्टा, फादर बिमल सौबेडां मूखिया सुसाना जड़िया, प्रचारक बिजय कंडुलना, प्रचारक मार्टीन तोपनो, सभापति सुशील कंडुलना, सभानेत्री निर्मला होरो, रीता सुरीन, मार्सेल भेंगरा, भिंसेट कंडुलना कामिल डांग आदि लोग उपस्थित थे।

अंकिता के हत्यारे को शीघ्र फांसी की सजा हो : अविनाश कौर

लोहरदगा। लोहरदगा नगर परिषद वार्ड नंबर आठ की पार्षद अविनाश कौर ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी से ट्विटर के माध्यम से की मांग की है दुमका कि दुमका की बेटी अंकिता सिंह के हत्यारे को फास्ट ट्रैक कोर्ट से शीघ्र फांसी दिलाई जाए। विदित है कि पिछले पांच दिनों से अंकिता रिम्स में मौत से जूझ रही थी। 23 अगस्त को एक सरफिरे आशिक शाहरुख ने एक तरफा प्यार में पेट्रोल डालकर अंकिता को जिंदा जला दिया था, ऐसी घटनाओं का समाज में कोई स्थान नहीं है। इसलिए मुख्यमंत्री इस पर संज्ञान ले और दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि पांच दिनों से दुमका की बेटी रिम्स में तड़प रही थी लेकिन किसी विधायक या मंत्री को इतना भी समय नहीं मिला कि वह जाकर उसका हाल समाचार ले ले। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण बात है झारखंड के लिए।

विद्यालय रसोईया संयोजिका संघ ने की विभिन्न समस्या को लेकर हुई बैठक

बानो। झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया संयोजिका अध्यक्ष संघ बानो की रविवार को राजकीय मध्य विद्यालय बानो में बैठक हुई।इस बैठक की अध्यक्षता सरोज खातून ने की तथा मंच का संचालन जानकी देवी ने की। मंच को संबोधित जिला सचिव संध्या देवी ने कि एवं रसोइयाओ का विभिन्न विषय पर विचार विमर्श किया गया। जहां बताई की 3 मार्च को राजभवन रांची में आंदोलन चल रही थी उस पर विधायक मथुरा प्रसाद महतो तथा शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो आए मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया लेकिन आज तक नहीं हुआ जिसपर बाध्य हो कर सड़क पर आना पड़ा सरकार कार्य के एवज में 66.रू 66 पैसा के हिसाब से प्रतिदिन काम लिया जाता है। पूरा साल 12 माहिना का है पर हमें 10 माह का दिया जाता है। हमारी झारखंड सरकार से मुख्य मांग न्यूनतम वेतन से भुगतान किया जाए।

वन कर्मियों ने आठ फीट लंबे अजगर सांप को पकड़कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा

सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा पंचायत ग्राम में अजगर सांप मिलने की सूचना वन कर्मियों को मिलते ही अजगर को पकड़ने के पश्चात एक बोरे में बंद कर बक्सीडीपा जंगल में लाकर सुरक्षित छोड़ा गया। सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत सेन्हा पंचायत ग्राम में बीती रात रामलगन महतो के घर के पास अजगर साँप मिलने की सूचना वन विभाग टीम को ग्रामीणों द्वारा दिया गया। जैसे ही सूचना मिला वन विभाग की टीम सेन्हा ग्राम पहुंच अजगर को कर्मियों के सहयोग से पकड़ कर बक्सीडीपा जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया। बताया जाता है कि वन कर्मी अजगर सांप को पकड़ने पश्चात बोरा में बंद कर जंगल की ओर ले गये। सांप को सुरक्षित स्थान पर छोड़ जीव हत्या होने से वन कर्मियों ने बचाया। वहीं वनरक्षी नंदकिशोर कुमार ने कहा कि बरसात के मौसम में काफी साँप निकल रहा हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा की सांप को नहीं मारे और सांप को सुरक्षित स्थान पर छोड़ने का कार्य करें। सभी जीव जंतु का रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा जंगल की कटाई से जीवजंतु को रहने की समस्या हो रही है। जानकारी देते हुए कहा कि पकड़े गए अजगर सांप की वजन लगभग 5 किलोग्राम से अधिक और करीब 8 फिट लम्बा होगा। अजगर सांप पकड़ने में वनरक्षी नंदकिशोर कुमार, धनिरुद्ध महली, राजकुमार उरांव, रामहरी महतो, ज्योतिष कुमार सहित वन कर्मी शामिल थे।

स्विमिंग एसोसिएशन व एफडी एंटरप्राइजेज के सौजन्य से प्रतियोगिता आयोजित

लोहरदगा में तैराकी के लिए स्विमिंग पूल बनाने की पहल होगी : धीरज साहू

- डीसी और एसपी ने कहा कि प्रतियोगिता झारखंड के लिए मील का पत्थर बनेगा
- धनबाद, रांची, हजारीबाग, रामगढ़, गुमला के अलावा ओडिशा के सुंदरगढ़ से भी प्रतिभागी शामिल हुए

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। लोहरदगा में रविवार को एक्टिवेट स्पोर्ट्स के दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण रहा। लोहरदगा जिला स्विमिंग एसोसिएशन और एफडी एंटरप्राइजेज के तत्वावधान और सौजन्य से आयोजित इस प्रतियोगिता को देखने के लिए बड़ा तालाब के चारों ओर बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे। इसमें महिलाओं की संख्या भी उल्लेखनीय रही। तालाब के आसपास के तमाम छतों में बड़ी संख्या में लोग खड़े होकर इस स्विमिंग प्रतियोगिता का आनंद उठा रहे थे। इसके पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू लोहरदगा उपायुक्त बाद डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस कप्तान आर रामकुमार, सिविल एसडीओ अरविंद कुमार लाल, कार्यपालक दंडाधिकारी अमित कुमार, स्विमिंग एसोसिएशन के सचिव दीपक मुखर्जी और एफडी इंटरप्राइजेज के डायरेक्टर अब्दुल जब्बार अंसारी आदि ने संयुक्त रूप से प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इन्हीं अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि लोहरदगा के लिए 28 अगस्त का दिन काफी सौभाग्यशाली रहा। इतनी बड़ी प्रतियोगिता अनुशासित ढंग से आयोजित होना अपने आप में मिसाल है। पानी का खेल खतरों से भरा होता है। बरसात में तालाब भरा हुआ है। लेकिन जिस तरीके से आयोजकों ने इस का सफल आयोजन किया। उसके लिए हम उन्हें बधाई देते हैं। उन्होंने उपायुक्त डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण से आग्रह किया कि लोहरदगा में स्विमिंग पूल निर्माण के लिए डीपीआर बनाकर दे, हम उसे सरकार से स्वीकृति दिलाएंगे।

उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि लोहरदगा जैसे छोटे जगह में इस तरह के आयोजन की परिकल्पना हमने नहीं की थी। बाहर के जिलों से भी बड़ी संख्या में युवक- युवतियां शामिल हुई। हम उन्हें भी बधाई देते हैं। धनबाद, रांची, हजारीबाग, रामगढ़, गुमला के अलावा ओडिशा के सुंदरगढ़ से भी प्रतिभागी शामिल हुए, यही इस टूर्नामेंट की सफलता की गवाही दे रहा है। उन्होंने आयोजकों को इसके लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि एक साथ ट्रॉफी, कैश अवार्ड,मेडल और प्रमाण पत्र देकर खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इससे आने वाले दिनों में उनकी सहभागिता बढ़ेगी।

पुलिस कप्तान आर रामकुमार ने इस मौके पर कहा कि सचमुच यह झारखंड के लिए अनूठा प्रतियोगिता साबित हुआ। इस प्रतियोगिता में 100 से अधिक प्रतिभागी शामिल होकर इसकी अहमियत को बता दिया है। यह टूर्नामेंट झारखंड तैराकी के लिए मील का पत्थर साबित होगा।उन्होंने राज्य स्विमिंग एसोसिएशन के मुख्य कोच उमेश पासवान के द्वारा पूरे टूर्नामेंट को दिशा देने की भी सराहना की। एसपी की ओर से सुरक्षा के दृष्टिकोण से ड्रोन की व्यवस्था की गई थी। आयोजकों ने चार वोट में गोताखोरों को सेफ्टी जैकेट के साथ तैनात किया था। यह सब इस टूनामेंट की विशेषता को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि ऐसे सद्भावना वाले खेल को लोहरदगा पुलिस हमेशा प्रोत्साहित करेगी। आने वाले दिनों में इस तरह के खेलों का आयोजन बड़े पैमाने पर किया जाएगा।

जिला स्विमिंग एसोसिएशन के सचिव दीपक मुखर्जी ने सबके सहयोग और सफलतापूर्वक टूर्नामेंट संपन्न कराने के लिए लोहरदगा वासियों खासकर सांसद, डीसी, एसपी, एसडीओ, कार्यपालक दंडाधिकारी, सिटी मैनेजर विजय कुमार समेत तमाम सहयोगियों के प्रति आभार जताया।

प्रायोजक एफबी इंटरप्राइजेज के डायरेक्टर अब्दुल जब्बार अंसारी उर्फ जबारुल ने तमाम प्रशासनिक अधिकारियों पुलिस अधिकारियों नागरिकों और अतिथियों के प्रति आभार जताते हुए कहा, कि आप सभी के सहयोग से यह तैराकी प्रतियोगिता जबरदस्त तरीके से सफल हुआ।

इस मौके पर अन्य लोगों के अलावा बलवीर देव, वीके बालान्जिनप्पा, शैलेंद्र कुमार सुमन, मो फहद, अयूब अली, दिनेश पांडेय, संदीप मिश्रा समेत बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

प्रतियोगिता के परिणाम

- 300 मी फ्री स्टाइल अंतर जिला तैराकी प्रतियोगिता प्रथम
- प्रेम किशोर महतो धनबाद- 03:01, अमन कुमार जयसवाल रांची-3.07, और 3. गौरव कुमार राणा हजारीबाग -3.17
- 300 मीटर फ्री स्टाइल तैराकी प्रतियोगिता प्रथम -मोनिका कुमारी रांची4.06, द्वितीय सुमति कुमारी4.07, रांची और तृतीय स्थान पर सुशिता कुमारी रांची 04.54 रही।
- 50 गुना चार मीडले रेस-धनबाद के प्रेम किशोर महतो 1.27 हजारीबाग के हर्षित कुमार राणा 1.29 रांची के अमन कुमार जयसवाल 1.30 क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे।
- मीडले प्रतियोगिता दूसरे जिले के लिए- रांची की मोनिका कुमारी - 02:02, रांची की सुमति कुमारी - 02:20, रांची की शुसिता कुमारी - 02:35 क्रमशः प्रथम द्वितीय और तीसरे स्थान पर रही।
- लोहरदगा जिला के प्रतिभागियों के लिए 300 मी फ्री स्टाइल तैराकी प्रतियोगिता प्रथम जतिन पांडेय- 4.07, द्वितीय विकास उरांव 4.07और तृतीय स्थान पर अफसर आलम 4.54 रहे।
- 300 मीटर ट्यूबरेस प्रतियोगिता प्रथम अफसर आलम, द्वितीय गुड्डू शूजाउद्दीन तृतीय अजय साहू चतुर्थ लक्की साहू रहे।

सर्पदंश से इलाजरत 35 वर्षीय व्यक्ति की हुई सदर अस्पताल में मौत

सिमडेगा। सर्पदंश से गंभीर अवस्था में इलाजरत 35 वर्षीय व्यक्ति की सदर अस्पताल सिमडेगा में रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गई ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जलडेगा के टांगिया पहान टोली निवासी लालू तोपनो अपने घर के आंगन में शनिवार की शाम में टहल रहे थे इसी दौरान जहरीले सांप ने डसा और उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिवार वालों ने उसे इलाज के लिए जलडेगा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां पर इलाज किया गया। लेकिन किसी प्रकार की स्थिति सुधारने हुई तब परिवार वाले उसे सदर अस्पताल सिमडेगा इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां पर अहले सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के पश्चात परिजनों को सौंप दिया।

इलाज के नाम पर दिव्यांग बच्ची से दुष्कर्म, आरोपी तांत्रिक गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

गुमला। जिले के भरनो थाना क्षेत्र की एक नाबालिग दिव्यांग बच्ची के साथ झाड़फूंक से इलाज के नाम पर दुष्कर्म करने वाले तांत्रिक मशान बाबा को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गुमला एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने बताया कि हजारीबाग के इचाक के रहने वाले तांत्रिक संजय विश्वकर्मा के द्वारा भरनो थाना क्षेत्र की एक नाबालिग दिव्यांग बच्ची को झाड़फूंक के बहाने अपनी हवस का शिकार बनाया गया, जिससे पीड़िता गर्भवती हो गयी। आरोपी अपने आप को मशान बाबा कहता है। आरोपी पीड़िता के घर जनवरी माह से ही आ रहा था और तांत्रिक क्रिया से इलाज करने के बहाने मौका देख कर दिव्यांग बच्ची के साथ दुष्कर्म कर रहा था। लगातार दुष्कर्म करने के बाद पीड़ित बच्ची गर्भवती हो गई। तब इसकी जानकारी परिजनों को हुई। जब उन्होंने इस संबंध में पीड़ित बच्ची से पूछताछ की तो उसने मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी। जिसके

बाद परिजनों के द्वारा पूरे मामले की जानकारी भरनो पुलिस को दी गई। पुलिस ने कांड दर्ज करते हुए आरोपी तांत्रिक बाबा को हजारीबाग के इचाक से गिरफ्तार कर गुमला लाया। आरोपी तांत्रिक बाबा ने बच्ची के परिजनों से 25 हजार रुपये भी ठग लिए। इसके अलावा आरोपी पर दर्जनों लोगों से घर में पूजा पाठ कराने के नाम पर लाखों रुपये ठगने का आरोप है। एसडीपीओ ने बताया कि इन मामलों में छानबीन की जा रही है। मामला उजागर होने के बाद आरोपी को उसके घर इचाक से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

भंडरा में दुकान से चोरी की घटना को अंजाम देने वाले गैंग का पदार्फाश

ग्रामीणों ने सरगना समेत पांच चोरों को रंगेहाथ पकड़कर पुलिस को सौंपा

नवीन मेल संवाददाता

भंडरा/लोहरदगा। भंडरा थाना क्षेत्र के कचमची एवं चट्टी के दुकानों से चोरी की घटना अंजाम देने वाले गैंग को ग्रामीणों ने रविवार को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया है। चोरो की पहचान भूषण टोप्पो उम्र 19 पिता आसिम टोप्पो, संतोष उरांव उम्र 19 पिता महता उराँव, रोहित महली उम्र 20 पिता रामनाथ महली, करण महली उम्र 19 पिता मुन्ना महली एवं जेना उराँव उम्र 22 पिता मानू उराँव सभी आरोपी कांजो महुआ टोली के रहने वाले हैं। जानकारी के अनुसार शनिवार की मध्य रात्रि में कचमची बाजार टाड़ स्थित अंशु मोबाइल दुकान में चोरी की घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से चार से छः चोरो का गिरोह पहुंचा था। चोरी करने के लिए

भुनेश्वर साहू के दुकान का अल्बेस्ट्स छत को तोड़कर दुकान के अंदर घुसे एवं जंहा धान का ढेर था उसी दीवाल से सटे अंशु मोबाइल दुकान के दीवार को सेंध मारी कर तोड़कर घुसने के उद्देश्य से दीवार तोड़ रहे थे जिसकी आवाज सुनकर ग्रामीणों को दुकानों में चोरी होने की शंका हुई जिस पर ग्रामीणों ने फोन के माध्यम से आसपास के ग्रामीण जुटे एवं चोरो को पकड़ने के लिए दुकान की ओर बढ़े चोरो को ग्रामीणों के आने की आवाज सुनकर सभी घटना स्थल से भाग निकले जिसके बाद ग्रामीणों ने पीछा करते हुऐ कांजो महुआ टोली से चोरों को पकड़कर कचमची गांव लाया गया। जहाँ ग्रामीणों द्वारा पांच चोरो को बंधक बनाकर पूछताछ किया गया। जिसमें उनलोगों ने अपना अपराध कबूला किया। बताया की चट्टी एवं कचमची के कई दुकानों में चोरी की घटना को अंजाम देने की संलिप्तता बताई। मौके पर पहुंचकर थाना प्रभारी गौतम कुमार एवं एसआइ विकास विश्वकर्मा ने सभी आरोपी को गिरफ्तार कर थाना लाया। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया की मुख्य आरोपी भूषण टोप्पो को गिरफ्तार कर लिया गया है और पूछताछ किया जा रहा है।

कुडू चंदवा मुख्यपथ पर भीषण हादसा

चेचिस ट्रक की चपेट में आकर एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

नवीन मेल संवाददाता

कुडू - लोहरदगा। कुडू चंदवा मुख्य पथ के एनएच 75 में थाना क्षेत्र के टीको पुल के समीप रविवार की शाम करीब 3:30 बजे एक चेचिस ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र ग्राम विश्रामगढ़ गढ़ाटोली निवासी बालकु उरांव का पुत्र जीतराम महली 32 और योगेंद्र उरांव का पुत्र सरोज महली 20 टीवीएस अपाची बाइक जेएच 01 एआर - 7456 से जीतराम के साढू सुरेश उरांव को लाधुप पहुंचा कर कुडू आ रहे थे इसी बीच इनकी बाइक टीको पुल के समीप एक तेज रफ्तार चेचिस ट्रक की चपेट में आ गई जिससे सरोज महली की मौके पर ही मौत हो गयी और पीछे बैठा जीतराम उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का सीएचसी कुडू में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने रिम्स रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक सरोज केरल में काम करता था और कुछ दिन पूर्व ही घर लौटा था। पुलिस ने चेचिस को अपने कब्जे में ले लिया है।

कैरो थाना में सीओ की अगुवाई में शांति समिति की हुई बैठक

नवीन मेल संवाददाता

कैरो/ लोहरदगा। रविवार को कैरो थाना परिसर में सीओ कमलेश उरांव की अध्यक्षता में मासिक शान्ति समिति की बैठक हुई। बैठक में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर विचार विमर्श किया गया। मौके पर सीओ कमलेश उरांव ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे लोग सुख शांति से अमन चैन के साथ रहे यही हमारी प्राथमिकता है। कहीं पर अशांति न फैले इस पर हम सभी को देखना है। समाज के प्रबुद्ध लोगो का दायित्व है। आने वाले हरितालिका तीज, कर्मा पर्व व विश्वकर्मा का त्योहार आप सभी प्रखंड वासी शांति पूर्वक

मनाएं। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सड़क सुरक्षा के दृष्टि से लगातार पुलिस गश्ती जारी रखने का सुझाव पुलिस प्रशासन को दिया। वहीं खंडा जोड़ा पुल पर दुर्घटना को रोकने के लिए प्रशासन से रेडियम उक्त बेरिकेडिंग बनाने की बात कही। अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र, कोयल नदी तट पर स्थित आई टी आई भवन क्षेत्र में जुआ, चोरी एवं डॉ. अनुग्रह नारायण उच्च विधालय के मुख्य द्वारा पर दरवाजा पर चर्चा किया गया। प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव ने कहा हमारा प्रखंड क्षेत्र में हरेक पर्व सभी धर्मों का आपसी प्रेम भाई चारगी के साथ एक होकर मनाया जाता है। हम सभी का कर्तव्य बनता है कि सभी लोग कही भी किसी भी शरारती तत्वों के द्वारा अशांति फैलाने का प्रयास किया जाता है तो तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचित करे। मौके पर एसआई हरिऔध करमाली ने अपील किया कि छोटे-छोटे बच्चों को मोटरसाईकल चलाने से रोके व जो भी व्यक्ति घर से बाहर मोटरसाईकल से निकलते हैं तो हैल्मेट जरूर से लगाये। उन्होंने कहा क्षेत्र में शांति बनी रहे इसके लिए पुलिस प्रशासन हमेशा सजग है। मौके पर एएसआई उपेंद्र सिंह, बिपिन सिंह, मुखिया श्रवण मुंडा, शरत कुमार विधार्थी, समीद अंसारी, परवीन साहू, नाजिर आलम खान, शतिष पांडे, सूरज मोहन साहू, जितेंद्र उरांव, संजीव शुक्ला, जमील अख्तर, जियाउल अंसारी, इम्तियाज अंसारी आदि उपस्थित थे।

मोबाइल में बात करने पर पिता की डांट से गुस्साई नाबालिग युवती ने की आत्महत्या का प्रयास

सिमडेगा। पिता के द्वारा मोबाइल में बात करने से रोकने पर नाराज 17 वर्षीय नाबालिक युवती ने कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया जिसे गंभीर अवस्था में इलाज हेतु सदर अस्पताल सिमडेगा में भर्ती कराया गया है। घटना के संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार कोचेडेगा टोकिडुबा गांव के रामजीत बड़ाईक की 17 वर्षीय नाबालिग बेटी रात में फोन पर बात करती थी इसकी जानकारी पिता को हुआ तब पिता ने उसे इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए फटकार लगाई। तब गुस्से में नाबालिक ने कीटनाशक पीकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। कीटनाशक पीने के बाद उसकी तबीयत बिगड़ी तो इधर उसे आनन-फानन में अस्पताल लाया है जहां पर उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई थी।

मंत्रोच्चार के साथ लगाया गया देव वृक्ष कल्पतरु का पौधा

शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में राष्ट्रीय खेल दिवस की पूर्व संध्या पर हुआ पौधरोपण

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। विद्या मंदिर के प्रांगण में अपने विभिन्न संगठनों से जुड़े अनेक महानुभावों की उपस्थिति में पौधरोपण का पुनीत कार्य संपादित किया गया। इस मौके पर रांची निवासी छात्र निखिल मेहुल के सौजन्य से देव वृक्ष कल्पतरू का पौधा उपलब्ध कराया गया और अपने विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने अपने हाथों इस पवित्र पौधे का रोपण किया। इस मौके पर निखिल मेहुल ने इस पौधे की विशेषता बताते हुए कहा कि यह कल्पवृक्ष का पौधा अपने पौराणिक मान्यता अनुसार समुद्र मंथन के समय निकला था। यह कामना तरु

के नाम से भी जाना जाता है। इसमें अनेक औषधीय गुण भी हैं। यह वृक्ष जल संचय करने एवं ऑक्सीजन देने में सर्वोपरि है। यह अत्यंत दुर्लभ एवं लाभकारी वृक्ष है। विद्या मंदिर में यह सुरक्षित रहते हुए यहां के लोगों को अपने गुणों से अवश्य लाभान्वित करेगा। पौधरोपण के इस कार्यक्रम में दर्जनों सीता अशोक के साथ-साथ आम, तेजपत्ता एवं नीम इत्यादि के पौधे लगाए गए। इस मौके पर अपने विद्यालय के अनेक पुरातन छात्रों ने अपनी उपस्थिति से इस कार्यक्रम को यादगार बनाया। इस अवसर पर पुरातन छात्र प्रदीप कुमार महतो, अभिनव कुमार, विवेक महत्व, सूरज कुमार, रिशु कुमार, उदय कुमार महतो उपस्थित हुए। इस मौके पर विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के सचिव अजय प्रसाद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर संघचालक पुष्कर महतो, शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास, शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडेय, मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी, सेवानिवृत्त व्याख्याता गोविंद साहू के साथ देवेंद्र कुमार मंडल, सतीश चंद्र ठाकुर, सत्येंद्र कुमार मिश्र, विजय सिंह गहलोत, रामविलास महतो, विवेक कुमार सिन्हा, प्रकाश महतो, श्याम कुमार महतो, प्रमेंद्र सिंह, गोरख पांडेय, विष्णु दत्त पांडेय, राजीव कुमार सिंह, अमर कांत शुक्ला, मधुमिता शर्मा, अनीता देवी तथा अन्य आचार्य बंधु भगिनी, सेवक सेविकाएं और विद्यालय के भैया बहन उपस्थित हुए। वृक्षों की सुरक्षा करने के संकल्प के साथ यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

गणेश चतुर्थी, तीज व करमा को लेकर सेन्हा थाना में शांति समिति की हुई बैठक

सेन्हा-लोहरदगा। आगामी पर्व गणेश चतुर्थी, तीज व करमा को लेकर सेन्हा थाना में शान्ति समिति का बैठक आयोजित किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा की अध्यक्षता में शान्ति समिति का बैठक आयोजित किया गया। बैठक में मुख्य रूप आगामी पर्व त्योहार सौहार्द व शान्ति पूर्वक मनाने के विषय पर चर्चा किया गया। मौके पर मौजूद बी डी ओ अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि पर्व त्योहार उल्लास के लिये होता है। सभी लोग शान्ति पूर्वक भाईचारगी और सौहार्द के साथ मनाने का प्रयास कीजिये जिससे समाज मे मानवता का संदेश पँहुचे और मित्रवत भावना बना रहे। वही प्रभारी थाना प्रभारी संतोष कुमार ने कहा कि त्योहार मनाने के क्रम में किसी तरह की परेशानी होती है तो तत्काल थाना को सूचित करें और पर्व त्योहार के दौरान किसी तरह का अफवाह न फैलाये और शान्ति भंग करने का प्रयास नही करें। कोई भी व्यक्ति शान्ति भंग कर गलत करने का कार्य करेगा वैसे लोगो पर चिन्हित कर कठोर कानूनी करवाई किया जायेगा । मौके पर एसआई अनिता भगत, एएसआई गंगादयाल मिश्रा, दिनेश प्रसाद सिंह, मुखिया शोभा देवी, पार्वती उरांव के अलावे सत्यकाम श्रीवास्तव,परमेश्वर लोहरा,मुकेश शर्मा सहित सैकड़ो शान्ति समिति सदस्य के लोग मौजूद थे।

न्यूज गैलरी

दुर्गापूजा समिति की बैठक में अध्यक्ष व महासचिव का चयन

मेदिनीनगर। थाना रोड स्थित दुर्गा मंडप में शहर के विभिन्न दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों के द्वारा रविवार को आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से दुर्गा प्रसाद जौहरी को अध्यक्ष व प्रभाष दास गुप्ता को महासचिव निर्वाचित किया गया। बैठक में कहा गया की कोरोना काल का दौर समाप्त हो गया है। ऐसे में इस वर्ष प्रतिबंध मूक्त पूजा हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जौहरी ने की। बैठक में कहा गया की माता रानी का पूजोत्सव इस वर्ष 28 सितम्बर से प्रारंभ होकर 6 अक्टूबर को समाप्त होगा। बैठक में पूजोत्सव के दौरान शहर की साफ सफाई और निर्बाध विद्युत आपूर्ति और सुरक्षा के बेहतर माहौल के लिए जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित करने की बात कही गई। वहीं शहर के पूजा समिति को सम्मानित करने की बात कही गई। महासमिति के विस्तार के लिए श्री दुर्गा पूजा महासमिति के नवनिर्वाचित केंद्रीय अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जौहरी को अधिकृत किया गया। बैठक में प्रभाष दास गुप्ता,ललन सिन्हा,कल्याण वर्मा,नवीन तिवारी,सोनू सिंह नामधारी,ब्रजेश शुक्ला,बीएम पांडेय,मुन्ना सिंह,विकास दूबे,धीरज मिश्रा,चंदन तिवारी,संजीत तिवारी, मनीष भिवानियां,जितेंद्र सोनी,सतीश तिवारी,रुपा सिंह,किरण अग्रवाल,रुबी सिंह,प्रदीप अग्रवाल,अनील दुबे,संजय वर्मन,कमल गुप्ता,राज कुमार वर्मन,सुधीर सौंडिक,सुमीत भट्टाचार्य, अविनाश सिन्हा छोटू, रचिता शरण,संजय राज,महेश तिवारी,मोनू सिंह,प्रेमशंकर गुप्ता व संजय कुमार सहित विभिन्न पूजा समिति व केंद्रीय महासमिति के सदस्य मौजूद थे।

मुखिया संघ की बैठक में आन्दोलन की चेतावनी

पाटन। सगुना पंचायत सचिवालय में मुखिया संघ द्वारा बैठक की गई। इसमें सभी पंचायत के मुखिया व प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता रणजीत सिंह ने की । जिसमें पाटन बीडीओ के समक्ष प्रखंड मुख्यालय में आन्दोलन करने की चेतावनी दी गई। इस संबंध में मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि 24 अगस्त को पाटन बीडीओ मनोज कुमार तिवारी के समक्ष अपने सात सूत्री मांग को लेकर ज्ञापन सौपा है। जिसपर अभी तक बीडीओ के द्वारा कोई ठोस पहल नहीं किया गया है। जिससे मुखिया संघ में नाराजगी है। उन्होंने कहा कि अगर एक दो दिन में सात सूत्री मांग पर बीडीओ के द्वारा लिखित रूप से कोई पहल नहीं किया जाता है तो मुखिया संघ इसके लिए आन्दोलन करेगी । ज्ञात हो कि सात सुत्री मांग में पेंशन योजना,आवास योजना में स्वयंसेवक की भूमिका,जनवितरण प्रणाली व अन्य योजनाओ से संबंधित सात मामले की मांग की गई है। मौके पर मुखिया सुमन गुप्ता,मुखिया अखिलेश पासवान, मुखिया रणजीत कुमार, मुखिया जैनुल सिद्दीकी,मुखिया मंजू देवी, मुखिया अजय पासवान ,मुखिया पति मुकेश सिंह, हित नारायण सिंह, मुखिया पति लक्ष्मण राम ,मुखिया पति इकबाल अंसारी सुठा,मुखिया पति शिव शंकर प्रसाद व अन्य प्रतिनिधि मौजूद थे।

राजस्व उपनिरीक्षकों का आज से कलम बंद हड़ताल

मेदिनीनगर। झारखंड राज्य राजस्व उप निरीक्षक संघ के आवाहन पर कल सोमवार को पलामू के सभी राजस्व उपनिरीक्षक कलम बंद हड़ताल पर रहेंगे। यह जानकारी राजस्व निरीक्षक संघ के पलामू जिला अध्यक्ष धर्मराज मिश्रा ने दिया। उन्होंने कहा कि संघ की 11 सूत्री मांग पर सरकार विचार नहीं कर रही है। उनका मामला काफी दिनों से लंबित है। कई बार अनुरोध करने के बावजूद सरकार इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। इसलिए 11 सूत्री मांगों के समर्थन में आंदोलन प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि सोमवार को राजस्व उपनिरीक्षक कलम बंद हड़ताल पर रहेंगे । जबकि 2 सितंबर को राज्य के सभी जिला मुख्यालय पर मशाल जुलूस निकाला जाएगा। श्री मिश्रा ने बताया कि संघ की ओर से राजस्व प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने, अंचल निरीक्षकों की सीधी बहाली पर रोक लगाने जैसी कई अन्य मांग है।

युवा जागृति केंद्र नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट- 2022 का भव्य उद्घाटन

मेदिनीनगर। सामाजिक युवा संगठन युवा जागृति केंद्र की भंडरिया प्रखंड समिति के द्वारा स्थानीय प्लस टू हाई स्कूल के मैदान में युवा जागृति केंद्र नॉकआउट फुटबॉल टूनामेंट का उद्घाटन केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिन्हा, प्रखंड विकास पदाधिकारी,भंडरिया विपिन कुमार भारती, थाना प्रभारी संजय कुमार खाखा, जिला परिषद सदस्य हीरवंती देवी, भंडरिया प्रमुख रुकमणी देवी, भंडरिया उप प्रमुख श्रद्धा देवी एवं पंकज श्रीवास्तव के द्वारा सम्मिलित रूप से किया गया। कार्यक्रम का संचालन युवा जागृति केंद्र के भंडरिया प्रखंड समिति अध्यक्ष उपेंद्र विश्वकर्मा ने किया। कार्यक्रम में केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिन्हा ने कहा कि स्वस्थ जीवन शैली एवं अनुशासित जीवन के लिए खेल बहुत महत्वपूर्ण है। युवा जागृति केंद्र युवाओं के बीच खेल एवं जागरण के माध्यम से राष्ट्रभक्ति एवं अनुशासन की भावना का प्रसार कर रहा है। प्रखंड विकास पदाधिकारी विपिन कुमार भारती ने कहा कि युवा जागृति केंद्र के कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं । जिला परिषद सदस्य हीरवंती देवी ने भी सभी खिलाड़ियों से मिलकर उन्हें शुभकामनाएं दी। टूर्नामेंट का स्वागत मैच कस्तूरबा गांधी विद्यालय,भंडरिया तथा हाई स्कूल,भंडरिया की बालिकाओं के बीच खेला गया। जिसमें हाई स्कूल भंडरिया की बालिकाओं ने एक गोल से विजय प्राप्त की। केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिन्हा के द्वारा उन्हें कप देकर सम्मानित किया गया। मुख्य टूर्नामेंट का प्रथम मैच बड़गड़ एवं महुगाई के बीच खेला गया । जिसमें बड़गड़ की टीम ने महुगाई की टीम को एक गोल से पराजित किया। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता रविशंकर, शशि पांडे, भोला जी, युवा जागृति केंद्र के केंद्रीय सचिव मुकेश विश्वकर्मा, वरिष्ठ सदस्य कमलेश कुमार सिंह, जिला सचिव राकेश विश्वकर्मा, रजनीकांत सिंह, मंगल सिंह, अमित रंजन,नीरज तिवारी, वाईजेकेएसएफ के प्रमंडलीय अध्यक्ष प्रिंस सिंह, जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह, सिंपल,भंडरिया प्रखंड उपाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, प्रखंड सचिव विजय सिंह, कोषाध्यक्ष विपिन मिश्रा, विशेसर सिंह,योगेंद्र सिंह, ध्यान सिंह एवं दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जिला कार्यालाय में राष्ट्रीय जनता दल की हुई बैठक

संगठनात्मक चुनाव को लेकर हुई विशेष चर्चा

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। राष्ट्रीय जनता दल के जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष सूरज सिंह के अध्यक्षता में जिला कार्यसमिति की बैठक की गई। इस बैठक में जिला के निर्वाचन पदाधिकारी फैज उल हक जी की उपस्थिति में जिला के संगठनात्मक चुनाव को लेकर विचार विमर्श किया गया। जिसमें 29 अगस्त से 2 सितंबर तक प्रखंड अध्यक्ष का चुनाव होगा। 6 सितंबर से 12 सितंबर तक जिला अध्यक्ष का चुनाव होगा। जिसमें जिले के 20 वो प्रखंड के लिए प्रभारी की नियुक्ति की जायेगा। एवं सभी को दिशा निर्देश दिया गया। यथाशीघ्र चुनाव कराकर जिला एवं प्रदेश को सूचित करें संगठनात्मक चुनाव संपन्न होने के बाद जिले में सम्मेलन कराया जाएगा और आने वाले चुनाव को लेकर राष्ट्रीय जनता दल पूरे जिले में अभियान चलाकर लोगों को जोड़ने

काम करेगा। इस क्रम में चिनिया कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष चंद्रिका यादव जी राष्ट्रीय जनता दल में आस्था रखते हुए पुनः अपने घर में वापसी की है। वहीं लाल मोहम्मद सिद्दीकी जीने लालू जी में आस्था रखते हुए पार्टी के नीति सिद्धांत से प्रभावित होकर ज्वाइन किया। कार्यक्रम में बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर भागवत यादव जी, विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी नरेश प्रसाद सिंह, शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामनाथ पासवान, वरीय उपाध्यक्ष डॉक्टर मुरली प्रसाद गुप्ता, प्रधान महासचिव धर्मराज राम, उपाध्यक्ष कामाख्या सिंह, अशोक यादव, महासचिव महेंद्र पाल, सुरेश विश्वकर्मा, साहिल परवेज, कामेश्वर यादव , हरीनाथ चंद्रवंशी, अशोक सिंह, विनोद चंद्रवंशी, मोहम्मद जिला सचिव अनीस अंसारी, प्रदीप ठाकुर, युवा राजद जिला अध्यक्ष विनीत राम, अनुसूचित जाति जिला अध्यक्ष नागेंद्र कुमार भुईयां, विष्णु रावत, वीरेंद्र सोनी, राजद प्रखंड अध्यक्ष नौशाद अली, जैनुल्ला अंसारी, शिव नारायण चौधरी, शेख शकील खान, जगनारायण यादव, रामेश्वर सिंह खरवार, कमलेश प्रसाद, जगदीश यादव, रामनिवास यादव, जगदीश यादव, बजरंग यादव, सुभाष चंद्र मेहता, मुद्रिका यादव, रशीद अंसारी, संतोष सिंह, दीनानाथ प्रसाद, हाजी आबिद हुसैन, इरफान रजा सहित जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी गण प्रखंड के पदाधिकारी गण सहित सैकड़ों की संख्या में राष्ट्रीय जनता दल के समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

6 दिसम्बर को डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा का होगा अनावरण: अजय

नवीन मेल संवाददाता

केतार। प्रखंड मुख्यालय स्थित लोहिया समता उच्च विद्यालय के प्रांगण में रविवार को प्रखंड के प्रबुद्धजनों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता शिव कुमार सिंह और संचालन छोटन सिंह ने किया।इस बैठक में सर्वसम्मति से संविधान रचयिता बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की आदम कठ प्रतिमा का अनावरण उनके महापरिनिर्वान दिवस पर 6 दिसम्बर को कराने का निर्णय लिया गया। इसकी जिम्मेवारी अम्बेडकर युवा क्लब को सौंपा गया। इसके लिए 11 सदस्यीय कमिटी बनाई गई।इस अवसर पर समाजिक कार्यकर्ता अजय वर्मा ने कहा की दो वर्ष पूर्व ही केतार सब्जी बाजार में बाबा साहब का प्रतिमा बनाकर तैयार है,6 दिसम्बर को प्रतिमा का अनावरण होगा। उन्होंने बताया की प्रतिमा पीतल धातु से निर्मित है इसका वजन 2 किवंटल 51 किलों का है।उक्त बैठक में वरिष्ठ समाजसेवी रामविचार साहू, अजय वर्मा, 20 सूत्री सदस्य संजय सिंह खरवार,ललू राम, कृष्णा राम लालेश्वर राम जसमुदीन अंसारी नरेश बैठा, सुदर्शन सिंह, अशर्फी मेहता , परशुराम साह, मनोरंजन कुमार गुप्ता,रमेश कुमार ,मुन्ना कुमार ,मुकेश राम रविशंकर सिंह रमाकांत भारती, शिवदत्त राम, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

नया सर्वे खतियान से भी बनेगा जाति प्रमाण पत्र : राकेश सहाय

नवीन मेल संवाददाता

बरवाडीह। प्रखंड में जाति प्रमाण पत्र बनाए जाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान में नया सर्वे खतियान नहीं रहने से जाति प्रमाण पत्र बनने में हो रही दिक्कतो को दूर करते हुए बीडीओ राकेश सहाय ने प्रखंड के सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया कि नया सर्वे खतियान से भी मुखिया द्वारा वंशावली सत्यापन कर जाति प्रमाण प्रमाण पत्र बनाया जाएगा। बीडीओ ने बरवाडीह प्रखंड के सभी प्राचार्य, प्रधानाध्यापक ,एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक को कहा है कि नया हाल सर्वे के आधार पर यानी नए खतियान के आधार पर भी स्कूली छात्रों का जाति प्रमाण पत्र निर्गत किया जाएगा उन्होंने कहा किइसी वजह से हाल सर्वे के आधार पर ग्राम सभा के माध्यम से जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए जो27अगस्त,को आमसभा होने थेसे संबंधी पत्र निर्गत किया गया था। उसे रद्द कर दिया गया था क्योंकि हाल सर्वे के आधार पर अब जाति प्रमाण पत्र उसी तरीके से निर्गत किया जाएगा। जिस ढंग से पुराने खतियान के आधार पर निर्गत हो रहा है। उन्होंने कहा कि हाल सर्वे के आधार पर जो फॉर्म भरे जाएंगे। उन बच्चों के वंशावली का सत्यापन मुखिया या ग्राम प्रधान करेंगे और राजस्व कर्मी उसे सत्यापित करेंगे। बीड़ीओ ने कहा अब इसमें कोई कंफ्यूजन, कोई भ्रम, कोई संदेह नहीं रह जाना चाहिए। अब यह स्पष्ट कर दिया जा रहा है कि हाल सर्वे के आधार पर भी स्कूली छात्रों का जाति प्रमाण पत्र निर्गत किया जाएगा.सभी विद्यालय इस कार्य को किसी भी तरीके से 1 सप्ताह के अंदर पूर्ण करें और अब कोई भी बच्चा जिसके पास हाल सर्वे का खतियान है वह जाति प्रमाण से वंचित नहीं रहना चाहिए।

केंद्रीय विद्यालय संगठन रांची संभाग के 51वां संभागीय खेल-कूद प्रतियोगिता का समापन

नवीन मेल संवाददाता

रांची। 27 अगस्त 2022 से 28 अगस्त 2022 तक केन्द्रीय विद्यालय नामनुज, रांची में केन्द्रीय विद्यालय संगठन रांची संभाग के द्वारा क्षेत्रीय स्तर पर छात्राओं के लिए अंडर-17 एवं अंडर-14 बास्केट बॉल, खो-खो एवं कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में राँची संभाग के 17 विभिन्न केन्द्रीय विद्यालयों के 334 छात्राओं ने भाग ले कर अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 51वाँ संभागीय खेल-कूद प्रतियोगिता प्रतियोगिता का उद्घाटन 23 अगस्त को केन्द्रीय विद्यालय संगठन, रांची संभाग के सहायक आयुक्त सुरेश सिंह के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। अपने उद्बोधन के दौरान सहायक आयुक्त महोदय ने सर्वप्रथम रॉची

संभाग के अन्य केन्द्रीय विद्यालयों से आए प्रतिभागियों एवं अनुरक्षको का स्वागत किया एवं यह संदेश दिया कि यदि आपके पास कुछ करने का कारण है, और आपके पास पर्याप्त जुनून है, तो अवश्य सफल होंगे। परंतु इस जूनून के बीच हमें खेल भावना का सम्मान भी करना होगा। अंडर-17 बास्केट बॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान केन्द्रीय विद्यालय चन्द्रपुरा धर्मल पावर स्टेशन ने हासिल किया। अंडर-17 कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान केंद्रीय विद्यालय BTPS द्वितीय ने हासिल किया। स्थान केन्द्रीय विद्यालय नामकुम अंडर-14 कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान केन्द्रीय विद्यालय नामकुम ने हासिल किया। तत्पश्चात केंद्रीय विद्यालय नामकुम में आए सभी प्रतिभागियों के हौसला बढ़ाते हुए विद्यालय प्रबंधन समिति की नामित अध्यक्षा महोदया ले. कर्नल श्रीमती रीना झा 124 इन ब्रि. ने रामधारी सिंह दिनकर की और कार्यक्रम संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में केन्द्रीय विद्यालय संगठन रांची संभाग के उपायुक्त डी. पी. पटेल ने अपने सम्बोधन में प्रतिभागियों के शारीरिक क्षमता की सराहना की सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए उपायुक्त महोदय ने 51वां संभागीय खेल-कूद प्रतियोगिता का समापन किया।

आर्म्स एक्ट के फरार अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

मयूरहंड(चतरा)। मयूरहंड थाना कांड संख्या 88/20 आर्म्स एवं यूएपी ऐक्ट के फरार अभियुक्त अर्जुन यादव ग्राम ढ़ौठवा थाना कटकमसांडी को पुलिस ने गुप्त सूचना पर हजारीबाग जिले के दारु थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2020 में मयूरहंड थाना क्षेत्र के कुंदरी साप्ताहिक हाट में झोंझी गांव के एक युवक की हत्या नक्सली संगठन से मिलकर करने का आरोप था अर्जुन और लंबे समय से फरार चल रहा था। जिसे पुलिस टीम ने गुप्त सुचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया। जिसके बाद कागजी प्रक्रिया पुरी कर जेल भेज दिया गया। टीम में अवर निरीक्षक अनिरुद्ध कुमार सिंह, श्रीराम पंडित एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

दादी प्रकाशमणि जी के 15वें पुण्य स्मृति दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बैरिया स्थित शाखा में संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणिजी के 15वें पुण्य स्मृति दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष कौशल किशोर जायसवाल ने कार्यक्रम का उद्घाटन परिसर में विलुप्त प्रजाति के पौधा हिमाचल के कपूर और नेपाल का रुद्राक्ष का पौधा पर्यावरण के प्रार्थना के साथ लगाते हुए कहा कि मृत आत्मा की शांति के लिए पिंड पानी और धरती मां के धधकती आत्मा के शांति के लिए धरती मां को पौधा पानी देना जरूरी है। ठीक उसी तरह एक वृक्ष लोगों को 10 तरह की सहायता करता है। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा की आजादी के अमृत महोत्सव पर इस वर्ष प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था के द्वारा कल्पतरु कार्यक्रम का उद्घाटन आकाशवाणी डालटेनगंज के प्रांगण से और समापन आज करने का अवसर मिला है। दादी जी के बताए मार्ग पर चलने का सभी को प्रयास करना होगा । जिन्होंने अध्यात्म के पथ पर चलकर समस्त मानवता के कल्याण का कार्य किया। दादीजी निरंतर योगी, दूरदृष्टा और कुशल प्रशासक थी, उनके नेतृत्व ने संस्था को असीम ऊंचाइयां दी। तथा विश्व के 138 देशों में आध्यात्मिक ज्ञान का प्रकाश फैलाया। उन्होंने माताओं बहनों को शक्ति का स्वरूप दिया। समाज में शांति, सद्भावना तथा नैतिक मूल्यों की स्थापना के लिए की जा रही सेवाओं के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ ने उन्हें 'शांति दूत' सम्मान से नवाजा। ऐसी महान विभूति दादीजी ने 25 अगस्त 2007 को अपनी भौतिक देह का त्याग कर अव्यक्त स्थिति को प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल तथा सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा ने भी दादीजी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कौशल किशोर ने पर्यावरण को हरा भरा रखने के लिए सभी को वृक्ष लगाने की प्रेरणा दी ।

पाटन के मजदूर की हैदराबाद में मौत

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पाटन प्रखंड अंतर्गत सेमरी गांव के 25 वर्षीय युवक सुधीर चंद्रवंशी की मृत्यु हैदराबाद में हो गई । युवक वहां एक कंस्ट्रक्शन कंपनी में काम करता था । घटना की जानकारी मिलते ही पाटन पश्चिमी के जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह पीड़ित परिवार से मिलने सेमरी गांव पहुंचे । श्री सिंह ने मृतक के परिवार को दस लाख रुपए क्षतिपूर्ति के रूप देने की मांग झारखंड सरकार से की है । मृतक का अंतिम संस्कार रविवार को गांव के श्मशान मे किया गया । मृतक के पिता सरयू चंद्रवंशी ने मुखाग्नि दी । श्री सिंह ने कहा कि क्षेत्र से अगर कोई मजदूर जिला से बाहर जाता है तो उसे प्रवासी मजदूर का प्रमाण पत्र लेकर जाना चाहिए । योगदान करने वाले कंपनी का प्रतिनियुक्ति पत्र की सूचना कंपनी को संबंधित थाना में देना चाहिए ।श्री सिंह ने कहा कि जिला से बाहर मजदूरों को नियोजित करने के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं प्रारंभ की गई है ।जिसका लाभ क्षेत्र के युवकों को उठाना चाहिए।

अधिवक्ता के घर में लगी आग फायर ब्रिगेड की मदद से पाया गया काबू

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित अधिवक्ता अजीत कुमार दुबे के घर रविवार की सुबह अचानक आग लग गयी। आग लगने के बाद मकान मालिक ने इसकी जानकारी शहर थाना को दी।आग लगने की सूचना मिलते ही टीओपी टू प्रभारी रूद्रानंद सरस और शहर थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर इसकी जानकारी फायर ब्रिगेड को दी। इसके बाद फायर ब्रिगेड की वाहन घटनास्थल पर पहुंचकर आग को बुझाने में सफल रही। वही भुक्तभोगी अजीत कुमार दुबे ने बताया कि शार्ट

सर्किट से अचानक घर में आग लग गई । जिसमें घर का आधा से अधिक सामान जलकर खाक हो गया। उन्होंने बताया कि इस अगलगी की घटना में लाखों की संपत्ति जलकर खाक हो गयी है।

केंद्र की सरकार विधायक खरीद फरोस्त में व्यस्त : केएन त्रिपाठी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। केंद्र की सरकार पूरे देश में गैर भाजपा शासित राज्य में विधायक खरीद-फरोख्त कर सरकार बनाने में लगी है। महंगाई व अकाल बेरोजगारी से लेना देना नही है। उक्त बातें पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने पोलपोल में किसान चौपाल मे सभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सरकार को महंगाई बेरोजगारी से कोई लेना देना नहीं है। हिंदुत्व राष्ट्रवाद की झूठी बातें कर बीजेपी के लोग जनता को दिग्भ्रमित कर करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र, बिहार मध्य प्रदेश, झारखंड आदि राज्यों में जहां बीजेपी को जनता नकार चुकी थी। वैसे लोग विधायक को एन केन प्रकारेण सरकार बनाने में जुटे हैं । वही जो विधायक इनकी बात नहीं मानते उनको सीबीआई, ईडी ,इनकम टैक्स का डर दिखाया जाता है । उन्होंने कहा कि केंद्र की सरकार गरीब विरोधी है। केंद सरकार के कारण ही आज देश में महंगाई चरम सीमा पर है । देश में आज इस तरह की परिस्थितियां उत्पन्न हुई है । उन्होंने कहा कि सरकार का खजाने का पैसा आम आदमी तक नहीं पहुंच करके अडानी के पास जा रहा है। उन्होंने कहा कि विदेश में जो काला धन गया वह वापस नहीं आया । उन्होंने कहा कि केंद्र की सरकार चाहती है कि प्रत्येक राज्य में उसका सरकार बने । उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पलामू को अकाल घोषित नहीं किया। जबकि पलामू भयानक अकाल की चपेट में है। उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल अकाल तभी खत्म होगा जब मुख्यमंत्री का कुर्सी पर पलामू का लाल बैठेगा ।उन्होंने कहा कि महंगाई के खिलाफ लड़ाई राज्य स्तर पर लड़ना होगा । इस मौके पर कार्यक्रम का संचालन विवेकानंद त्रिपाठी ने किया। मौके पर निर्मल तिवारी, रामप्रवेश सिंह, मंगल पांडेय,भीम चंद्रवंशी, रघुनाथ सिंह आदि ने भी अपना अपना विचार व्यक्त किया वह महंगाई के बारे में केंद्र सरकार की आलोचना की।इस मौके पर सुरेश तिवारी ,देवेंद्र सिंह, सुनील सिंह, जेपी सिंह, घनश्याम यादव, सुधीर सिंह, मलिक सिंह महंग राम,कामता सिंह, धर्मेंद्र चौधरी, मनोज कुमार, महताब अंसारी समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

पहली बार होगी 690 प्रयोगशाला सहायकों की नियुक्ति

आज से आवेदन शुरू

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। राज्य में पहली बार प्रयोगशाला सहायकों के रिक्त 690 पदों पर नियुक्ति होने जा रही है। इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। अभ्यर्थी 28 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं। इस संबंध में जेएसएससी ने विज्ञापन जारी किया है। अभ्यर्थियों द्वारा 30 सितंबर की मध्य रात्रि तक परीक्षा शुल्क का भुगतान किया जा सकेगा। फोटो व हस्ताक्षर अपलोड कर आवेदन पत्र का प्रिंट आउट लेने के लिए दो अक्तूबर की मध्य रात्रि तक लिंक उपलब्ध रहेगा। तीन से छह अक्तूबर की मध्य रात्रि तक अभ्यर्थी का नाम, जन्म तिथि, ई-मेल आइडी व मोबाइल नंबर को छोड़ कर किसी भी अशुद्ध प्रविष्टि को सुधार सकते है।

भौतिकी, रसायन व जीव विज्ञान में नियुक्ति होगी: भौतिकी शास्त्र के 230 पद, रसायनशास्त्र के 230 व जीव विज्ञान के 230 पदों पर नियुक्ति की जायेगी।

परीक्षा शुल्क 100 रुपये रखा गया है:- इस परीक्षा का आवेदन शुल्क 100 रुपये निर्धारित किया गया है। वहीं, झारखंड राज्य के, एसटी, एससी अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा शुल्क 50 रुपये रहेगा।

राज्य से मैटिक व इंटर पास करना अनिवार्य:- आयोग की ओर से जारी विज्ञापन में अभ्यर्थियों का राज्य के मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान से मैट्रिक व इंटर पास होना अनिवार्य है। वहीं, झारखंड की आरक्षण नीति से आच्छादित अभ्यर्थियों के मामले में झारखंड की मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान से मैट्रिक व इंटर उत्तीर्ण होने संबंधी प्रावधान शिथिल रहेगा।

सीबीटी मोड में ली जायेगी परीक्षा : परीक्षा कंप्यूटर आधारित सीबीटी मोड में एक चरण में ली जायेगी। मुख्य परीक्षा के लिए दो पत्र होंगे। परीक्षा दो पालियों में होगी। प्रत्येक परीक्षा की अवधि तीन घंटे की होगी। परीक्षा में सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ व बहुविकल्पीय उत्तरयुक्त होंगे। सभी विषयों के प्रश्न हिंदी व अंग्रेजी भाषा में होंगे।

समृद्धि मिशन ने किया भोजन का वितरण

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। समृद्धि की मिशन की रोटी वितरण में जरूरतमंदों की आस जगी रहती है। किसी भी मौसम में मिशन की रोटी वितरण का कार्य नही रुकता है। रविवार को दोना - पत्तल बनाने वालों के बीच और शनि मंदिर तथा उसके आसपास राहगीरों के बीच रोटी सब्जी का वितरण मिशन समृद्धि संस्था द्वारा की गई। समृद्धि को स्थानीय परिवारों के द्वारा रोटी प्राप्त हो जाती है। जिसका अभिनंदन भी जताया जाता है। इस कार्य मे बैजन्ती गुप्ता ,वीणा गुप्ता, वन्दना श्रीवास्तव ,शैलेन्द्र सिंह, बेबी पाण्डेय शैलेन्द्र सिंह ,शिल्पा गोस्वामी ,निर्मल पाण्डेय का योगदान रहा।

सम्पादक की कलम से...

प्रशिक्षण शिविर व सरकार

पार्टी के कार्यकर्ता ही पार्टी के मूलधन हैं और इन्हे पार्टी के रीति-नीति, विचार, संस्कार की गहराई तक पहुंचाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आवश्यक है। उक्त बातें भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी सांसद दिलीप सैकिया ने प्रदेश भाजपा द्वारा मधुबन, गिरिडीह में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन करते हुए कही। यह सही है कि किसी भी पार्टी के लिए कार्यकर्ता काफी महत्वपूर्ण होते हैं। जहां कार्यकर्ताओं को सम्मान मिलता है,वहां पार्टी मजबूत होती है। दूसरी तरफ मुख्यमंत्री आवास में राजनीतिक सरगर्मी जारी है। महागठबंधन के विधायक दल पिकनिक पॉलिटिक्स कर रहे हैं। ये सभी यह दिखाना चाहते हैं कि सभी विधायक एकजुट हैं। एक प्रकार से इस मामले में सीए हेमंत सोरेन सफल दिख रहे हैं। राजभवन पर सबकी निगाहें टिकी हुई हैं। सभी विधायकों ने एक सुर में कहा कि सरकार चलेगी, महागठबंधन पूरी तरह से एकजुट है। उधर भाजपा सरकार की गतिविधियों पर पैनी नजर रखे हुए है। भाजपा का गौरवशाली भारत के अतीत के आधार पर व्यक्ति निर्माण, समाज परिवर्तन फिर राष्ट्र पुनर्निर्माण का कार्य जनसंघ से अब तक लगातार जारी रखे हुए है। इसके लिये प्रशिक्षण एक सतत प्रक्रिया है। जैसे शरीर को स्वस्थ रखने के लिए व्यायाम आवश्यक है वैसे ही संगठन की मजबूती के लिए प्रशिक्षण आवश्यक है। कार्यकर्ताओं में मां भारती की सेवा का भाव अनवरत जागृत रहे, कभी किसी परिस्थिति में भटकाव न हो इसके लिये ऐसे कार्यक्रम आवश्यक भाजपा द्वारा किये जाते रहे हैं। भाजपा चाहती है कि सरकार संवैधानिक तरीके से समाप्त हो जाये। लेकिन सवाल है कि संख्या बल के दृष्टिकोण से हेमंत सोरेन मजबूत हैं। ऐसे में सरकार के सामने फिलहाल कोई खतरा नहीं दिखता है। यह देखा जाता है कि आज की राजनीति में उपदेश देने की संस्कृति हाल के दिनों में काफी बढ़ी है। उपदेश देने से अच्छा है सभी समाज में उदाहरण बनें। स्वयं आदर्श बनें और बनायें और इसका उदाहरण कोरोना काल में में देखने को मिला था। ऐसे में भाजपा के राष्ट्र सर्वोपरि विचार, प्रथम पुरुषी विचार, कार्यपद्धति, कार्यकर्ता विकास पर विस्तार वर्तमान समय में एक मंत्र है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकर्ताओं के सात मूल मंत्र सेवा भाव, समन्वय, संतुलन, संयम, संवेदना, सकारात्मकता और संपर्क संवाद को आत्मसात करते हुए संगठन कार्य को आगे बढ़ाने का आह्वान किया गया। आज यह सच है कि विश्व के सर्वा धिक लोकप्रिय प्रधानमंत्री का नेतृत्व भाजपा को मिल रहा है। जो देश के लिए गौरव की बात है। झारखंड के कार्यकर्ताओं ने विपरित परिस्थितियों में भी संगठन कार्य को मजबूती दी है और लंबा संघर्ष भी किया है। यह बात किसी से छिपी भी नहीं है। पार्टी की नीतियों के साथ मोदी सरकार की लोककल्याण की योजनाओं को भी जन जन तक पहुंचाने के लिए मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया। ऐसे में यह सम्मेलन खासा महत्व रखता है। हालांकि इस बात को वर्तमान सरकार भी समझ रही है। लेकिन जिस तरह लगातार बयान आ रहे हैं उससे समझा जा सकता है कि कहीं न कहीं वह डरी भी हुई है। बहरहाल झारखंड की राजनीति में माहौल गर्म है। अब देखना है कि उँट किस करवट बैठता है।

आज का इतिहास

1990 : सोवियत संघ के राष्ट्रपति मिखाइल गोबाचोव को नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया।
1996 : फिजी व्यापक परीक्षण प्रतिबंध संधि की पुष्टि करने वाला प्रथम देश बना।
1997 : अरुंधति राय को उनके उपन्यास 'द गॉड आफ स्माल थिंग्स' के लिए ब्रिटेन के सबसे प्रतिष्ठित बुकर पुरस्कार के लिए चुना गया।
1998 : गरीबी उन्मूलन के लिए भारत की फातिमा बी को संयुक्त राष्ट्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
2006 : संयुक्त राष्ट्र संघ ने उत्तर कोरिया पर प्रतिबंध लगाया।
1882 : शिमला में पंजाब विश्वविद्यालय की स्थापना की गई।
1884 : प्रसिद्ध क्रांतिकारी और 'गदर पार्टी' के संस्थापक लाला हरदयाल का जन्म।
1933 : जर्मनी ने मित्र राष्ट्रों के समूह से अलग होने की घोषणा की।
1943 : जापान ने फिलीपींस की स्वतंत्रता की घोषणा की।
1946 : हालैंड और इंडोनेशिया ने संघर्ष विराम समझौते पर हस्ताक्षर किए।
1948 : इजरायल और मिस्र के बीच युद्ध की शुरूआत हुई।
1956 : डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने अपने तीन लाख 85 हजार अनुयायियों के साथ कोचांदा में बौद्ध धर्म अपनाया।
1931 : पूर्व राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का तमिलनाडु के रामेश्वरम में जन्म।
1932 : टाटा कंपनी ने टाटा संस लिमिटेड नामक देश की पहली एयर लाइन की शुरूआत की।
1949 : त्रिपुरा राज्य को भारत में सम्मिलित किया गया।
1961 : लेखक सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला का निधन।
1978 : सोवियत संघ ने पूर्वी कजाखस्तान क्षेत्र में परमाणु परीक्षण किया।
1988 : उज्वला पाटिल समुद्र के रास्ते विश्व का चक्कर लगाने वाली पहली एशियाई महिला बनी।
1990 : बॉलीवुड अभिनेता ओम शिवपुरी का निधन।

हमें कमजोर न कर दे बढ़ती नफरत

> अब्दुल कलाम जब हमारे राष्ट्रपति थे, तब उन पर तो आपको गर्व ही गर्व था। ए आर रहमान का वंदे मातरम आपने सुना होगा। क्या उतना सुंदर वंदे मातरम कहीं और सुना है? बहन जी, जरा सोचिये, भिन्नता का विपरीत या विलोम क्या है? समानता? हां है तो सही। लेकिन उसका एक और विपरीत है - नीरस एकरसता। भारत की खूबी नहीं, उसका सौभाग्य है कि उसमें इतनी विविधता है। जरा सोचिये बहन... प्रयाग के इस्तेमाल में और इलाहाबाद के प्रयोग में मैं भारत को हिन्दुस्तान में और हिन्दुस्तान को भारत में पाता हूं। और दोनों को उस इंडिया में, जिसमें हनुमान चालीसा के जिल्द नन्हे खान मजबूत बनाते हैं और सलामत कबाड़ी को एक लक्ष्मी-समान महिला पानी देती है।

फर्क कब नहीं रहे हैं हमारे बीच? हम में, हमारे समाज में, हमारे देश में हमेशा रहे हैं और रहेंगे। कोई भी ऐसा जमाना न होगा, जब हम में भेद न थे। हम में भेद-भावना न थी। हम 'हम' हैं भाई साहब, और वे 'वे' हैं। उनका भोजन भिन्न है, उनके त्योहार भिन्न, उनकी हंसी, उनके मजाक भिन्न, उनके विश्वास भिन्न, पोशाक भिन्न, उनके कुरते अलग 'टाइप' के, पाजामों का 'कट' दूसरा, उनकी टोपियां तो भाई साहब 'टोटली डिफरेंट।' उनकी भाषा भिन्न, सोच अपनी, लेखन-पठन-पाठन उनका अपना... और फिर, कहने की जरूरत नहीं। हम 'हम' हैं, और वे 'वे'। उनके तौर-तरीके अलग, रहन-सहन अलग, लिबास अलग, रंग अलग, हमारी आंखों में सूरमा, उनकी आंखों में काजल। हमारी आस्तीनों में इत्र, उनके माथे पर चंदन। उनके गहने तो हमारे दागिने। उनकी कलाइयों की चूडियां अलग। उंगलियों की अंगूठियां अलग। उनकी मौसीकी अलग, सुर अलग। कुल तवारीख उनकी अलग है। कैलेंडर उनका अलग। महीने अलग। साल अलग। सच पूछें, तो हमारी और उनकी... क्या कहें... संस्कृति भिन्न है। भाई साहब, कहानी बिल्कुल अलग है उनकी, हमारी कहानी से। तो बहन जी यह बतायें... आपने अपनी बच्चियों के लहंगे सिलने के लिए उस दरजी को नहीं दिये? जी दिये तो सही, अब्दुल मियां को। और अपने पुराने शॉल रफू के लिए नहीं दिये? जी दिये तो कुदसिआ को... बहुत साफ काम करती है। फिर भी, भिन्नता तो भिन्नता है ही... जब हनुमान चालीसा की पुरानी कॉपी फट रही थी, तो क्या बाबूजी ने जिल्द मरम्मत के लिए नहीं दी थी? जी, नन्हे खान साहिब को दी थी और उन्होंने काफी लगन से उस जिल्द को दुरुस्त किया था। तो सलामत मियां बतलायें, आप घर के सामान उसी पंडित जी की दुकान से खरीदते हैं न? जी जनाब, बरसों से... बड़े शरीफ इंसान हैं रामदास शर्मा... मजाल है कि एक दाना भी दाल का कम पड़ जाय तोल में... और जब यह कोरोना चल रहा था, मुझसे दो-दो महीनों तक उन्होंने उधारी न लिए। और डॉक्टर साहब आपके? जनाब क्या बताऊं, बनर्जी डॉक्टर डॉक्टर नहीं, फरिश्ता हैं। उनकी आंखों में जो रहमत है और हाथों में जो हुनर, खुदा की मेहरबानी है। और सलामत मियां बतलायें? आपकी दुकान जो है... रद्दी की...। जी, उसको मैं रद्दोबदल की दुकान कहता हूं। सॉरी सलामत मियां, तो रद्दोबदल की जो दुकान जो, उसमें आपको बिजनेस सबसे मिलती है न, न कि सिर्फ...? जी-जी जनाब... सबसे मिलती है... यह इलाका बिल्कुल हिंदू इलाका है। इक्के-दुक्के मुसलमान मिलेंगे आपको यहां। बड़ी इज्जत से माल देते हैं। हां, मैं घर के अंदर नहीं जाता। अलबत्ता, किसी ने न आने को कभी नहीं कहा। मगर मैं खुद संभल जाता हूं... एक बार गर्मियों के दिन थे। जनाब, बड़ी प्यास लग रही थी। अंदर बहन जी ने देखा। बोली- ठहरिये। अंदर से एक गिलास ठंडा पानी ले आईं। खिडकी पर रख दिया। जनाब, फ्रिज का पानी था। समझिये, मैं बस फिरदौस पहुंच गया। खुदा से मिन्नत की उन बहन जी की खुशियों के लिए लेकिन जनाब, मैं फर्क की जो बात कर रहा था, वह अपनी जगह। तो बहन जी, भिन्नता है। भिन्नता रहेगी। मैं स्वीकार करता हूं, लेकिन भिन्नता से आपको समस्या क्यों हो रही है? क्या आप में और पूर्वोत्तर के समाज में भिन्नता नहीं? क्या आप जिसे संस्कृति कहती हैं, उसमें और दक्षिण की संस्कृति में भिन्नता नहीं? उनसे तो आपको कोई तकलीफ नहीं होती? अब्दुल कलाम जब हमारे राष्ट्रपति थे, तब उन पर तो आपको गर्व ही गर्व था। ए आर रहमान का वंदे मातरम आपने सुना होगा। क्या उतना सुंदर वंदे मातरम कहीं और सुना है? बहन जी, जरा सोचिये, भिन्नता का विपरीत या विलोम क्या है? समानता? हां है तो सही। लेकिन उसका एक और विपरीत है - नीरस एकरसता। भारत की खूबी नहीं, उसका सौभाग्य है कि उसमें इतनी विविधता है। जरा सोचिये बहन... प्रयाग के इस्तेमाल में और इलाहाबाद के प्रयोग में मैं भारत को हिन्दुस्तान में और हिन्दुस्तान को भारत में पाता हूं। और दोनों को उस इंडिया में, जिसमें हनुमान चालीसा के जिल्द नन्हे खान मजबूत बनाते हैं और सलामत कबाड़ी को एक लक्ष्मी-समान महिला पानी देती है। हमारा देश भिन्नता का परिचायक है। उसका उपासक भी। उसको नफरत के जहर से बचना और बचाना है। नफरत हमारी प्रकृति में, हमारी संस्कृति में नहीं है।

■ गोपालकृष्ण गांधी

पहाड़ी इलाकों में भी बनने लगे कूड़े के पहाड़

अब देश का शायद ही कोई ऐसा बड़ा शहर होगा, जहां लोग कचरे-कूड़े से परेशान न होंगे। अब तो पहाड़ों में भी पहले वाली बात नहीं रही। उत्तराखंड में आप नैनीताल, रानीखेत या कौसानी की तरफ निकल जाएं, हर कुछ दूरी पर कूड़े का ढ़ेर मिल जायेगा। कुछ समय पहले अल्मोड़ा से जागेश्वर धाम की तरफ जाने पर एक जगह कूड़े का नया पहाड़ नजर आया। बताया गया कि शहर का कचरा यहीं डाला जा रहा है। ऐसा नहीं है कि सिर्फ शहर के आसपास ही कचरे का ढ़ेर जमा हो रहा है। अब तो ज्यादा ऊंचाई वाली जगहों पर भी कचरे का ढ़ेर आसपास के जंगल में आपको मिल जायेगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक, आदि कैलाश से सिर्फ चार महीनों में 500 किलोग्राम कचरा निकाला जा चुका है। बद्रीनाथ, केदारनाथ हो या फिर गंगोत्री, सब जगह कूड़े का ढ़ेर मिल जायेगा। कहीं सामने, तो कहीं जंगल में किसी ढ़लान पर। जब तीर्थस्थल पर प्लास्टिक का कचरा बढ़ता जा रहा हो, तो फिर बाकी जगह का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। पहाड़ी सैरगाहों पर बड़ी संख्या में होटल खुल गये हैं। सरकार इन्हें बढ़ावा भी दे रही है, पर हजारों की संख्या में बने इन होटलों का कचरा कहां जाता है, यह चिंता न सरकार को है और न समाज को। कचरा ट्रीटमेंट प्लांट की सुविधा तो सरकार के पास ही बहुत कम नजर आती है, फिर होटल उद्योग से क्या उम्मीद करें? भारत के सबसे ऊंचे कचरे के पहाड़, गाजीपुर, दिल्ली में जितने कचरे को रोज निपटाया जाता है, उससे करीब 400 टन ज्यादा नया कचरा रोज आ जाता है। खैर, पहाड़ों में दिक्कत यह है कि सैलानी अपने साथ प्लास्टिक की बोतलें, पॉलिथीन और पैक्ड फूड आदि लेकर चलते हैं और यह सब वे कचरे में छोड़ जाते हैं। फिर होटल रिसॉर्ट का काम शुरू होता है। सिर्फ एक सैलानी दिन भर में छह से आठ प्लास्टिक की बोतल इस्तेमाल करता है। हर होटल रिसॉर्ट रोज करीब दो-तीन सौ बोतल अन्य कचरे के साथ जंगल में फेंक आता है या फिर जलाता है। दोनों स्थितियों में प्रदूषण फैलता है। यह जेनरेटर से पैदा होने वाले प्रदूषण से अलग है। पहाड़ के छोटे से छोटे सैरगाहों पर बने चार से छह कमरे वाले होटल रिसॉर्ट भी बड़े-बड़े जेनरेटर रखते हैं। सौर ऊर्जा के इस दौर में भी सरकार ने क्यों इन्हें डीजल से चलने वाले जेनरेटर की इजाजत दे रखी है, यह समझ से परे है। जब आदि कैलाश दर्शन के लिए सैलानियों की भीड़ बढ़ रही हो, तब दूसरी जगह, कितनी भीड़ जा रही होगी, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

■ अंबरीश कुमार

हंगामे की भेंट क्यों चढ़ते जा रहे हैं सदन

एक दौर वह भी था जब संसद और विधानसभाओं की लाइब्रेरी सांसदों और विधायकों से गुलजार रहती थी। जनप्रतिनिधि जनहित के मुद्दों को उठाने के लिए तैयारियां करते थे। सांसद नीलोत्पल बसु, गुरुदास दासगुप्ता, संघ प्रिय गौतम सहित बड़ी संख्या में ऐसे सांसद थे, जो अपने बड़े से बड़े काम छोडकर भी संसद की बैठक में आते थे क्योंकि उनके लिए वही मंदिर था। आज भी ऐसे सांसदों की कमी नहीं है, जो सदन में जनता से जुड़े मुद्दे उठाना चाहते हैं। लेकिन बार-बार होने वाले हंगामों के चलते मजबूर हैं। **हंगामा ही धर्म** : हंगामों के लिए कौन दोषी है, इस पर अलग राय हो सकती है, लेकिन इस बात से इनकार करना मुश्किल है कि संसद और विधानसभाओं की बैठकों में हंगामा ही सबसे बड़ा धर्म बनता जा रहा है। एक पुरानी घटना याद आ रही है। उत्तर प्रदेश विधानसभा की बैठक हंगामे के बाद स्थगित हो गई थी। कम्युनिस्ट पार्टी के टिकट पर लगातार नौ बार विधायक चुने जा चुके उदल और समाजवादी विधायक रवींद्र नाथ तिवारी चिंतित मुद्रा में एक कक्ष में बैठे थे। हाथ में उन प्रश्नों का बंडल था जो उस दिन विधानसभा की बैठक में पूछे जाने थे। जब दोनों विधायकों से पूछा कि आप लोग बहुत चिंतित मुद्रा में बैठे हैं तो रवींद्र नाथ तिवारी बोले कि आज कई सवाल लगे हैं लेकिन अब हंगामा हो गया है। इसलिए किसी भी प्रश्न के संबंध में पूछने का मौका नहीं मिलेगा। कई वजहों से ऐसे सदस्यों की पीड़ा बढ़ रही है। आज भी बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि प्रश्नों की तैयारी करते हैं। लेकिन हवा ऐसी बदली कि सदन की बैठकों में उन लोगों का बोलबाला हो गया जिन्हें न तो संसदीय परंपराओं की जानकारी है, न जनता के दुख-दर्द से खास मतलब। जनहित के मुद्दों की बारीकी उनके लिए खास मायने नहीं रखती। हंगामा और हुड़दंग के बीच स्वयं खबरों में बने रहना कुछ जनप्रतिनिधियों का प्रथम लक्ष्य है। सदन के अंदर होने वाला हंगामा अखबारों की सुर्खियां बनता है। जमीनी मुद्दे किनारे कर दिये गये हैं। फिर रात-रात भर जाग कर जनहित से जुड़े मुद्दों पर माथापच्ची क्यों हो। इस बार भी संसद के दोनों सदन इस बार हंगामे की भेंट चढ़ गये। लगता ही नहीं कि यह वही संसद है जिसमें डॉ. राम मनोहर लोहिया, अटल बिहारी वाजपेयी, इंद्रजीत गुप्त, सोमनाथ चटर्जी, चौधरी चरण सिंह, चंद्रशेखर, चतुरानन मिश्र, मधु दंडवते, मधु लिमये, लालकृष्ण आडवाणी, सुषमा स्वराज जैसे विपक्षी दिग्गज लंबी-लंबी बहसों में भाग लेते थे और सत्तापक्ष की ओर से पंडित जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, के डी मालवीय, जगजीवन राम, प्रणब मुखर्जी, वसंत साठे और एस बी चह्वाण जैसे दिग्गज चुटीले जवाब भी देते थे। संसद और विधान मंडलों की बैठकों में होने वाले हंगामे का सबसे ज्यादा नुकसान यदि किसी को होता है तो वह है जनता। वैसे विपक्ष के पास सदन की बैठक ही सबसे कारगर हथियार है। उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित बताते हैं कि वह पहली बार चुनाव जीत कर आए थे और एक गांव में पुलिस अत्याचार का मुद्दा सदन में उठाया था। उसी दिन जब शाम को वह अपने क्षेत्र लौट रहे थे तो देखा कि उस गांव में पुलिस का भारी जमावड़ा है। उन्होंने पूछा तो पुलिस के आईजी ने बताया कि आपने सदन में यह मुद्दा उठा दिया है, इसलिए उन्हें आना पड़ा। अब दूसरी धारा बह रही है। सदन में आए दिन होने वले हंगामों और उनसे होने वाले नुकसान को कई स्तरों पर समझा जा सकता है। हंगामा दो तरह का होता है। एक सदन के अंदर किसी बात को लेकर दो पक्षों में वाद-विवाद बढ़ जाए तो उसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया का ही एक अंग माना जा सकता है। लेकिन जब राजनीतिक दलों के कार्यालयों में बैठकर अपने ही सांसदों और विधायकों से नारे लिखवाये जाएं, बैनर बनवाये जाएं तो इसे सदन की गरिमा और अहमियत बढ़ाने वाली प्रक्रिया नहीं कहा जा सकता। संसद की बैठक चलाने की जिम्मेदारी सरकार और विपक्ष दोनों की होती है लेकिन सरकार की ज्यादा होती है। फिर भी, विपक्ष के लिए जरूरी है कि संसद में अपने मुद्दे उठाने का अपना अधिकार हाथ से जाने न दे। संसद और विधानसभाओं में प्रश्नकाल के दौरान आने वाले सवालों के जवाब देने के लिए मंत्रियों को तैयारी करनी पड़ती है। प्रश्न में उठाई गई समस्या को हल करवाना पड़ता है। हंगामा होने पर मंत्री अपनी फाइल लेकर मुस्कुराते हुए सदन से बाहर निकल जाते हैं और वे सदस्य ठगे से महसूस करते हैं, जिनके सवाल लगे होते हैं। गुस्सा दिखाने की गुंजाइश इस संबंध में अक्सर दलील दी जाती है कि हंगामा भी तो जनहित के कारण हो रहा है। लेकिन याद रखने की बात है कि संसद और विधानसभाएं चर्चा के लिए बनी हैं। अटल बिहारी वाजपेयी कहा करते थे, 'कुछ सदस्य अपनी कुर्सियों पर कम बैठते हैं और कुएं (वेल) में तत्काल कूद पड़ते हैं। इससे सार्थक मुद्दों पर चर्चा हो ही नहीं पाती।' वैसे विशेष परिस्थितियों में सदन में गर्मा-गर्मी हो जाना न तो अस्वाभाविक है और न ही अलोकतांत्रिक। लेकिन यह सीमित समय के लिए और बहुत जरूरी होने पर ही होना चाहिए। इसी को मुख्य हथियार बना लेने पर चर्चा और संवाद खत्म हो जायेंगे। अब समय आ गया है की एक ऐसी आदर्श रूपरेखा तैयार की जाए, जिसमें असहमति होने पर गुस्सा दिखाने की गुंजाइश हो, लेकिन सदन के कामकाज में बाधा डालने और जनता के हितों के ऊपर अपनी राजनीति चमकाने की इजाजत ना हो। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

■ बृजेश शुक्ल

धर्म दर्शन

श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

अथ प्रथमोऽध्यायः

व्यासजी बोले- [हे राजन्!] वह पराक्रमी निशुम्भ अब मृत्यु अथवा विजयका निश्चय करके पूरी तैयारीके साथ सेनासहित समरभूमिमें उपस्थित हो गया।।1।।

अपनी सेना साथमें लेकर शुम्भ भी उस निशुम्भके पास आ गया और युद्धकलाका पूर्ण ज्ञान रखनेवाला वह दैत्यराज शुम्भ रणमें दर्शक बनकर युद्धका अवलोकन करने लगा।।2।।

इन्द्रसहित समस्त देवता तथा यक्षगण संग्राम देखनेकी इच्छासे आकाशमण्डलमें मेघपटलोंमें छिपकर विराजमान हो गये।।3।।

निशुम्भ रणभूमिमें पहुंचकर सींगका बना हुआ धनुष लेकर भगवती जगदम्बाको भयभीत करता हुआ उनके ऊपर बाणोंकी बौछार करने लगा।।4।।

युद्धभूमिमें निशुम्भको बाण-समूह छोड़ते हुए देखकर भगवती चण्डिका अपना उत्कृष्ट धनुष धारण करके उच्च स्वरमें बार-बार हंसने लगीं। देवी चण्डिकाने कालीसे कहा-हे काली! इन दोनोंकी मूर्खता तो देखो, ये दोनों इस समय यहां मेरे पास मरनेके लिये ही आये हुए हैं।।5-6।।

दैत्योंका भीषण संहार तथा रक्तबीजकी मृत्यु देखकर भी मेरी मायासे विमोहित हुए ये दोनों दैत्य विजयकी आशा कर रहे हैं।।7।।

अह आशा बड़ी बलवती होती है; यह प्राणियोंको कभी नछी छोड़ती है। यहांतक कि अंगहीन, बलहीन नष्टप्राय असहाय तथा अचेत प्राणी भी आशके प्रभावसे छूट नहीं पाता हैं।।8।।

हे कालि! इस प्रकार आशा-पाशमें बंधे हुए ये दोनों शुम्भ-निशुम्भ युद्धके लिये समरभूमिमें आये हुए हैं, अब मुझे इन दानोंका वध कर देश चाहिये।।9।।

आसन्न मृत्युवाले ये दोनों प्रारब्धकी प्रेरणासे यहां आये हुए सभी देवताओं समक्ष आज ही मैं मार डालूंगी।।10।।

व्यासजी बोले-भगवती चण्डिकाने कालिकासे ऐसा कहकर कानोंतक खींचकर छोड़े गये बाण-समूहोंसे अपने यमक्ष खड़े निशुम्भको शीघ्र ही आच्छिदित कर दिया।।11।।

दैत्य निशुम्भने भी उन चण्डिकाके बाणोंको अपने तीक्ष्ण बाणोंसे काट डाला। इस प्रकार उन दोनोंमें परस्पर भयंकर युद्ध होने लगा।।12।।

देवीका सिंह भी अपने गर्दनके बालोंको झाड़ता हुआ दैत्योंके सेनारूपी समुद्रको उसी प्रकार मथने लगा, जैसी कोई बलवान् हाथी तालाबको मथ रहा हो।।13।।

जिस प्रकार कोई सिंह मतवाले हाथियोंके अंग-प्रत्यंग चीरकर खा डालता है, उसी प्रकार भगवतीका वह सिंह अपने समक्ष स्थित दानवोंको अपने पंखों तथा दांतोंके प्रहारसे फाड़कर खाने लगा।।14।।

- क्रमशः

संपादक के नाम पाठकों की पाती

जाम नालियों की सफाई हो

आम लोगों में सफाई के प्रति जागरूक नहीं होने के कारण प्रधानमंत्री का स्वच्छ भारत मिशन उतना सफल नहीं हो पा रहा है। अभी भी लोग सफाई के प्रति उदासीन हैं। शौचालय के निर्माण में भी गंभीरता नहीं बरती जा रही है। भ्रष्ट लोगों ने उसे कमाने का जरिया बना लिया है। कई तो उस पैसे शौचालय बनाकर अन्य कामों उसका उपयोग कर रहे हैं। मेदिनीनगर शहर में भी घनी आबादी वाले में मुहल्लों में नालियां जाम हैं। जाम होने का मुख्य कारण उन नालियों में भारी मात्रा में पॉलिथीन व प्लास्टिक की बोतलों का फेका जाना है। यह दोनों ही चीजें न गलती हैं ना ही सड़ती है, जिसके कारण नालिया जाम हो जाती है। अगर नाली सड़ी सब्जी या अन्य खाद्य सामग्री डालते हैं तो वह सड़ गल जाती है, लेकिन पॉलिथीन व प्लास्टिक बोतल व अन्य कुरकुरे व चिप्स के पैकेट सड़ते -गलते नहीं जिसके कारण नालिया जाम रहती हैं। वहीं शहर की कई बड़ी नालियों में काफी कूड़ा रहा है। यह कूड़े बरसात आने पर ही वहां से बहते हैं। यह बात भी गौर करनेवाली है कि जबसे पलास्टिक व पॉलिथीन का प्रचलन हुआ है नालियों में गदंगी बढ़ी है। कागज के उपयोग से इतनी गंदगी नहीं हुआ करती थी। मैं आपके लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से लोगों से आग्रह करता हूं कि नालियों में पॉलिथीन व प्लास्टिक की बोतलें नहीं फेंके।

■ ज्ञान कुमार मेदिनीनगर।

बताने नहीं, आजमाने की चीज है 'ताकत'

बीबीसी टेलीविजन पर पिछले दिनों एक पुराने प्रेस कॉन्फ्रेंस को देखने-सुनने का अवसर मिला। प्रेस कॉन्फ्रेंस में आयोजक के अतिरिक्त तीन धुरंधर ब्रिटिश पत्रकार और भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू शामिल थे। साक्षात्कार पं. नेहरू का लिया जा रहा था। और जो लोग साक्षात्कार ले रहे थे वे थे- किंग्सले मार्टिन (एडिटर न्यू स्टैटमैन एंड नेशन), एचवी हाडशन (एडिटर संडे टाइम्स) और डोनाल्ड मैकडोनाल्ड (फॉरेन एडिटर ऑफ इकोनॉमिस्ट), जबकि कॉन्फ्रेंस का संचालन विलियम क्लार्क कर रहे थे। इन विदेशी धुरंधर पत्रकारों के प्रश्न का जिस प्रकार सहजता से उपयुक्त उत्तर दिया जा रहा था, उससे लगता था कि भारतीय राजनीतिज्ञ विश्व के राजनीतिक पटल और परिप्रेक्ष्य में कितने सुदृढ़ और सक्षम हैं। एक-एक स्तरीय प्रश्न का इतना सटीक और स्पष्ट उत्तर भारतीय प्रधानमंत्री दे रहे थे, जिससे लगता था कि वह निश्चित रूप से उज्ज्वल भविष्य की ओर इशारा कर रहा था। इस प्रकार के प्रेस कॉन्फ्रेंस में किसी भारतीय प्रधानमंत्री का साक्षात्कार किसी विश्वस्तरीय मंच से लिया गया हो अथवा कोई प्रधानमंत्री किसी विश्वस्तरीय प्रेस कॉन्फ्रेंस में शामिल होकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सवालों का उत्तर दिया हो, फिलहाल इसकी जानकारी मुझे नहीं है। इसलिए जब यह साक्षात्कार मेरे सामने आया तो सोचा इसे आप सबसे साझा करके समझने का प्रयास करूं कि अंतरराष्ट्रीय मंच से इस प्रकार का कोई साक्षात्कार भारतीय राजनेता उस काल में भी देते थे, जब वर्षों की गुलामी से उन्हीं दिनों आजाद हुए थे। जवाहर लाल नेहरू के प्रेस कांफ्रेंस का पुराना वीडियो वायरल, लोग टेलीप्रॉम्प्टर का नाम लेकर पीएम मोदी को मारने लगे ताना पं. नेहरू के उद्भट ज्ञान का पता तब चलता है जब उनकी लिखी कई पुस्तकों के अतिरिक्त डिस्कवरी ऑफ इंडिया को पढ़ा। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस को सुनने-देखने के बाद जब पुस्तक को पढ़ा तो मानना पड़ा कि उनके बारे में दुष्प्रचारित की जा रही बातें बकवास हैं। यह ठीक है कि सैकड़ों वर्षों की गुलामी से हम जिस प्रकार आजाद हुए थे उसके बाद तो किसी का यह सोचना लाजिमी था कि भारत एक अत्यंत पिछड़ा और सैकड़ों वर्षों की गुलामी से तुरंत मुक्त हुआ देश है। उसके राजनेताओं की वह सोच हो ही नहीं सकती, जो दूसरे देशों के नेताओं की हो सकती है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल हिंदुस्तान की आजादी के कट्टर विरोधी थे विंस्टन चर्चिल ब्रिटेन के नये प्रधानमंत्री बने थे। हिंदुस्तान की आजादी के सिलसिले में उनके बिल्कुल निश्चित और स्पष्ट ख्याल थे। जिसे वह कई बार दोहरा भी चुके थे। हिंदुस्तान की आजादी के वह कट्टर विरोधी थे। उसके लिए किसी तरह झुकने का या समझौता करने के लिए तैयार नहीं थे। जनवरी 1937 में उन्होंने कहा था- कभी-न-कभी तुम्हें गांधी, कांग्रेस और उनके आदर्शों को कुचलना पड़ेगा। उसी वर्ष दिसंबर में उन्होंने कहा था- ब्रिटिश राष्ट्र का हिंदुस्तान की आजादी और प्रगति पर से नियंत्रण हटाने का कोई इरादा नहीं है। बादशाह के ताज के सबसे ज्यादा कीमती और सबसे ज्यादा चमकीले उस हीरे को फेंक देने का हमारा कतई कोई इरादा नहीं है, जो अकेला ही सब डोमिनियनों और अधिकृत प्रदेशों के मुकाबले ब्रिटिश साम्राज्य की ताकत और शान को कायम रखता है। तब तक अलग-अलग दिशाओं में गांधीजी का असर जन-मन में समा गया था। लेकिन, यह अहिंसा का उसूल या आर्थिक विचारधारा की वजह नहीं थी कि वह हिंदुस्तान के सबसे बड़े और प्रमुख नेता हो गये थे। हिंदुस्तान की बहुत बड़ी आबादी के लिए वह हिंदुस्तान के आजाद होने के पक्के इरादे के, उसकी प्रबल राष्ट्रीयता के, अक्खड़पन के आगे सिर न झुकाने के और राष्ट्रीय अपमान से मिली हुई किसी चीज के लिए राजी न होने के प्रतीक बन गये थे। सैकड़ों मामलों में बहुत से लोग उनसे सहमत नहीं थे। वे उनकी आलोचना करते थे और किसी खास सवाल पर उनसे अलग राह अख्तियार कर लेते थे, लेकिन जब लड़ाई का वक्त आता था और हिंदुस्तान की आजादी का दांव लगा होता था तो लोग उनके पास दौड़कर आते थे और उन्हें अपना ऐसा नेता मानते थे, जिसके बिना कुछ हो ही नहीं सकता।

■ निशिकांत ठाकुर

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.)प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-240042/ 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

न्यूज गैलरी

बीजापुर में नक्सलियों ने एक बस में लदी अनाज की बोरिया लूटी

बीजापर (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर से सिलगेर जा रही बस को बासागुड़ा और सारकेगुड़ा के बीच रोककर माओवादी बस में लदी कुछ बोरियों को उठाकर ले गए। यात्री बस में सीआरपीएफ के लिए राशन ले जाया जा रहा था, जिसे नक्सली लूटकर ले गए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार बीजापुर से लिसगेर जा रही यात्री बस को माओवादियों द्वारा सारकेगुड़ा कैम्प से एक किलोमीटर पहले रोक कर बस में लदे सामान को उतार लिया गया। इस घटना को सशस्त्र माओवादियों द्वारा अंजाम दिया गया, जो 15 से 20 की संख्या में बताए जा रहे हैं। घटना सारकोगुड़ा से पहले रामपेटा के पास की बताई जा रही है। इस बस में सीआरपीएफ के जवानों के लिए जा रही आलू, प्याज और पनीर से भरी बोरी लूट कर नक्सली अपने साथ ले गए। लंबे समय के बाद एक बार फिर से माओवादियों द्वारा इस तरह की घटना को अंजाम दिया है। घटना के संबंध में बीजापुर पुलिस अधीक्षक आंगनेय वाष्णेय ने बताया कि बासागुड़ा से सारकेगुड़ा के कल यात्री बस को रोककर माओवादी कुछ बोरियों को उठाकर ले गए हैं, जिसकी सूचना पर मामले की जांच की जा रही है।

सवारी बस में अचानक लगी भीषण आग, मची अफरा-तफरी

पटना (एजेंसी)। राजधानी पटना के गायघाट स्थित महात्मा गांधी सेतु पर पाया संख्या 40 के पास हाजीपुर से पटना आ रही सवारी बस में अचानक आग लग गई। आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। बस के ड्राइवर और कंडक्टर ने किसी तरह से सभी यात्रियों को नीचे उतारा। इस आगलगी में कोई हताहत नहीं हुई है, लेकिन आग से बस पूरी तरह जलकर राख हो गई। आग की सुचना पर फायर विग्रेड की दो यूनिट गाड़ी मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास लगातार जारी है। बस में आग लगने के कारण हाजीपुर से पटना आने वाली रास्ते पर प्रचालन कुछ देर के लिए रोक दिया गया है।

भारत-बांग्लादेश सीमांत इलाके से वृद्धा का शव बरामद

दक्षिण दिनाजपुर (एजेंसी)। भारत-बांग्लादेश सीमा पर जीरो लाइन के नजदीक इलाके में एक अज्ञात वृद्धा का शव रविवार को बरामद होने से सनसनी फैल गयी। बताया जा रहा है कि आज सुबह हिली प्रखंड के पांजुल ग्राम पंचायत के चाकगोपाल बॉर्डर आउट पोस्ट (बीओपी) से सटे इलाके में एक वृद्धा का शव स्थानीय लोगों ने देखा। इसकी सूचना हिली थाने की पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही हिली थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बालुरघाट जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस को अनुमान है कि मृत वृद्धा बांग्लादेश की निवासी है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

दो समुदायों के युवक-युवती का शव बरामद, ऑनर किलिंग की आशंका

बस्ती (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में रूधौली थाना क्षेत्र के पड़रिया जीत सिंह गांव में दो समुदायों के युवक और युवती के शव बरामद होने के बाद पुलिस ने ऑनर किलिंग की आशंका से इंकार नहीं किया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि कल देर शाम को रूधौली थाना क्षेत्र के पड़रिया जीत सिंह गांव में गन्ने के खेत से अंकित नामक युवक का शव बरामद किया गया। मृतक के परिजनों से पूछताछ में पता चला कि इरशाद और इरफान नाम के दो युवक अंकित को अपने साथ ले गये थे। पुलिस ने जब इरशाद और इरफान से पूछताछ की तो पता चला कि उनके भी घर में एक युवती की मौत हो गई है, जिसे दिन में ही दफन कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि मृतक अंकित के परिजनों ने इरशाद और इरफान पर युवक की हत्या करने का आरोप लगाया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए भानपुर के उपजिलाधिकारी की मौजूदगी में देर रात कब्र से युवती का भी शव निकलवाया गया। पुलिस ने दोनों शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिये हैं। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही किसी नतीजे पर पहुंचने की बात कही है। पुलिस ने अलग-अलग समुदाय के युवक और युवती की मौत के इस मामले में ऑनर किलिंग की आशंका से इंकार नहीं किया है। पुलिस वारदात के सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। घटनास्थल पर पुलिस उपमहानिरीक्षक आरके भारद्वाज, अपर पुलिस अधीक्षक, दो पुलिस क्षेत्राधिकारी और आधा दर्जन थानों की पुलिस फोर्स पहुंच गयी थी। शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए गांव मे पुलिस बल तैनात है।

सड़क हादसे में थाना के प्राइवेट चालक की मौत

बेगूसराय (एजेंसी)। बेगूसराय में अनियंत्रित तेज रफ्तार का कहर लगातार जारी है। बीती रात भी एसएच-55 के बेगूसराय-रोसड़ा खंड पर हुए सड़क हादसा में डंडारी थाना के निजी चालक की मौत हो गई। मृतक बलिया थाना क्षेत्र के बरियारपुर निवासी विजय कुमार सिंह रात में मोटरसाइकिल से अपनी ससुराल जा रहे थे। इसी दौरान एमएस कॉलेज मंझौल के आगे बसौना मोड़ के समीप अज्ञात ट्रक से कुचलकर उनकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। परिजन ने बताया कि करीब पांच वर्षों से डंडारी थाना में निजी चालक के रूप में काम कर रहे विजय कुमार सिंह की पत्नी अपने दोनों बच्चों के साथ मायके खोदावंदपुर थाना क्षेत्र के मेघौल में रहती है। शनिवार की रात विजय थाना की ड्यूटी करने के बाद मोटरसाइकिल से ससुराल मेघौल जा रहे थे। इसी दौरान राजकीय पथ-55 के सबसे भीषण एक्सीडेंटल स्पॉट बसौना मोड़ के समीप सामने से आ रहे ट्रक ने कुचल दिया। थोड़ी देर के बाद आसपास से गुजर रहे राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही चेरिया बरियारपुर थाना एवं मंझौल सहायक थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

नालंदा में नदी में मिली किशोर की लाश, इलाके में फैली सनसनी

नालंदा। जिला अंतर्गत गिरियक थाना क्षेत्र के विसुनपुर गांव में रविवार को नदी में डूबने से एक किशोर की मौत हो गई। मृतक गनौरी मांझी का 10 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार है। घटना के संदर्भ में परिजन ने बताया कि सोनू की मां कृषि कार्य के लिए सकरी नदी किनारे खंधा गई हुई थी। तभी बेटा भी पीछे पीछे खेतों की ओर निकल गया। तभी संभवतः नदी की मेड़ पर चलने के दौरान पैर फिसल गया होगा और किशोर नदी में जा गिरा। गहरे पानी में चले जाने के कारण किशोर की डूबकर मौत हो गई। वहां से गुजर रहे राहगीरों की जब नदी में उपलाई लाश पर नजर पड़ी तो घटना का खुलासा। जैसे ही यह सूचना परिजनों को मिली तो घर मे कोहराम मच गया। मृतक किशोर 8 भाई बहनों में सबसे बड़ा था। नदी में डूबकर मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

बिहार के पटना समेत 17 जिलों में बारिश का अलर्ट, गंगा नदी उफान पर

पटना (एजेंसी)। बिहार में अगले 24 घंटों में जोरदार बारिश होगी। इसके मद्देनजर अलर्ट जारी कर दिया गया है। राजधानी पटना में आज बादल छाए हुए हैं। सुबह-सुबह बारिश भी हुई। मौसम विभाग ने पटना समेत 17 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के पूवार्नुमान के मुताबिक 17 जिलों में पटना, मधेपुरा, अररिया, पूर्णिया, किशनगंज, कटिहार, गपालगंज, सिवान, सहरसा, सुपौल, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, वैशाली, रोहतास, भोजपुर, जहानाबाद और बेगूसराय शामिल हैं। पटना की बात करें तो आज सुबह पटना का तापमान 28 से 31 डिग्री रहेगी। हवा की गति 7 से 21 किमी/घंटा रहेगी। बादलों जैसे आवरण के साथ बारिश की भी उम्मीद बनी रहेगी। इधर, पटना में गंगा नदी उफान पर है। गांधी घाट पर 15 सेमी और दीघा घाट पर 21 सेमी जलस्तर बढ़ गया है। साथ ही पटना सिटी के गंगा पथ पर पानी का बहाव शुरू हो गया है। स्थिति ऐसी बन गई है कि गंगा पथ वे डूब गया है। जान जोखिम में डालकर लोग यहां से गाड़ियों से गुजर रहे हैं। उधर, बेगूसराय में गंगा का जलस्तर बढ़ने से दियारा इलाका के हजारों एकड़ में लगी फसल डूब गई हैं। सैकड़ों घरों के साथ-साथ सिमरिया गंगा घाट में स्थित एक सौ से अधिक दुकानों में भी पानी प्रवेश कर गया है, जिसके कारण बड़ी क्षति हुई है। गंगा का जलस्तर बढ़ने से बछवाड़ा, तेघड़ा, बरौनी, मटिहानी, बलिया, साहेबपुर कमाल एवं शाम्हो प्रखंड क्षेत्र के 50 से अधिक गांवों में पानी प्रवेश करने के साथ-साथ बेगूसराय नगर निगम क्षेत्र में भी गंगा ने एंट्री मार दी है। बिहार के आपदा प्रबंधन मंत्री शहनवाज ने नदियों के बढ़ते जल स्तर का खुद जायजा लिया। लाइफ जैकेट पहनकर एसडीआरएफ के टीम से साथ गंगा नदी का नाव से जायजा लिया और अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश जारी किया।

बेगूसराय के 50 से अधिक गांव और नगर निगम में घुसा गंगा का पानी

बेगूसराय (एजेंसी)। गंगा नदी के लगातार बढ़ रहे जलस्तर से सिर्फ दियारा वासी ही नहीं बेगूसराय नगर निगम क्षेत्र में भी सनसनी फैल गई है। पिछले पांच दिनों से लगातार जलस्तर बढ़ने के कारण गंगा के खतरा का निशान पार कर जाने से दियारा इलाका के हजारों एकड़ में लगी फसल डूब गई है। वहीं, सैकड़ों घर के साथ-साथ सिमरिया गंगा घाट में स्थित एक सौ से अधिक दुकानों में भी पानी प्रवेश कर गया है, जिसके कारण बड़ी क्षति हुई है। गंगा का जलस्तर बढ़ने से बछवाड़ा, तेघड़ा, बरौनी, मटिहानी, बलिया, साहेबपुर कमाल एवं शाम्हो प्रखंड क्षेत्र के 50 से अधिक गांवों में पानी प्रवेश करने के साथ-साथ बेगूसराय नगर निगम क्षेत्र में भी गंगा ने एंट्री मार दी है। मौसम विभाग के पूवार्नुमान में बिहार में अगले दो दिनों तक तेज बारिश के साथ-साथ हिमालय के तराई क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश से जलस्तर में और वृद्धि होने की संभावना है। गंगा नदी के साथ बेगूसराय जिला के बीचो-बीच से गुजरने वाली बूढ़ी गंडक नदी का जलस्तर भी बढ़ रहा है। लेकिन अब तक जिला प्रशासन द्वारा खतरनाक घाटों पर लोगों के स्नान करने से रोकने की कोई समुचित व्यवस्था नहीं की गई है। स्नान के दौरान डूबने से जिस घाट पर लोगों की लगातार मौत हो रही थी, उसे खतरनाक घोषित कर प्रशासन ने बोर्ड लगाने की औपचारिकता पूरी कर ली, लेकिन स्नान करने से रोकने वाला कोई नहीं है। बेगूसराय में सबसे अधिक डूबने से मौत बरौनी प्रखंड के सिमरिया तथा मटिहानी प्रखंड के खोरमपुर में होती है। जिसमें सिमरिया में 12 गोताखोर लगातार तैनात हैं, रविवार को भी सिमरिया में प्रशासनिक लापरवाही से सात माह से मजदूरी नहीं मिलने के बाद भी गोताखोरों ने स्नान के दौरान गंगा में डूब रहे मधुबनी जिला के फुलपरास सरहज निवासी विनीत कुमार को किसी तरह से बचा लिया है। दूसरे सबसे बड़े खतरनाक स्थल मटिहानी प्रखंड के खोरमपुर में खतरनाक घाट घोषित लगाए गए बोर्ड में टूट कर आत्महत्या कर लिया है। यहां बड़ी संख्या में लोग उफनती गंगा में स्नान कर रहे हैं, लेकिन यहां किसी प्रकार की व्यवस्था नहीं है। शुक्रवार को क्षेत्र भ्रमण पर गए डीएम ने जलस्तर बढ़ने के कारण खोरमपुर घाट से मटिहानी-शाम्हो के बीच गंगा में नाव के परिचालन पर कड़ाई पूर्वक रोकने का आदेश दिया था। लेकिन नाव भी लगातार चल रहा है, जो कभी भी बड़े हादसे का गवाह बन सकता है। फिलहाल गंगा के लगातार बढ़ रहे जलस्तर से दहशत का माहौल है।

ओडिशा में सड़क हादसा, नाबालिग समेत पांच लोगों की मौत

भुवनेश्वर (एजेंसी)। ओडिशा में ढेंकनाल जिले के कामाख्यानगर थाना क्षेत्र में पाथरखंबा चौक के समीप रविवार तड़के ट्रक ने ऑटो रिक्शा को टक्कर मार दी जिसमें एक नाबालिग समेत पांच लोगों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बंगुरा गांव के कुछ लोग पास के मुक्तापासी गांव जा रहे थे। इसी दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोयले से लदे ट्रक ने ऑटो रिक्शा को टक्कर मार दी। मृतकों में ऑटो रिक्शा चालक भी शामिल है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। हादसे के बाद इलाके में तनाव व्याप्त हो गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को अनुग्रह राशि देने की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के बाद ट्रक चालक और हेल्पर मौके से फरार हो गये। पुलिस दोनों की तलाश कर रही है।

दर्शनार्थियों से भरी कार डिवाइडर से टकराई, मासूम समेत पांच की मौत

आजमगढ़ (एजेंसी)। जिले के बरदह थाना क्षेत्र के भगवानपुर के समीप दशनार्थियों से भरी अर्टिका कार आजमगढ़-इलाहाबाद राज्यमार्ग पर डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। इस दौरान कार एक बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि कार में सवार मासूम समेत 4 लोगों की मौत हो गई। जबकि एक महिला उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना में लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उल्लेखनीय है कि शनिवार रात करीब नौ बजे एक अर्टिका कार दर्शनार्थियों को लेकर विंध्याचल धाम दर्शन के लिए जा रही थी। कार जैसे ही बरदह थाना क्षेत्र के भगवानपुर

पुलिया के समीप पहुंची आचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि डिवाइडर से टकराने के बाद कार हवा में उछली। इस दौरान दूसरी तरफ से जा रहे एक बाइक सवार बरदह थाना के मिर्जा जगदीशपुर निवासी सुशील सरोज 32 वर्ष की मौत हो गई। दुघर्टना के बाद राहत व बचाव कार्य स्थानियों ने शुरू किया। मौके पर सीओ समेत स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। दुघर्टना में कार में सवार डेढ वर्षीय मासूम सहित तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि एक महिला की उपचार के दौरान जिला चिकित्सालय में देर रात मौत हो गयी। मृतकों में शिप्रकाश 30 वर्ष, पिन्टू यादव 22 वर्ष, शिवप्रकाश की तीन वर्षीय बच्ची अनोखी व मीना देवी निवासीगण एकरापुर थाना सिधारी की मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल एक महिला का उपचार चल रहा है।

मुख्यमंत्री योगी ने बरेली सड़क हादसे में छह लोगों की मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त किया

लखनऊ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बरेली में एक सड़क हादसे में छह लोगों की मृत्यु पर गहरा दुःख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री योगी ने रविवार को जारी एक बयान में जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही जिलाधिकारी और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर तत्काल पहुंचने के निर्देश दिए हैं।

कीटनाशक लूट का खुलासा, लखीसराय पुलिस ने 4 अपराधियों को किया गिरफ्तार

लखीसराय (एजेंसी)। लखीसराय में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। एएसपी सैयद इमरान मसूद के नेतृत्व में गठित एसआईटी की टीम ने बीते 25 अगस्त को बड़हिया थाना क्षेत्र के बहादुरपुर पुल के समीप एनएच-80 पर से कीटनाशक लदे पिकअप वैन लुट मामले में बड़ा खुलासा किया है। 4 आरोपी गिरफ्तार बड़हिया पुलिस ने घटना में शामिल 4 अपराधियों को घटना में उपयोग किए गए स्कार्पियो और मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान मेहुस निवासी रौशन कुमार राम, पटना जिले के हथीदह निवासी मिथलेश राम, सूरज कुमार सिंह वहीं लखीसराय सायरबीघा निवासी राजकुमार सिंह के रूप में की गई है। एएसपी सैयैद इमरान मसूद ने बताया की स्कार्पियो सवार अपराधियों ने हथियार के बल पर कीटनाशक लोड पिकअप वैन को बहादुरपुर एन०एच०-80 पर से अगवा कर लिया था। वैन में लगे जीपीएस के आधार पर पुलिस ने पिकअप वैन को शेखपुरा के अदौली से बरामद किया। इस दौरान अपराधी कुछ कीटनाशक दवा भरा कार्टून लेकर फरार हो गया था। एएसपी ने बताया कि पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान के आधार पर लूटकांड में शामिल अपराधियों की पहचान कर गिरफ्तार कर लिया। एएसपी ने बताया की घटना के दिन सभी अपराध कर्मी स्कार्पियो पर सवार हो कर किसी भी घटना को आजम देने के लिए निकले थे। इसी दौरान पिकअप वैन लूट की घटना को अंजाम दिया। 2020 में भी लूटी थी कीटनाशक आपको बता दें कि बीते 23 सितंबर 2020 को भी बड़हिया थाना क्षेत्र के एनएच 80 पर दरियापुर के पास पटना से पूर्णिया जा रही कीटनाशक लदी पिकअप वैन को भी हथियार बंद अपराधियों ने लूट लिया था। लेकिन पुलिस की त्वरित कार्रवाई ने महज कुछ घंटे में कीटनाशक को बरामद कर लिया। इस दौरान घटना में शामिल एक अपराधी को भी गिरफ्तार किया गया था।

बिहार में अपराधी बेलगाम, सरेआम हो रहीं हत्याएं : तारकिशोर प्रसाद

पटना (एजेंसी)। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने समस्तीपुर में स्वर्ण व्यवसायी की हत्या पर रविवार को प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि समस्तीपुर में बेखौफ अपराधियों ने सरेआम भाजपा नेता और स्वर्ण व्यवसायी रघुनाथ कुमार स्वर्णकार उर्फ नाथो साह की गोली मारकर कर दी। यह बिहार में व्याप्त अराजकता को दशार्ता है। तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि इस घटना में उनके सहयोगी को भी गोली लगी है, जिसकी हालत गंभीर बतायी जा रही है। घायल सहकर्मी का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। स्वर्ण व्यवसायी रघुनाथ कुमार स्वर्णकार समस्तीपुर जिला भाजपा कार्यसमिति के सदस्य थे। यह घटना अत्यंत निंदनीय है। भाजपा विधायक तारकिशोर ने कहा कि बिहार में महागठबंधन सरकार में अपराधी बेलगाम हो गए हैं। सरेआम निर्दोष लोगों की हत्याएं की जा रही हैं। राज्य में विधि व्यवस्था नाम की कोई चीज बची नहीं है। उन्होंने हत्याकांड में शामिल अपराधियों की शीघ्र शिनाख्त कर कठोर कार्रवाई करने के साथ व्यवसायियों के हितों एवं उनकी सुरक्षा के लिए समुचित प्रबंध करने की सरकार से मांग की।

समस्तीपुर में भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या

समस्तीपुर। बिहार में समस्तीपुर जिले के खानपुर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता एवं प्रमुख आभूषण विक्रेता रधुवीर स्वर्णकार की गोली मारकर हत्या कर दी एवं उनके सहयोगी दिलीप साह को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि भाजपा नेता रधुवीर स्वर्णकार शनिवार की देर रात अपने सहयोगी दिलीप साह के साथ जिले के इलमासनगर चौक स्थित आभूषण दुकान को बंद कर मोटरसाइकिल से सिरोपट्टी घर जा रहे थे तभी चार अपराधियों ने उनकी गोली मारकर हत्या कर दी। जबकि प्रतिरोध करने पर अपराधियों ने उनके सहयोगी को भी गोली मार दी जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद अपराधी रुपए भरा थैला लूट कर फरार हो गये। इस बीच घटना के विरोध मे आक्रोशित लोगों ने शव के साथ जिले के सिरोपट्टी चौक पर समस्तीपुर-शिवाजीनगर मुख्य मार्ग को घंटों जाम किया। आक्रोशित लोग खानपुर के थानाध्यक्ष को निलंबित करने,भाजपा नेता हत्याकांड मे शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी और जिले मे बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने की मांग कर रहे थे।

निजी वाहन पर पलटी लॉरी, तृणमूल पार्षद के बेटे की मौत

कोलकाता (एजेंसी)। कोलकाता के खिदिरपुर इलाके में शनिवार रात एक निजी वाहन पर एक मालवाहक लॉरी पलटने से तृणमूल कांग्रेस के एक पार्षद के बेटे की दब कर मौत हो गई। जिस वाहन पर लारी पलटी उसमें वार्ड नंबर 79 के पार्षद राम प्यारे राम के पुत्र राम किंकर राम (38) मौजूद थे। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसा खिदिरपुर के काटापुकुर इलाके में हुआ। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार शाम को बारिश से बाबूबाजार क्षेत्र के कई स्थान जलमग्न हो गए थे। इस दौरान काटापुकुर दिशा से एक लॉरी आ रही थी। सड़क की हालत खराब होने के कारण लॉरी चालक यह अनुमान नहीं लगा पा रहा था कि नालियां कहां हैं या गड्ढे कहां हैं। इस बीच किसी गड्ढे में पड़ कर लॉरी कानियंत्रण खो गया और वह एक दूसरी गाड़ी पर पलट गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक राम किंकर अपने दोस्त को छोड़ कर तारातल्ल से लौट रहे थे। तभी उनकी गाड़ी लारी की चपेट में आ गई। इलाके के लोगों ने उन्हें बचाने की कोशिश की लेकिन वे नाकाम रहे। बाद में कोलकाता पुलिस के आपदा प्रबंधन समूह को सूचित किया गया। कोलकाता पुलिस के डीएमजी अधिकारियों ने वाहन को गैस कटर से काटा और उन्हें बाहर ले आए। उसे एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया जहां राम किंकर को मृत घोषित कर दिया गया।

राजद के तेज प्रताप ने पीएम पद के लिए अपने 'चाचा' को दिया समर्थन

पटना (एजेंसी)। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के बेटे और राजद नेता तेज प्रताप यादव ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को देश का प्रधानमंत्री बनाए जाने का समर्थन किया। तेजप्रताप यादव ने व्यक्त किया कि वह लालू प्रसाद यादव के साथ मिलकर काम करने वाले नीतीश कुमार को अपना 'चाचा' मानते हैं। उन्होंने आगे कहा कि राजद कुमार का समर्थन करेगी 'लाल किले पर झंडा फहरा रही है।' एएनआई को दिए एक बयान में, तेज प्रताप यादव ने कहा, 'वह मेरे चाचा हैं'। यह 'महागठबंधन' की (बिहार में) सरकार है। हम लाल किले पर झंडा फहराने में उनका समर्थन करेंगे। इससे पहले, बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा था कि अगर विचार किया जाता है, तो नीतीश कुमार 'मजबूत उम्मीदवार' होंगे। नीतीश कुमार को प्रधान मंत्री पद के लिए चुनाव लड़ने के लिए सभी समर्थन के बावजूद, उन्होंने ऐसी किसी भी महत्वाकांक्षा से इनकार किया है। कुमार ने कहा था, "मैं ये हाथ जोड़कर कहता हूं, मेरा ऐसा कोई विचार नहीं है। मेरा काम सबके लिए काम करना है।" हालांकि, उन्होंने उल्लेख किया कि वह विपक्ष को एकजुट करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, मैं यह देखने का प्रयास करूंगा कि सभी विपक्षी दल साथ चलकर काम करें। अगर वे ऐसा करते हैं, तो अच्छा होगा।₹ अरुणाचल प्रदेश में जदयू के एकमात्र विधायक टेची कासो हाल ही में सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल हुए हैं। विधानसभा के उपाध्यक्ष तेसम पोंगटे ने ईटानगर विधायक के भाजपा में विलय के आवेदन को स्वीकार कर लिया। इसके साथ ही 60 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के 49 विधायक हैं। 2019 के विधानसभा चुनाव में जदयू ने अपने दम पर 15 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे। इनमें से सात सीटों पर नीतीश कुमार की पार्टी ने जीत हासिल की। अरुणाचल में जदयू बीजेपी के बाद दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। हालांकि, दिसंबर 2020 में नीतीश के छह विधायकों ने पाला बदल लिया और भाजपा में शामिल हो गए।

भाजपा नेता रविशंकर का हमला-

नीतीश ने सत्ता और स्वार्थ की खातिर बिहार को पीछे धकेल दिया

बांका (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से नाता तोड़ महागठबंधन के साथ सरकार बनाने को लेकर निशाना साधा और कहा कि श्री कुमार ने सत्ता और स्वार्थ की खातिर प्रदेश के विकास को पीछे धकेल दिया है। श्री प्रसाद ने शनिवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बिहार एक ओर जहां विकास की ओर अग्रसर हो रहा था वहीं श्री कुमार ने अपने स्वार्थ की खातिर उसे एक झटके में पीछे धकेल दिया है। उन्होंने कहा कि श्री कुमार हमेशा जिन ताकतों के खिलाफ रहे आज उन्हीं लोगों से हाथ मिलाकर राज्य में अराजकता और

अपराधियों का साम्राज्य स्थापित करने में मदद कर रहे हैं। आज प्रदेश में आतंक और अशांति के साथ हत्या, अपहरण, लूट जैसे अपराध का माहौल हो गया है। भाजपा नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री कुमार अपनी राजनैतिक महत्वाकांक्षा के लिए कुछ भी कर सकते हैं। उन्होंने राजनीतिक अनैतिकता की पराकाष्ठा पर पहुंच कर लोकतंत्र की हत्या कर दी है। उन्होंने कहा कि श्री कुमार प्रदेश में विकास, उद्योग और खुशहाली के सपनों का गला घोंटकर अपने स्वार्थ सिद्ध में लगे हैं। उन्होंने कहा कि श्री कुमार भ्रष्टाचार, और जंगलराज के खिलाफ संघर्ष करते रहे और आज उसी के सामने घुटने टेक दिए। जनता के साथ धोखाधड़ी करने वाले को वह कभी माफ नहीं करेगी। श्री प्रसाद ने कहा, हमने श्री कुमार को हमेशा साथ रखकर मुख्यमंत्री पद पर आसीन किया लेकिन वहीं हमें छोड़ कर गए, जिसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ेगा। इतने गांठ वाली यह सरकार समय से पहले ही खत्म हो जायेगी। उन्होंने दावा कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा बिहार के 35 सीटों पर जीतेगी। साथ ही वर्ष 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में भी भाजपा पूर्ण बहुमत से अपनी सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश काफी आगे बढ़ता जा रहा है। श्री प्रसाद ने इससे पूर्व भाजपा के जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं प्रबुद्धजनों और अधिवक्ताओं की बैठक को संबोधित किया। इस मौके पर भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री रामनारायण मंडल, भाजपा जिलाध्यक्ष विकास सिंह, जिला प्रभारी, सहित पार्टी के अन्य नेता मौजूद थे।

पार्थ के करीबी प्रसन्न के नाम पर हैं 100 कंपनियां : सीबीआई

कोलकाता (एजेंसी)। शिक्षक भर्ती घोटाले मामले में गिरफ्तार पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी के करीबी माने जाने वासे प्रसन्न कुमार रॉय को लेकर रविवार को चौकाने वाले खुलासे हुए हैं। सीबीआई सूत्रों के मुताबिक एसएससी भ्रष्टाचार मामले में पकड़े गये प्रसन्न रॉय भ्रष्टाचार के काले धन को सफेद करने का मास्टरमाइंड है। प्रसन्न ने करीब 100 निजी कंपनियों का जाल बनाया है। सीबीआई ने प्रसन्न के नाम से 83 कंपनियों का पता लगाया है। जांच अधिकारियों का मानना है कि इन 83 में से ज्यादातर सेल कंपनियां हैं। प्रसन्न काले धन को एक से दूसरे कंपनी में घुमा कर सफेद करने का काम किया करता था। प्रसन्न की 80 कंपनियां लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप (एलएलपी) और तीन प्राइवेट लिमिटेड कंपनियां हैं। एलएलपी कंपनियों में प्रसन्न ही पार्टनरशिप में है। प्रसन्न रॉय और उसकी पत्नी काजल सोनी रॉय शेष तीन प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों में निदेशक या भागीदार हैं। सीबीआई को पता चला है कि प्रसन्न की राजारहाट में नौ, लेकटाउन में नौ और बांगुर एवेन्यू में नौ कंपनियां है। यानी एक ही पते पर कई कंपनियां रजिस्टर्ड है। सीबीआई इस सवाल का जवाब खोज रही है कि एक कारोबारी के नाम पर इतनी सारी कंपनियां क्यों खोली गईं। इनमें से प्रत्येक कंपनी की विस्तृत बैलेंस शीट की जांच की जा रही है। पार्थ चटर्जी के करीब प्रसन्न रॉय के अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन पहले ही सामने आ चुके हैं।

न्यूज गैलरी

दुबई में भारतीय टीम से जुड़े द्रविड़

दुबई (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ कोरोना वायरस से उभरने के बाद रविवार को टीम के साथ दुबई में शामिल हुए। द्रविड़ की अनुपस्थिति में वीवीएस लक्ष्मण भारत के अभियान की तैयारी के चरण की देख-रेख कर रहे थे। जब भारतीय टीम रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप का पहला मैच खेलेगी तब द्रविड़ डगआउट में मौजूद होंगे। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के निदेशक लक्ष्मण के बेंगलुरु जाने की उम्मीद है, जहां वह भारत-ए टीम के साथ जुड़ेंगे जो न्यूजीलैंड-ए के खिलाफ एक सितम्बर से शुरू होनेवाली लाल गेंद शृंखला के लिए तैयारी कर रही है। लक्ष्मण दुबई के लिए हरारे से रवाना हुए थे, जहां वह केएल राहुल के नेतृत्व वाली भारतीय टीम के कोच थे। भारत ने तब जिम्बाब्वे को 3-0 से हराया था। वह इससे पहले आयरलैंड टी-20 दौरे और इंग्लैंड में पहले टी-20 के लिए भी कोचिंग सेट-अप का हिस्सा थे। लक्ष्मण जिम्बाब्वे दौरे के बाद भारत लौटने वाले थे, लेकिन पिछले सप्ताह द्रविड़ को हल्के कोविड लक्षणों का अनुभव होने के बाद उन्हें कार्यभार संभालने के लिए कहा गया था। भारतीय खिलाड़ी 23 अगस्त को दुबई में एकत्रित हुए और एक दिन बाद प्रशिक्षण शुरू किया। पाकिस्तान के खिलाफ अपने खेल की पूर्व संध्या पर शनिवार को एक वैकल्पिक सत्र होने से पहले, उन्होंने कौशल पर जोर देने के साथ तीन दिनों का कठोर प्रशिक्षण लिया।

अभिषेक, कार्तिक बने यूपी मैराथन के खास आकर्षण

लखनऊ (एजेंसी)। अंतर्राष्ट्रीय धावक अभिषेक पाल, कार्तिक कुमार और मान सिंह 1090 चौराहा से होनेवाली यूपी सुविधा मैराथन के खास आकर्षण बने। इस दौड़ में हिस्सा लेने के लिए हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, मध्य प्रदेश, बंगाल, उत्तर प्रदेश से करीब एक हजार एथलीट पहुंचे। दौड़ में विजेताओं को सात लाख रुपए के नगद पुरस्कार दिए गये। दौड़ 1090 चौराहे से सुबह 5.30 बजे शुरू हुई। महिला एवं पुरुषों की हाफ मैराथन 21 किलोमीटर की हुई। वहीं, पुरुषों की क्रासकंट्री 10 और महिलाओं की क्रासकंट्री छह किलोमीटर की हुई। इसके अलावा तीन किलोमीटर की सेलेब्रेटी रन हुई। हाफ मैराथन के विजेता महिला एवं पुरुष एथलीटों को एक-एक लाख रुपए, द्वितीय स्थान पर रहनेवाले एथलीटों को 75-75 हजार रुपए और तीसरे स्थान पर रहने वाले एथलीटों को 50-50 हजार रुपए के नगद पुरस्कार दिये गये।

राहुल शर्मा ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

पंजाब (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेटर राहुल शर्मा ने रविवार को खेल के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की। पंजाब के रहनेवाले राहुल ने 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था और वह भारत के लिए चार एकदिवसीय और दो टी-20 मुकाबले खेल चुके हैं। राहुल अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद अब रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज में नजर आयेंगे। राहुल ने संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि यह मेरा सौभाग्य रहा है कि मैंने सबसे ऊंचे स्तर पर अपने देश का प्रतिनिधित्व किया। मुझे इस परिवार में जगह देने के लिए बीसीसीआई का धन्यवाद। देश के लिए खेलना किसी भी खिलाड़ी का मूल लक्ष्य होता है। मैं खुश हूं कि मैं यह उपलब्धि हासिल कर सका। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम की नीली जर्सी पहनना मेरे लिये सबसे यादगार क्षण था। मैं हमेशा इस याद को संजोकर रखूंगा। गौतम गंभीर, राहुल द्रविड़, वीवीएस लक्ष्मण, वीरेंद्र सहवाग, महेंद्र सिंह धोनी, युवराज सिंह, हरभजन सिंह, सुरेश रैना, रोहित शर्मा, विराट कोहली और सभी खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना मेरा सौभाग्य था।

पंत और कार्तिक दोनों को एशिया कप में एक साथ खिलाना असंभव : पुजारा

दुबई (एजेंसी)। भारत के टेस्ट विशेषज्ञ चेतेश्वर पुजारा को लगता है कि टीम के स्थिर शीर्ष क्रम को देखते हुए एशिया कप टी-20 टूर्नामेंट के दौरान अंतिम एकादश में ऋषभ पंत और दिनेश कार्तिक दोनों को शामिल करना असंभव होगा। शीर्ष क्रम में केएल राहुल, रोहित शर्मा, विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव शामिल हैं जिनके बाद हार्दिक पंड्या और रविंद्र जडेजा हैं। इसलिए पंत या कार्तिक में से किसी एक के लिए ही जगह बचती है। पुजारा ने कहा कि यह टीम प्रबंधन के लिए बड़ा सिरदर्द है, क्योंकि दोनों (पंत और कार्तिक) टी-20 प्रारूप में सचमुच अच्छा कर रहे हैं। पर फैसला करना होगा कि आप पांचवें नंबर पर किसी को बल्लेबाजी कराना चाहते हो या फिर आप एक फिनिशिर चाहते हो जो छठे या सातवें स्थान पर बल्लेबाजी कर सके। उन्होंने कहा कि इसलिए मैं कहूंगा कि अगर आप पांचवें नंबर पर किसी बल्लेबाज को चाहते हो तो पंत बेहतर विकल्प हैं। लेकिन आप ऐसा बल्लेबाजी लाइन अप रखना चाहते हो जिसमें एक बहुत अच्छा फिनिशर हो जो 10 या 20 गेंद खेलकर आपको 40-50 रन दे दे तो मुझे लगता है कि

डीके (कार्तिक) बेहतर विकल्प है। इस अनुभवी बल्लेबाज ने साथ ही कहा कि टीम प्रबंधन को जानते हुए मुझे लगता है कि वे पंत के साथ उतरेंगे, क्योंकि वह बायें हाथ का खिलाड़ी है और टीम को दायें-बायें संयोजन में थोड़ा संतुलन प्रदान करता है। भारत एशिया कप के शुरुआती मैच में रविवार को पाकिस्तान से खेलेगा। सूर्यकुमार के बारे में बात करते हुए पुजारा ने कहा कि वह अंतिम एकादश में होने का हकदार है और पंत और कार्तिक दोनों को टीम में शामिल करने के लिए उसे बाहर नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि हाल के वर्षों में टी-20 क्रिकेट में वह शानदार फॉर्म में है। उन्होंने कहा कि सूर्य हमारे शीर्ष टी-20 खिलाड़ियों में से एक है इसलिए मैं उसे निश्चित रूप से टीम में चाहूंगा, क्योंकि वह ऐसा खिलाड़ी है जो मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल में सचमुच अच्छा कर चुका है। जब भी मैंने उसे चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए देखा है, उसने शानदार प्रदर्शन किया है। कार्तिक नहीं खेलते हैं तो पुजारा का कहना है कि ऑलराउंडर हार्दिक में फिनिशर की भूमिका निभाने की काबिलियत है। उन्होंने कहा कि मैं फिनिशर की भूमिका में हार्दिक को तरजीह दूंगा, क्योंकि वह पहली ही गेंद से स्ट्राइक कर सकता है और उसका स्ट्राइक रेट भी 150 से ऊपर का है। मुझे नहीं लगता कि पंत यह काम कर सकता है, क्योंकि उसे थोड़ा समय चाहिए होता है।

डिविलियर्स ने 100वें अंतर्राष्ट्रीय टी-20 के लिए कोहली को दी बधाई

नयी दिल्ली (एजेंसी)। दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने भारतीय दिग्गज विराट कोहली को उनके 100वें टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच से पहले बधाई दी है। एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ रविवार का मैच कोहली का 100वां टी-20 अंतर्राष्ट्रीय होगा, जिससे वह तीनों प्रारूपों में मैचों का शतक पूरा करने वाले पहले भारतीय बन जाएंगे। कोहली ने अब तक 102 टेस्ट और 262 एकदिवसीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। स्टार स्पोर्ट्स द्वारा ट्विटर पर जारी किए गए वीडियो में डिविलियर्स ने कहा कि मैं अपने बहुत अच्छे दोस्त विराट कोहली को तीनों प्रारूपों में 100 मैच खेलनेवाला पहला भारतीय खिलाड़ी बनने पर बधाई देना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि क्या शानदार उपलब्धि है, विराट। हम सभी को आप पर बहुत गर्व है। आपके 100वें अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैच के लिए शुभकामनाएं। हम आपको देखते रहेंगे।

एशिया कप : पाकिस्तान 147 रन पर ऑलआउट, भारत की खराब शुरुआत

दुबई (एजेंसी)। तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर टीम इंडिया ने एशिया कप के मुकाबले में पाकिस्तान को 19.5 ओवर में 10 विकेट पर 147 रन ही बनाने दिये। इस तरह भारत को मैच जीतने के लिए 148 रन का टारगेट मिला। जवाब में टीम इंडिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पहले ओवर में ही पहला झटका लगा। केएल राहुल नसीम शाह की गेंद पर बिना रन बनाये आउट हुए। वहीं, इसी ओवर में विराट कोहली को एक बड़ा जीवनदान भी मिला। स्लिप में उनका कैच छूठा। समाचार लिखे जाने तक भारत ने 11 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 69 रन बना लिये थे।

कप्तान रोहित और विराट नहीं खेल पाए बड़ी पारी : पाकिस्तान पर दबाव बढ़ाने के चक्कर में कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली आउट हो गए। दोनों का विकेट मोहम्मद नवाज ने झटका। कप्तान रोहित ने 12 रन बनाए तो वहीं, विराट के बल्ले से 34 गेंद में 35 रन निकले। एक बार फिर कोहली भारत के लिए मैच जिताऊ पारी नहीं खेल पाए। वहीं, केएल राहुल का बल्ला मैच में कुछ खास कमाल नहीं कर पाए और खाता खोले बिना आउट हो गए। पाकिस्तानी टीम की ओर से मोहम्मद रिजवान ने सबसे ज्यादा 43 रन बनाए। भारत के लिए भुवनेश्वर कुमार ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने 3 और अर्शदीप सिंह ने 2 विकेट लिए। 1 विकेट आवेश खान को मिला। अर्शदीप सिंह ने पाकिस्तान का आखिरी विकेट लिया। उन्होंने शहनवाज दहानी को यॉर्कर गेंद पर बोल्ड किया।

टीम इंडिया से हुई बड़ी गलती : मैच में भारतीय टीम से बड़ी गलती हो गई। उन्होंने तय समय पर 20 ओवर पूरे नहीं किए, जिस कारण आखिरी के 3 ओवर में 30 गज के बाहर केवल 4 प्लेयर से ही काम चलाना पड़ा। अगर ऐसा नहीं होता तो पाकिस्तान के और कम रन बनते।

कोहली 35 और रोहित 12 रन बनाकर हुए आउट

हार्दिक पंड्या ने मैच में शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट झटक लिए हैं। उन्होंने इफ्तिखार, रिजवान और खुशदिल को पवेलियन भेजा। तीनों विकेट इस खिलाड़ी ने शॉर्ट गेंद पर लिए। इफ्तिखार 22 गेंद में 28 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, मोहम्मद रिजवान के बल्ले से 43 रन और खुशदिल ने 2 रन बनाए। वहीं, मैच के अपने पहले ओवर में ही आवेश खान ने खराब शुरूआत के बाद जोरदार वापसी की। उनको पहले मोहम्मद रिजवान ने चौका और छक्का लगाया फिर फखर जमान को स्ट्राइक दे दिया। ऑफ स्टंप से बाहर आवेश की शॉर्ट पिच गेंद पर फखर बड़ा शॉट खेलना चाहते थे, लेकिन वो विकेट के पीछे कार्तिक को कैच दे बैठे।

नहीं चला बाबर का बल्ला : पाकिस्तान टीम के कप्तान बाबर आजम आज के मैच में कुछ खास नहीं कर सके। उनका विकेट भुवनेश्वर कुमार ने लिया। बाबर भुवी की शॉर्ट पिच गेंद को बांउड्री के बाहर भेजना चाहते थे, लेकिन वो एक्स्ट्रा बाउंस संभाल नहीं पाए और अर्शदीप को कैच दे बैठे। मैच का पहला ओवर भुवनेश्वर कुमार करने आए और ओवर की दूसरी गेंद पर मोहम्मद रिजवान को अंपायर ने छइह आउट करार दे दिया, लेकिन रिव्यू लेकर वह बच गए। वहीं, ओवर की आखिरी गेंद पर रिजवान के खिलाफ बल्ले के बाहरी किनारे को लेकर जोरदार अपील हुई और रोहित शर्मा ने रिव्यू भी ले लिया। रिजवान दूसरी बार नॉटआउट करार दिए गए। 10 महीने के लंबे अंतराल के बाद दोनों टीमें आमने-सामने हुईं। ऋषभ पंत को मुकाबले में मौका नहीं मिला उनकी जगह शानदार फॉर्म में चल रहे दिनेश कार्तिक टीम इंडिया का हिस्सा बने। भारत तीन तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार, आवेश खान और अर्शदीप सिंह के साथ उतरा। वहीं, स्पिन डिपार्टमेंट का जिम्मा रवींद्र जडेजा और युजवेंद्र चहल के कंधों पर था।

राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता पहलवान पूजा के पति की मौत

चंडीगढ़ (एजेंसी)। राष्ट्रमंडल खेलों में ब्रॉन्ज मेडल जीतनेवाली हरियाणा की पूजा नांदल के पति पहलवान अजय मौत हो गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक नशे के ओवरडेज के चलते अजय की मौत हुई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी महेश खुद घटनास्थल पहुंचे और स्थिति का जायजा लेने के बाद आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक सीआईएसएफ जवान अजय, नेवी जवान रवि और सोनू शनिवार शाम सोनू के जन्मदिन के मौके पर जाट कॉलेज के बाहर कार में पार्टी की और नशे के इंजेक्शन लिये। इसके बाद वे देव कॉलोनी स्थित अखाड़े के पास पहुंचे। अखाड़े से बाहर आ रहे पहलवानों ने उनकी कार देख मैच के लिए उन्हें बुलाने के लिए आवाज दी, लेकिन जब कोई जवाब नहीं मिला तो पहलवानों ने कार में देखा और तो तीनों बेहोश पड़े थे। जानकारी के मुताबिक अजय का शरीर नीला पड़ने लगा था जिसके बाद पहलवान उन्हें एक निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने अजय को मृत घोषित कर दिया जबकि रवि को गंभीर हालत में दिल्ली रेफर कर दिया। तीसरे पहलवान सोनू का अस्पताल में इलाज जारी है। उसकी भी हालत गंभीर बनी हुई है। गौर हो कि पहलवान पूजा नांदल और अजय की पिछले साल नवम्बर में ही शादी हुई थी। पूजा ने राष्ट्रमंडल खेलों 2022 में महिलाओं के फ्रीस्टाइल के 76 किलो भारवर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीता था।

इंग्लैंड ने दूसरा टेस्ट तीन दिन में जीता, एंडरसन के 950 विकेट पूरे

लंदन (एजेंसी)। लंदन में दक्षिण अफ्रीका से पहले टेस्ट में मिली हार का इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट में बदला ले लिया। इंग्लैंड ने लंदन टेस्ट तीन दिन में गंवाया था। अब द. अफ्रीका के खिलाफ मैनचैस्टर के मैदान पर खेला गया दूसरा टेस्ट इंग्लैंड ने भी तीन दिन में जीतकर सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली। इंग्लैंड की जीत में तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन का बड़ा योगदान रहा जिन्होंने दोनों पारियों में 3-3 विकेट लेकर अफ्रीकी बल्लेबाजों को उठने का मौका नहीं दिया। दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में महज 151 रन बनाए थे। मैनचैस्टर की तेज पिच पर जेम्स एंडरसन,

स्टुअर्ट ब्रॉड की तेज गेंदों पर कोई भी अफ्रीकी बल्लेबाज टिक नहीं पाया। सबसे ज्यादा 36 स्कोर कागिसो रबाडा ने बनाए। उसी के कारण द. अफ्रीका 151 रन तक पहुंचने में सफल रहा। एंडरसन ने तीन, ब्रॉड ने तीन तो स्टोक्स दो विकेट लेने में सफल रहे। जवाब में खेलने उतरी इंग्लैंड टीम ने पहली पारी में नौ विकेट खोकर 415 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। इंग्लैंड की ओर से टॉप क्रम फेल होने पर बेयरस्टो ने 49 रन बनाए। कप्तान बेन स्टोक्स ने 103 तो बेन फोक्स ने 113 रन बनाए। अफ्रीका की ओर से एनरिक नोत्र्जे ने 82 रन देकर तीन विकेट लिए। रबाडा और महाराज ने 2-2 विकेट लिए। पहली पारी में पिछड़ने के बाद अफ्रीका के बल्लेबाजों पर बड़ी जिम्मेदारी थी। लेकिन टॉप क्रम विफल होने के कारण पूरी टीम 179 रन पर आऊट हो गई। सबसे ज्यादा 42 रन कीगन पीटरसन ने बनाए। वेन दूसें ने भी 41 रन बनाए। इंग्लैंड की ओर से जेम्स एंडरसन ने 30 रन देकर तीन तो ओली रॉबिन्सन ने 43 रन देकर 4 विकेट लिए।

भूटिया ने फीफा के फैसले का किया स्वागत, कहा -

यह व्यवस्था में बदलाव करने का है समय

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय फुटबॉल के दिग्गज बाइचुंग भूटिया ने विश्व फुटबाल की संचालन संस्था फीफा के अखिल भारतीय फुटबॉल संघ (एआईएफएफ) पर लगाये गये प्रतिबंध को हटाने के फैसले का स्वागत किया और कहा कि यह व्यवस्था में बदलाव करने का समय है। उच्चतम न्यायालय द्वारा प्रशासकों की समिति को बर्खास्त करने के बाद फीफा ने एआईएफएफ लगाया गया प्रतिबंध हटा दिया जिससे भारत का फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप की मेजबानी करने का रास्ता भी साफ हो गया। भूटिया ने कहा- यह शानदार खबर है। मैं फीफा के एआईएफएफ पर लगाये गये

प्रतिबंध को हटाने के फैसले का स्वागत करता हूं। यह भारतीय फुटबॉल की जीत है। उन्होंने कहा कि मैं अपने युवा खिलाड़ियों के लिए खुश हूं, क्योंकि अब उन्हें महिला अंडर-17 विश्वकप में अपने आयु वर्ग की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ खेलने का मौका मिलेगा। फीफा ने 15 अगस्त को तीसरे पक्ष के अनुचित प्रभाव का हवाला देकर एआईएफएफ पर प्रतिबंध लगा दिया था। एआईएफएफ के दो सितम्बर को होनेवाले चुनाव में अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल भूटिया ने कहा कि यह देश के फुटबॉल प्रशासन में बदलाव का समय है ताकि भविष्य में निलंबन की किसी स्थिति से बचा जा सके। भूटिया ने कहा कि यह सबक सीखने और भारतीय फुटबॉल प्रशासन में बदलाव और सुधार लाने का समय है। हमें व्यवस्था में बदलाव की जरूरत है। मेरा मानना है कि अगर हमारे पास अच्छी प्रणाली और प्रशासन में अच्छे व्यक्ति रहते हैं तो भारतीय फुटबॉल नयी ऊंचाइयां हासिल कर सकता है।

कैमरून ग्रीन के पांच विकेट की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने जीता पहला वनडे

टाउंसविल (एजेंसी)। कैमरन ग्रीन के पांच विकेट के बाद डेविड वार्नर और स्टीव स्मिथ की उम्दा पारियों से आस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां पहले एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जिंबाब्वे को पांच विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली। जिंबाब्वे की टीम 2004 के बाद आस्ट्रेलिया में पहली एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेल रही है। ग्रीन ने करियर में पहली बार 33 रन देकर 5 विकेट हासिल किए जिससे जिंबाब्वे की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 47.3 ओवर में 200 रन पर सिमट गयी। टीम ने अंतिम छह विकेट सिर्फ 15 रन जोड़कर गंवाए। आस्ट्रेलिया की ओर से एडम जंपा ने भी 57 रन देकर तीन विकेट चटकाए। जिंबाब्वे की ओर से वेस्ली माधेवेरे ने करियर की सर्वश्रेष्ठ 72 रन की पारी खेली जबकि सलामी बल्लेबाज तादिवनाशे मारूमानी ने 45 रन बनाए। कप्तान रेगिस चकाबवा ने भी 31 रन का योगदान दिया। आस्ट्रेलिया ने इसके जवाब में वार्नर की 66 गेंद में सात चौकों और एक छक्के से 55 रन की पारी की बदौलत 34वें ओवर में ही पांच विकेट पर 201 रन बनाकर जीत हासिल की। स्मिथ ने 80 गेंद में नाबाद 48 रन बनाए जबकि ग्लेन मैक्सवेल ने सिर्फ नौ गेंद में तीन छक्कों और इतने ही चौकों की मदद से नाबाद 32 रन की तेजतर्रार पारी खेली। मैक्सवेल ने रिचर्ड एनगारवा पर लगातार दो छक्कों के साथ आस्ट्रेलिया को जीत दिलाई। मैच के दौरान स्थानीय दिग्गज और आस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर एंड्रयू साइमंड्स को श्रृद्धांजलि दी गई जिनकी मई में टाउंसविल के समीप सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। श्रृंखला का दूसरा मैच यहीं बुधवार को खेला जाएगा।

ऑस्ट्रेलिया-जिम्बाब्वे वनडे में एंड्रयू साइमंड्स के बच्चों ने बांटी ड्रिंक्स

ऑलराउंडर एंड्रयू साइमंड्स को ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे के बीच रविवार को खेले गये पहले वनडे में श्रद्धांजलि दी गयी। इस दौरान दिवंगत क्रिकेटर का पूरा परिवार जिनमें बच्चे बिली और क्लो थे, अपने पिता को श्रद्धांजलि देते हुए नजर आये। दोनों बच्चों ने मैच के दौरान ब्रेक में खिलाड़ियों को ड्रिंक्स भी सर्व की। बता दें कि साइमंड्स दो बार के विश्व कप विजेता ऑस्ट्रेलियाई टीम के सदस्य रहे हैं। उनकी ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड के उत्तर-पूर्वी तट पर टाउन्सविले के बाहर 14 मई को एक एकल कार दुर्घटना में मौत हो गयी थी। उनकी उम्र 46 साल थी। मैच दौरान महान क्रिकेटर को श्रद्धांजलि देने के लिए साइमंड्स के बच्चे और उनके दो प्यारे कुत्ते बज और वुडी भी वहां मौजूद रहे। मैच के हाफ टाइम पर इन्होंने क्रिकेट पिच पर बैगी ग्रीन कैप, क्रिकेट बैट रखकर साइमंड्स को श्रद्धांजलि दी। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड्स ने क्रिकेटर को श्रद्धांजलि देते हुए बीते दिन कहा था कि साइमंड्स का क्रिकेट में योगदान, खासकर क्वींसलैंड में, हमेशा याद रखा जायेगा।

न्यूज गैलरी

अडानी समूह की 10 साल में 1,000 मेगावॉट के डाटा केंद्र खोलने की योजना

पणजी (एजेंसी)। अडानी समूह की कंपनी अडाणीकनेक्स की योजना 10 साल में 1,000 मेगावॉट के डाटा केंद्र बनाने की है। यह देश में उद्योग के मौजूदा आकार का दोगुना है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अडाणीकनेक्स के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं डाटा केंद्र कारोबार प्रमुख संजय भूटानी ने कहा कि कंपनी के पहले सात डाटा केंद्र मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद, दिल्ली, बेंगलुरु और पुणे में बनाए जाएंगे। भूटानी ने शनिवार को एक कार्यक्रम में कहा, ह्यह्यहम 1,000 मेगावॉट के डाटा केंद्र बना रहे हैं। अभी उद्योग का आकार 550 मेगावॉट है। हमारी कारोबारी योजना अगले एक दशक में 1,000 मेगावॉट के डाटा केंद्र बनाने की है।" डाटा केंद्रों की क्षमता का आकलन उनके द्वारा खपत की जाने वाली बिजली के आधार पर किया जाता है। बाजार शोध कंपनी एरिज्टन के अनुसार, 2021 में भारत में डाटा केंद्रों का बाजार 447 मेगावॉट था। यह मूल्य के हिसाब से 10.9 अरब डॉलर बैठता है। भूटानी ने बताया कि पहले सात डाटा केंद्र छह शहरों में स्थापित किए जाएंगे जिनकी क्षमता 450 मेगावॉट की होगी। ये अगले तीन साल में अस्तित्व में आएंगे। वहीं 550 मेगावॉट के अन्य डाटा केंद्र दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में खोले जाएंगे।

जन-धन योजना वित्तीय समावेशन की दिशा में बड़ा कदम: सीतारमण

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि वित्तीय समावेशन समावेशी वृद्धि की तरफ बढ़ने वाला एक बड़ा कदम है जिससे समाज के सभी वंचित तबकों का समग्र आर्थिक विकास सुनिश्चित किया जा सकता है। सीतारमण ने प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) के आठ साल पूरे होने के मौके पर जारी एक आधिकारिक बयान में कहा कि बैंकिंग सेवा के दायरे से बाहर मौजूद लोगों को वित्तीय व्यवस्था का अंग बनाकर वित्तीय समावेशन की दिशा में कदम बढ़ाए गए हैं। पीएमजेडीवाई की शुरूआत 28 अगस्त, 2014 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर हुई थी। इस योजना के तहत 46 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले जा चुके हैं जिनमें 1.74 लाख करोड़ रुपये जमा हैं। सीतारमण ने कहा कि इस योजना की मदद से देश की 67 प्रतिशत ग्रामीण आबादी की पहुंच अब बैंकिंग सेवाओं तक हो चुकी है। इसके अलावा अब 56 प्रतिशत महिलाओं के पास भी जन-धन खाते हैं। वित्त मंत्री ने बयान में कहा, ह्यह्यपीएमजेडीवाई को 2018 के बाद भी जारी रखने का फैसला देश में वित्तीय समावेशन के उभरते परिदृश्य की जरूरतों और चुनौतियों का सामना करने की मंशा से प्रेरित था। उन्होंने कहा, अब हर परिवार के बजाय हर वयस्क के पास बैंक खाता होने को तवज्जो दी गई है। जन धन खातों के जरिये लोगों के पास सीधे सरकारी पैसा भेजने और रुपे कार्ड के इस्तेमाल से डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहन देने का तरीका अपनाया गया है।

एफपीआई ने अगस्त में अबतक शेयरों में 49,254 करोड़ रुपए डाले

नई दिल्ली (एजेंसी)। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अगस्त में भारतीय शेयर बाजारों में जबर्दस्त निवेश किया है। पिछले महीने लंबे अंतराल के बाद एफपीआई शुद्ध लिवाल बने थे। कंपनियों के तिमाही नतीजे बेहतर रहने तथा वृहद बुनियाद मजबूत होने के बीच विदेशी निवेशकों ने अगस्त में शुद्ध रूप से 49,254 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। यह जुलाई में एफपीआई द्वारा किए गए 5,000 करोड़ रुपए के निवेश से कहीं ऊंचा आंकड़ा है। लगातार नौ माह तक बिकवाल रहने के बाद जुलाई में एफपीआई पहली बार शुद्ध लिवाल बने थे। उनकी बिकवाली का सिलसिला पिछले साल अक्टूबर से शुरू होकर इस साल जून तक चला। इस दौरान उन्होंने 2.46 लाख करोड़ रुपए के शेयर बेचे। वित्तीय प्रौद्योगिकी मंच गोलटेलर के संस्थापक सदस्य विवेक बंका ने कहा कि आगामी महीनों में एफपीआई का रुझान काफी हद तक जिंस कीमतों, भू-राजनीतिक घटनाक्रमों, कंपनियों के तिमाही नतीजों और फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों पर रुख से तय होगा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकर वी के विजयकुमार ने कहा कि फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पावेल ने जैक्सन होल में अत्यधिक आक्रामक रुख का संकेत दिया है। इससे लघु अवधि में भारतीय बाजारों में एफपीआई का प्रवाह प्रभावित हो सकता है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने एक से 26 अगस्त के दौरान भारतीय शेयर बाजारों में शुद्ध रूप से 49,254 करोड़ रुपए डाले हैं। यह चालू साल में उनके द्वारा किया गया सबसे ऊंचा निवेश है। धन के संस्थापक जय प्रकाश गुप्ता ने कहा कि वैश्विक स्तर पर मंदी की आशंका तथा कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बावजूद कंपनियों के तिमाही नतीजे बेहतर रहे हैं। यह एक मुख्य वजह है कि एफपीआई ने भारतीय बाजार में जमकर लिवाली की है। कोटक सिक्योरिटीज के प्रमुख इक्विटी शोध (खुदरा) श्रीकांत चौहान का भी मानना है कि कंपनियों के तिमाही नतीजे बेहतर रहने की वजह से एफपीआई का भारतीय बाजारों में प्रवाह बढ़ा है। मॉर्निंगस्टार इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि महंगाई अब भी ऊंचे स्तर पर है लेकिन हाल के समय में इसमें वृद्धि उम्मीद से कम रही है, जिसके चलते धारणा सुधरी है। ऐसे में यह संभावना बनी है कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक कम आक्रामक रुख अख्तियार करेगा। यह एक प्रमुख वजह है कि एफपीआई की भारतीय बाजारों में लिवाली बढ़ी है। समीक्षाधीन अवधि में एफपीआई ने ऋण या बॉन्ड बाजार में भी शुद्ध रूप से 4,370 करोड़ रुपए का निवेश किया है।

महंगाई को काबू करने के लिए केंद्र सरकार ने उठाया बड़ा कदम

आटा-मैदा और सूजी के निर्यात पर लगाया प्रतिबंध

दिल्ली (एजेंसी)। देश में आटा, मैदा और सूजी की बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने के लिए केंद्र सरकार ने इन वस्तुओं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। सरकार की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार गेहूं या मेसलिन का आटा, मैदा और सूजी के निर्यात को मुक्त से प्रतिबंधित किया जाता है। सूजी में रवा और सिरगी भी शामिल हैं। सरकार की ओर से यह आदेश डायरेक्टरेट जनरल ऑफ फॉरेन ट्रेड ने जारी किया है। हालांकि सरकार की अनुमति के साथ अब कुछ मामलों में निर्यात किया जा सकेगा। जारी आदेश में कहा गया है कि फॉरेन ट्रेड पॉलिसी 2015-20 के ट्रांजिशनल अरेजमेंट्स संबंधी प्रावधान इस नोटिफिकेशन के तहत लागू नहीं होंगे। आपको बता दें कि इससे पहले 25 अगस्त को सरकार ने गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया था। यह फैसला आर्थिक मामलों की कैबिनटे कमेटी ने किया था। बताया जा रहा है कि रूस और यूक्रेन गेहूं के सबसे बड़े निर्यातक हैं और इनके बीच युद्ध से दुनियाभर में गेहूं की सप्लाई बाधित हो गई। इसलिए भारत से गेहूं निर्यात की मांग बढ़ गई। निर्यात बढ़ने के कारण भारत में गेहूं की कीमत ऊपर जाने लगी और इस पर लगाम लगाने के लिए निर्यात प्रतिबंधित कर दिया गया। हालांकि, इससे विदेशों में आटे की मांग में तेजी आ गई। इस साल अप्रैल-जुलाई के दौरान आटे की मांग में पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 200 प्रतिशत अधिक का उछाल देखा गया। भारत ने 2021-22 में 24.6 करोड़ डॉलर का आटा निर्यात किया था। जबकि इस वित्त वर्ष केवल अप्रैल-जुलाई में ही 12.8 करोड़ डॉलर का आटा निर्यात कर दिया। एक रिपोर्ट के अनुसार गेहूं की आपूर्ति घटने और मांग बढ़ने के कारण देश समें 22 अगस्त 2022 को इसकी खुदरा कीमत में पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 22 प्रतिशत का उछाल देखने को मिला। 22 अगस्त को गेहूं खुदरा बाजार में 31.04 रुपये प्रति किलो बिक रहा था, जबकि पिछले अगस्त में इसकी कीमत 25.41 रुपये थी।

> ■ यह फैसला आर्थिक मामलों की कैबिनटे कमेटी ने किया था। बताया जा रहा है कि रूस और यूक्रेन गेहूं के सबसे बड़े निर्यातक हैं और इनके बीच युद्ध से दुनियाभर में गेहूं की सप्लाई बाधित हो गई।

विदेशी निवेशकों का 76 प्रतिशत निवेश अकेले भारत में, एशिया में निवेश किए कुल 60 हजार करोड़ में से 45.5 हजार करोड़ भारत आये

मुंबई। दुनियाभर के निवेशकों को भारतीय बाजार में जोरदार संभावना नजर आ रही है। यही वजह है कि अगस्त में अब तक विदेशी निवेशकों ने एशिया में किए गए कुल निवेश का करीब 76% हिस्सा अकेले भारतीय शेयर बाजार में लगाया। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस माह अब तक एशिया के नौ प्रमुख बाजारों में 7.5 अरब डॉलर (59,876 करोड़ रुपए) का शुद्ध निवेश किया है। ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के मुताबिक, इसमें से सबसे ज्यादा 5.7 अरब डॉलर (45,506 करोड़ रुपए) भारतीय बाजार में आए हैं। करीब 2 अरब डॉलर निवेश के साथ दक्षिण कोरिया इस मामले में दूसरे स्थान पर रहा है। विश्लेषकों का कहना है कि चीन को छोड़कर बाकी एशियाई बाजारों को लेकर विदेशी निवेशकों का उत्साह अब भी बना हुआ है। खास तौर पर भारतीय बाजार में उनका निवेश बढ़ने की संभावना है। दरअसल, बीते साल अक्टूबर से लेकर इस वर्ष जून तक विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजार में रिकॉर्ड 33 अरब डॉलर (करीब 2.60 लाख करोड़ रुपए) की बिकवाली की थी। उसके बाद उनकी वापसी हो रही है, क्योंकि उन्हें भारतीय अर्थव्यवस्था पटरी पर लौटती नजर आ रही है। जेफरीज के ग्लोबल इक्विटी हेड क्रिस्टोफर वूड ने भारतीय बाजार पर काफी भरोसा दिखाया है। उन्होंने लंबी अवधि के लिए अपने पोर्टफोलियो में एशियाई बाजारों की जो हिस्सेदारी रखी है, उसमें सबसे ज्यादा 40% वेटेज भारतीय बाजार को दिया है। महंगाई के खिलाफ रिजर्व बैंक के आक्रामक रुख का शेयर बाजार पर ज्यादा असर नहीं हुआ है। मई से अब तक फ्क्क ने रेपो रेट 1.40% बढ़ाया है।

सरकार ने एनपीएस के नियमों में किया बदलाव, अब क्रेडिट कार्ड से पैसे जमा नहीं कर सकेंगे सब्सक्राइबर

दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार की पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ने नेशनल पेंशन योजना के खाते में पैसे जमा करने के नियम में बदलाव किया है। नेशनल पेंशन सिस्टम यानी एनपीएस के सब्सक्राइबर अब क्रेडिट कार्ड से पैसा जमा नहीं कर पाएंगे। यह नियम एनपीएस के टियर 2 खाते के लिए है। पीएफआरडीए ने अपने सभी पॉइंट्स ऑफ प्रेजेंस से क्रेडिट कार्ड से पेमेंट पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया है। पीएफआरडीए ने इस बारे में 3 अगस्त को एक सर्कुलर जारी कर ग्राहकों को आगाह कर दिया था। सर्कुलर के अनुसार सभी पीपीओ को निर्देश दिया गया है कि वे तत्काल प्रभाव से एनपीएस टियर 2 खाते में क्रेडिट कार्ड से पेमेंट लेना बंद कर दें। पीएफआरडीए ने स्पष्ट किया है कि एनपीएस टियर 1 खाते में क्रेडिट कार्ड से पैसे जमा कराए जा सकते हैं। लेकिन यह सुविधा टियर 2 खाते के लिए बंद कर दी गई है। ग्राहक ईएनपीएस खाते में क्रेडिट कार्ड से आसानी से पैसे जमा कर सकते हैं। म्यूचुअल फंड और स्टॉक में भी क्रेडिट कार्ड से पैसे निवेश करने से रोक रहती है क्योंकि इससे ब्याज दर के अधिक बढ? का खतरा रहता है। अगर कोई ग्राहक एनपीएस में क्रेडिट कार्ड से पैसे जमा करता है, तो उसे पेमेंट गेटवे चार्ज के तौर पर 0। 60 प्रतिशत (जीएसटी को छोड़कर) का शुल्क चुकाना होता है। एनपीएस का टियर 2 खाता एच्छिक खाता है जो टियर 1 खाता रखने वाले ग्राहक खोल सकते हैं। टियर 2 खाते से पैसे निकालने और खाता बंद करने के नियमों में ढील दी जाती है। लेकिन टियर 2 खाते में जमा कराए गए पैसे पर कोई टैक्स छूट नहीं मिलती।

बोनस देने वाली आईटी कंपनी ने 1 लाख का बनाया 9.58 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। शेयर बाजार कोई जादू की छड़ी नहीं जहां निवेश करते ही किस्मत करवट ले लेगी। यह एक रिस्क से भरे इंवेस्टमेंट वाली जगह है। यही वजह कि एक्सपर्ट हमेशा निवेश से पहले रिसर्च करने की सलाह देते हैं। अगर निवेशक ने कंपनी के फंडामेंटल को खंगाल कर पैसा लगया है तो उसे अच्छे रिटर्न के लिए धैर्य भी करना चाहिए। इंफोसिस एक ऐसा ही स्टॉक है जिसने अपने पोजीशनल निवेशकों को तगड़ा रिटर्न दिया है। साथ ही समय-समय पर कंपनी की तरफ से बोनस का भी ऐलान किया गया है। आइए जानते हैं कि इस स्टॉक ने कब-कब बोनस दिया है? साल 2000, से अबतक इंफोसिस की तरफ से 5 बार बोनस शेयर का ऐलान किया गया है। 2004 में कंपनी की तरफ से 3 शेयरों पर एक शेयर देने की घोषणा हुई थी।

पंजाब सरकार ने दी इलेक्ट्रिक वाहन नीति को मंजूरी, गाड़ी खरीदने पर मिलेगी सब्सिडी

चंडीगढ़ (एजेंसी)। पंजाब सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहन नीति के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिसमें पिछले साल के मुकाबले 25 प्रतिशत अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों की रजिस्ट्रेशन पर विचार किया गया है। इस प्रस्तावित नीति का उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रयोग को प्रोत्साहित करते हुए अन्य वाहनों से होने वाले कार्बन उत्सर्जन पर लगाम लगाकर पर्यावरण प्रदूषण को घटाना है। प्रस्तावित नीति में राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों का चयन करने वाले लोगों के लिए नकद रियायतों की भी व्यवस्था की गई है। इस प्रस्तावित नीति के अंतर्गत लुधियाना, जालंधर, अमृतसर, पटियाला और बठिंडा जैसे शहरों की ओर विशेष ध्यान दिया जाएगा, क्योंकि राज्य के 50 प्रतिशत से अधिक वाहन इन शहरों में हैं। प्रस्तावित नीति में शहरों में 25 प्रतिशत और इलेक्ट्रिक वाहनों की रजिस्ट्रेशन की कल्पना की गई है। नीति के अनुसार राज्य भर में निजी और सार्वजनिक इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए इलेक्ट्रिक चार्जिंग प्वाइंट्स के रूप में बुनियादी ढांचे की स्थापना की जाएगी। राज्य को इलेक्ट्रिक वाहनों, पुर्जों और इलेक्ट्रिक बैटरियों के निर्माण का केंद्र बनाने पर भी पूरा ध्यान दिया जाएगा। इस क्षेत्र में अनुसंधान और विकास के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भी स्थापित किया जाएगा। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा है कि राज्य में नौजवानों के लिए नौकरियों के अवसर पैदा करने के लिए नए कोर्स शुरू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन इलेक्ट्रिक वाहनों की रजिस्ट्रेशन पर लगने वाली रजिस्ट्रेशन फीस और रोड टैक्स में छूट की व्यवस्था भी की गई है।

> ▸▸ नीति के अनुसार राज्य भर में निजी और सार्वजनिक इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए इलेक्ट्रिक चार्जिंग प्वाइंट्स के रूप में बुनियादी ढांचे की स्थापना की जाएगी। राज्य को इलेक्ट्रिक वाहनों, पुर्जों और इलेक्ट्रिक बैटरियों के निर्माण का केंद्र बनाने पर भी पूरा ध्यान दिया जाएगा।

पेज एक के शेष

डिजिटल इंडिया ने...

इस वजह से देश में नये डिजिटल उद्यमी पैदा हो रहे हैं। इसी क्रम में प्रधानमंत्री ने राजस्थान के अजमेर जिले में कपड़ों की सिलाई करनेवाले सेठा सिंह रावत द्वारा चलाये जा रहे दर्जी ऑनलाइन की कहानी सुनायी कि कैसे कोविड काल में उन्होंने इंटरनेट की मदद से आपदा को अवसर में बदला। उन्होंने कहा कि आज डिजिटल इंडिया की ताकत से सेठा सिंह का काम इतना बढ़ चुका है कि अब उन्हें पूरे देश से ऑर्डर मिलते हैं। सैकड़ों महिलाओं को उन्होंने अपने यहां रोजगार दे रखा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि कैसे डिजिटल इंडिया ने उत्तर प्रदेश के उन्नाव में रहनेवाले ओम प्रकाश सिंह को भी डिजिटल उद्यमी बना दिया। उन्होंने कहा कि कॉमन सर्विस सेंटर की स्थापना से ओम प्रकाश का काम अब इतना बढ़ गया है कि उनके यहां 20 से ज्यादा लोग नौकरी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कॉमन सर्विस सेंटर की तरह ही सरकार के जीईएम पोर्टल पर भी ऐसी कितनी ही सफलता की कहानियां देखने को मिल रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इंटरनेट ने इसी प्रकार युवाओं की पढ़ाई और उनके सीखने के तौर-तरीकों को बदल दिया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के उन्नाव की रहनेवाली गुड़िया सिंह की कहानी सुनायी कि कैसे ससुराल में सिंह ने भारतनेट की मदद से अपनी पढ़ाई से जुड़ी चिंताओं का समाधान किया। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में ऐसे कितने ही जीवन डिजिटल इंडिया अभियान से नयी शक्ति पा रहे हैं। उन्होंने देशवासियों से इस प्रकार की सफलता की कहानियां सोशल मीडिया पर साझा करने का आग्रह किया।

देश का लोकतांत्रिक...

रूप में मनाया जा रहा है। इस एक दिन में भारत का भूगोल, समाज और संस्कृति सबका बंटवारा हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत अपनी अलग पहचान और विकास के रास्ते आगे बढ़ रहा है। आज हम सभी नागरिकों का देश के भविष्य के निर्माण के लिए अपना योगदान सुनिश्चित करने को कहेंगे। झारखंड और देश के शहीदों ने अपने बलिदान से इस धरती को सींचा है, हमारा कर्तव्य बनता है कि हम एक समावेशी तथा सक्षम भारत बनायें।

इससे पूर्व केंद्रीय मंत्री का शॉल, पौधा और स्मृति चिह्न देकर अपर महानिदेशक पीआईबी-सीबीसी रांची ने विधिवत स्वागत किया। अपने स्वागत भाषण में एडीजी ने लोगों से आग्रह किया की सभी अपने परिवार तथा बच्चों के साथ इस प्रदर्शनी को देखने आयें और स्वतंत्रता से संबंधी जानकारियों से देश के प्रति अपने ज्ञान को और बढ़ायें।

वहीं, रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा कि झारखंड वीरों की भूमि है, यहां के शहीदों ने अपने बलिदान से आजादी के रास्ते को प्रशस्त किया। प्रधानमंत्री का धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा कि पीपल पद्म पुरस्कार देकर पीएम ने इस राज्य के अनजाने लेकिन समाज के लिए बेहतरीन काम करनेवाले लोगों जैसे साइमन उरांव, छूटनी देवी आदि को सम्मानित किया है। वहीं, विधायक सीपी सिंह ने केंद्रीय संचार ब्यूरो का ऐसे भव्य प्रर्दशनी शहर में लगाने के लिए धन्यवाद दिया और उम्मीद जतायी की ज्यादा से ज्यादा शहरवासी इसे देखेंगे और खासकर छात्र इस प्रदर्शनी में लगे वीरों की गाथा से सीखेंगे और अपने जीवन में ढालेंगे। प्रदर्शनी के लिए सहर्ष आयोजन स्थल उपलब्ध करानेवाले रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि मैं अपने छात्रों को खासकर इतिहास और संबंधित संकायों के, इस प्रदर्शनी को देखने और इसपर अपनी राय बनाने के लिए खास तौर पर प्रेरित करूंगा और उन्हें हर रोज इसे देखने को कहूंगा।

देश के कृषि...

खरीदने, जमीन की उर्वरा शक्ति बढ़ाने और अपनी आय में वृद्धि करने के अवसर दिये। उन्होंने कहा कि भारतीय किसानों को जैसे-जैसे कृषि क्षेत्र में उपयोगी वैज्ञानिक सूचनाएं और नये इनोवेशन उपलब्ध कराये जा रहे हैं, वे निरंतर स्मार्ट फॉर्मिंग की ओर बढ़ रहे हैं। सरकार द्वारा दिये गये स्वायल हेल्थ कार्ड से किसानों को उनकी जमीन के बारे में बेहतर जानकारी मिल रही है। इन सभी जानकारियों का समुचित उपयोग उत्पादन बढ़ाने के काम आ रहा है। कई तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से छोटे किसानों को नेचुरल और ऑर्गेनिक फॉर्मिंग के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इससे उत्पादन की लागत कम हुई है और कृषि से आय बढ़ी है।

सुरक्षा सामर्थ्य को बढ़ाने की दिशा में भाजपा ने दिखायी गंभीरता : दीपक प्रकाश : भारत का बढ़ता रक्षा सामर्थ्य विषय पर बोलते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि जनसंघ काल से लेकर वर्तमान मोदी सरकार तक भाजपा लगातार भारत की सुरक्षा सामर्थ्य को बढ़ाने की दिशा में गंभीरता दिखायी है। उन्होंने कहा कि यह हमारी नीति और नीयत का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि 1964 में ही पार्टी ने भारत को परमाणु सम्पन्न बनाने का संकल्प व्यक्त किया। जिसे अटल जी ने दुनिया के प्रतिबंधों की चिंता किये बिना परमाणु परीक्षण किया। श्री प्रकाश ने कहा कि मोदी सरकार ने भारत की संप्रभुता को चुनौती देनेवाले तत्वों का समाधान किया, सरकार बनते ही देश के नागरिकों से भय समाप्त किया। आज भारत की सैन्य शक्ति सभी विरोधी ताकतों को मुंहतोड़ जवाब दे रही। श्री प्रकाश ने कहा कि भारत रक्षा सामर्थ्य को सिर्फ मजबूत नहीं कर रहा बल्कि इसे आत्मनिर्भर भारत अभियान से जोड़ चुका है। आज भारत रक्षा क्षेत्र में निर्यात कर रहा है। भारत ने 101 रक्षा उपकरणों के आयात पर रोक लगाते हुए 156 स्वदेशी रक्षा उपकरणों का निर्यात शुरू किया। जिससे भारत को 34 हजार करोड़ रुपये की आय हुई। उन्होंने कहा कि भारत आज दुश्मनों देश की सीमा में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक के साथ मुहतोड़ जवाब देने का सामर्थ्य रखता है। श्री प्रकाश ने कहा कि मोदी सरकार ने सैनिकों की समस्याओं का समाधान करते हुए शहीदों के परिजनों केलिए सहायता राशि दो लाख से बढ़ाकर आठ लाख करने का काम किया। साथ ही अग्निवीर की नियुक्ति से सैन्य सामर्थ्य बढ़ाने की नयी पहल की गयी है।

कुतुब मीनार से...

साल पहले एमराल्ड कोर्ट प्रोजेक्ट की शुरुआत की थी। इसमें 3, 4 और 5 बीएचके के फ्लैट हैं। यह सोसायटी नोएडा और ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे के नजदीक है। मौजूदा समय में एक फ्लैट की कीमत 70 लाख से डेढ़-दो करोड़ रुपये तक है। शुरुआत में बिल्डर ने नोएडा अथॉरिटी के सामने जो प्लान दिया था उसके मुताबिक 9 मंजिला 14 टावर बनाये जाने थे। इसके बाद इसमें तीन बार संशोधन किया गया। 2012 में सुपरटेक ने 14 की जगह 15 टावर बनाने का फैसला किया और 9 से बढ़ाकर 14 मंजिल करने का प्लान बनाया। 40 मंजिला दो टावर बनाने का भी प्लान बनाया गया।

ग्रीन एरिया का था वादा, बनाया ट्विन टावर : हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने इस केस में बिल्डर को दोषी पाया और फ्लैट खरीदारों के हक में फैसला दिया। ट्विन टावर के निर्माण में नेशनल बिल्डिंग कोड के नियमों का उल्लंघन किया गया। सुपरटेक एमरॉल्ड कोर्ट में जब लोगों ने फ्लैट खरीदा तो ट्विन टावर के स्थान पर ग्रीन एरिया का वादा किया गया था। सुविधाओं को देखते हुए खरीदारों ने एमराल्ड कोर्ट प्रोजेक्ट में फ्लैट बुक कराये, लेकिन बाद में बिल्डर ने नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों से साठगांठ करके यहां ट्विन टावर खड़े कर दिये। नियमों के तहत टावर के बीच की दूरी 16 मीटर होनी चाहिए, लेकिन यहां पर सिर्फ नौ मीटर छोड़ी गयी। यहां ट्विन टावर का निर्माण शुरू होने पर खरीदारों को धोखे का अहसास हुआ और उन्होंने कोर्ट का रुख किया।

भ्रष्ट बिल्डर का बेशर्म तर्क : रियल एस्टेट कंपनी सुपरटेक का कुतर्क है कि उसने ट्विन टावर का निर्माण नोएडा विकास प्राधिकरण द्वारा मंजूर भवन (बिल्डिंग) योजना के मुताबिक ही किया था और इसमें किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया था। जबकि यह नहीं कह रहा है कि इसने भ्रष्ट नोएडा अथॉरिटी के अफसरों और राज्य व अन्य संबंधित अफसरों, सत्ताधारियों को मोटा चढ़ावा चढ़ाकर यह सब नियम विरूद्ध काम करवाया था। जिसमें सब कुछ सबसे मिलीभगत से हुआ था। गलत काम को कागज पर सही दिखा दिया गया था। जिसे प्रमाण सहित पकड़ने के बाद ही इलाहाबाद हाईकोर्ट और फिर सर्वोच्च न्यायालय ने ढहाने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने एमराल्ड कोर्ट सोसाइटी परिसर के बीच इस निर्माण को नियमों का उल्लंघन बता इन्हें ढहाने का आदेश दिया था। सुपरटेक ने बयान में कहा कि नोएडा स्थित ट्विन टावर अपेक्स और सियान सेक्टर 93ए में एमराल्ड कोर्ट परियोजना का हिस्सा हैं और इन्हें नोएडा प्राधिकरण द्वारा आवंटित भूमि पर बनाया गया। इन दो टावरों समेत भवन योजना को नोएडा प्राधिकरण ने 2009 में मंजूरी दी थी और ये राज्य सरकार द्वारा उस समय घोषित भवन उपनियमों के पूरी तरह से अनुरूप है। कंपनी ने कहा कि कोई भी काम इमारत नियम से परे जाकर नहीं किया गया है और इनका निर्माण नोएडा प्राधिकरण को पूरा भुगतान करने के बाद ही किया गया। उसने कहा कि हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने निर्माण को तकनीकी आधार पर संतोषजनक नहीं पाया और इन दो टावर को ध्वस्त करने का आदेश दिया। हम सुप्रीम कोर्ट के आदेश का सम्मान करते हैं और इसके अनुपालन की प्रतिबद्धता जताते हैं। ध्वस्त किये गये ट्विन टावरों का निर्माण रियल एस्टेट डेवलपर सुपरटेक ग्रुप द्वारा न्यू ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण (नोएडा) से अनुमोदन के बाद किया गया था, नोएडा को यूपी औद्योगिक विकास अधिनियम के तहत गठित किया गया था। यह राज्य सरकार के अधीन काम करता है।

गिराने के लिए जितने विस्फोटक लगे हैं उसकी मात्रा अग्नि-वी मिसाइल के वारहेड या ब्रह्मोस मिसाइल के या पृथ्वी मिसाइल के चार वारहेड के बराबर था : ट्विन टावर को गिराने के लिए 3500 किलोग्राम से अधिक विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया। इसके लिये जितने विस्फोटक लगे हैं उसकी मात्रा अग्नि-वी मिसाइल के वारहेड या ब्रह्मोस मिसाइल के या पृथ्वी मिसाइल के चार वारहेड के बराबर था। टावर्स को गिराने के लिए लगभग 20 करोड़ रुपये का खर्च आया।

ट्विन टावर की जमीन 25 करोड़ में खरीदी गयी थी : जिस जगह अभी ट्विन टावर का मलबा पड़ा हुआ है उस जमीन को सुपरटेक लिमिटेड ने 25 करोड़ में खरीदा था। इसी के साथ सुपरटेक लिमिटेड ने नोएडा प्राधिकरण से लेआउट मंजूरी प्राप्त करने के लिए 25 करोड़ और दिये थे। साल 2009 में सुपरटेक लिमिटेड ने ट्विन टावर के लिए 8000 वर्ग मीटर जमीन खरीदी थी। साथ ही 46000 वर्ग मीटर जमीन और खरीदी गयी जहां आज एमराल्ड कोर्ट के 11 आवासीय टावर खड़े हैं। साल 2009 से 2014 तक ट्विन टावर का निर्माण होता रहा। करोडों रुपये लगाये जा रहे थे। इमारतें अभी बन ही रही थीं कि साल 2014 में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भवन नियमों के उल्लंघन के लिए ट्विन टावर को ढहाने का आदेश दे दिया।

भ्रष्टाचारी बिल्डर आरके अरोड़ा का बड़ा कुतर्क : सुपरटेक लिमिटेड के मालिक आरके अरोड़ा ने कहा कि हमने एपेक्स और सेयेन नाम के इन दो टावरों में स्टील, सीमेंट, रेत, लेबर, लोन और अन्य खर्चों सहित निर्माण सामग्री में 450 करोड़ रुपये का खर्च किया था। इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले के बाद सुपरटेक लिमिटेड का 500 करोड़ रुपये बर्बाद हो गया। यह भ्रष्ट अरोड़ा यह मानने को तैयार नहीं कि नोएडा प्राधिकरण के भ्रष्ट अफसरों व सत्ताधारियों को करोड़ों चढ़ावा चढ़ाकर नियमों को ताक पर रख प्रोजेक्ट बनाया और प्राधिकरण व संबंधित विभागों से पास कराया। जब पड़ोसी बिल्डिंग के फ्लैट खरीदारों ने नियमों के सरासर उल्लंघन करके पार्क की जमीन का लेआउट चेंज करवा कर, उस पर बहुत कम दूरी में बनाये जा रहे कुतुबमीनार से भी ऊंचे-ऊंचे दो टावर इतने पास-पास बनाये जाने लगे तो एकजुट हो इसके विरूद्ध इलाहाबाद हाईकोर्ट में मुकदमा किया। जहां इन दोनों बिल्डिंग को अवैध तरीके से पास कराकर और इतनी ऊंची व नजदीक-नजदीक बनाये जाने को, पड़ोस के भवनों में रहनेवाले लोगों के जान के लिए जोखिम वाला माना और इन दोनों टावर को ढहाने का आदेश दे दिया। जिसके विरूद्ध बिल्डर अरोड़ा सर्वोच्च न्यायालय गया। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को बहाल रखा। जिसके बाद भ्रष्टाचार के प्रतीक दोनों टावर को गिराना पड़ा।

अंकिता की मौत...

दुर्भाग्यपूर्ण और क्या होगा? बाबूलाल ने मुख्यमंत्री पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री से राज्य में महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा की इससे ज्यादा उम्मीद भी नहीं की जा सकती। अब कम से कम फास्टट्रैक कोर्ट का गठन कर हत्यारे को मुख्यमंत्री फांसी दिलायें ताकि मृतका के परिजनों को न्याय मिले।

रघुवर ने कहा- जनता देख रही मानसिकता : पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने भी ट्वीट कर कहा कि इसे तुष्टीकरण नहीं कहें, तो क्या कहें, एक ओर हेमंत सरकार उपद्रवी नदीम को एयर एंबुलेंस से भेजकर सरकारी खर्च पर इलाज करवा रही है। दूसरी ओर झारखंड की बेटी अंकिता को उसी के हाल पर छोड़ दिया, क्योंकि जिहादी मानसिकता वाले शाहरुख ने उसे जलाया था। जनता यह दोहरी मानसिकता देख रही है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

न्यूज गैलरी

अमेरिका नौसेना के जहाज ताइवान जलमार्ग से निकल रहे

वाशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिका नौसेना के दो जहाज ताइवान जलडमरुमध्य में अंतर्राष्ट्रीय जल को पार कर रहे हैं। अमेरिका प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पिलोसी की ताइवान यात्रा के बाद अमेरिका और चीन के बीच तनाव बढ़ने के बाद यह पहला नौसैनिक अभियान है। एजेंसी की रिपोर्ट में अमेरिका के अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी गयी।अधिकारियों ने अपना नाम नहीं छापने की शर्त पर शनिवार को बताया कि अमेरिकी नौसैनिक अभियान जिसमें चांसलरविले और एंटीएटम जहाज शामिल है अब तक जारी है।

पाकिस्तान में बाढ़ से 348 बच्चों की गयी जान

इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान में बाढ़ और बारिश से हालात इस कदर बिगड़ चुके हैं कि अब तक एक हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। सिंध, कराची, पंजाब, खैबर पख्तूनख्वा, बलूचिस्तान प्रांत में हालात गंभीर बने हुए हैं। इसी बीच प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया और लोगों से मुलाकात की। पाकिस्तानी मीडिया जियो न्यूज के मुताबिक, 14 जून के बाद भारी बारिश के चलते आयी बाढ़ से अब तक 1,033 लोगों की जान चली गई है। मरने वालों में 207 महिलाएं और 348 बच्चे भी शामिल हैं। पिछले 24 घंटे में 119 लोगों की मौत हुई। 71 लोग घायल हुए।

भारत ने चीन को लगायी लताड़

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारत के विरोध के बावजूद श्रीलंका के हंबनटोटा पोर्ट पर चीनी शिप ने एक हफ्ते दिन डेरा डाला। जिसको लेकर भारत ने विरोध दर्ज कराया था। बाद में इस मामले पर श्रीलंका में चीनी राजदूत की झेनहोंग ने भारत पर श्रीलंका के आंतरिक मामलों में दखल देने का आरोप लगाया। चीनी राजदूत के इस बयान पर पलटवार करते हुए भारत ने चीन को लताड़ लगायी है। कोलंबो में इंडियन हाई कमिशन ने ट्वीट किया कि श्रीलंका को समर्थन की जरूरत है, न कि किसी दूसरे देश के एजेंडे को पूरा करने के लिए किसी दबाव या अनावश्यक विवादों की। हाई कमिशन ने इसे राजनयिक शिष्टाचार का उल्लंघन बताया। वहीं, चीनी राजनयिक को फटकार लगाते हुए कहा कि श्रीलंका के उत्तरी पड़ोसी (भारत) के बारे में उनका रवैया उनके अपने देश के व्यवहार से प्रभावित हो सकता है। श्रीलंका में चीनी राजदूत की झेनहोंग ने कहा था कि बिना किसी सबूत के सिक्योरिटी को लेकर चिंता जताना वास्तव में श्रीलंका की संप्रभुता और स्वतंत्रता में हस्तक्षेप हैं। श्रीलंका में चीनी राजदूत की झेनहोंग ने कहा था कि बिना किसी सबूत के सिक्योरिटी को लेकर चिंता जताना वास्तव में श्रीलंका की संप्रभुता और स्वतंत्रता में हस्तक्षेप है।

पीएम ने भुज में किया मेगा रोड शो, लगे मोदी जिंदाबाद के नारे

भुज (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गुजरात के भुज में रविवार को रोड शो के दौरान रास्ते के दोनों तरफ हजारों की संख्या में खड़े लोगों ने जोरदार स्वागत किया और राष्ट्रवादी नारे लगाये। पीएम मोदी ने सोमवार को आगामी गुजरात चुनाव से पहले भुज में चुनाव प्रचार किया। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी वीडियो में पीएम मोदी की एक झलक पाने के लिए लोगों की उमड़ी भीड़ को देखा जा सकता है जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और युवा शामिल हैं। इस दौरान आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर हर घर झंडा के मोदी के आह्वान का प्रभाव भी देखा गया। बड़ी संख्या में लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर अपने नेता का स्वागत किया और भारत माता की जय, मोदी जिंदाबाद, हमारा नेता कैसा हो मोदी जैसा हो आदि के नारे लगाये। प्रधानमंत्री ने कार से उतरकर लोगों का अभिनंदन किया और हाथ भी मिलाये। बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे भी प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए सुबह से खड़े होकर इंतजार करते रहे और इस यादगार मौके को अपने मोबाइल फोनों में कैद किया।

सूत्रों के अनुसार भुज चुनाव प्रचार के दौरान बच्चों, बुजुर्गों, युवाओं सभी से मोदी हाथ मिलाते नजर आये। प्रधानमंत्री से मिलने के लिए महिलाएं भी अधिक संख्या में पहुंची और उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरन उन्होंने अपने सिर पर कलश रखा हुआ था, साथ ही कुछ महिलाओं ने पीएम मोदी से हाथ भी मिलाया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम रहे। गुजरात चुनाव से पहले भाजपा के सभी बड़े नेता चुनाव प्रचार में लगे हैं। पीएम मोदी की भी इस राज्य में ताबड़तोड़ रैलियां चल रही हैं।

चार हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास

भुज (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि देश और दुनिया में गुजरात को बदनाम करने और राज्य में निवेश को रोकने के लिए एक के बाद एक कोशिशें की गयीं, फिर भी यह देश में आपदा प्रबंध अधिनियम बनाने वाला पहला राज्य बना। श्री मोदी गुजरात के कच्छ क्षेत्र में भुज में चार हजार 400 करोड़ रुपये की परियोजनाओं के शिलान्यास के लिए आयोजित समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने स्मृति वन स्मारक का उद्घाटन भी किया और अंजार में वीर बाल स्मारक का उद्घाटन किया। वर्ष 2001 में कच्छ में आये विनाशकारी भूकंप में पूरा भुज शहर तबाह हो गया था। श्री मोदी ने कहा कि आज मन बहुत-सारी भावनाओं से भरा है। भुजियो डूंगर में स्मृति वन मेमोरियल, अंजार में वीर बाल स्मारक का लोकार्पण कच्छ की, गुजरात की, पूरे देश की साझी वेदना का प्रतीक है। इनके निर्माण में सिर्फ पसीना ही लगा बल्कि इतने ही परिवारों के आंसुओं ने इसके ईंट-पत्थरों को सींचा है। प्रधानमंत्री ने उस विभीषिका को याद करते हुए कहा कि वह उस समय मुख्यमंत्री नहीं बल्कि एक साधारण से कार्यकर्ता थे और भूकंप के दूसरे दिन भुज पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि मुझे पता नहीं था कि मैं कैसे और कितने लोगों की मदद कर पाउंगा, लेकिन मैंने तय किया कि मैं यहां आप सबके बीच रहूंगा।

गडकरी ने निक्सन का हवाला देते हुए कहा -

हार मानने तक आदमी खत्म नहीं होता

नागपुर (एजेंसी)। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने रिचर्ड निक्सन के कथन का हवाला देते हुए कहा है कि जब कोई व्यक्ति पराजित होता है तो खत्म नहीं होता, लेकिन जब वह हार मान लेता है तो खत्म हो जाता है। गडकरी यहां उद्यमियों की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि जो कोई भी व्यवसाय, सामाजिक कार्य या राजनीति में है, उसके लिये मानवीय संबंध सबसे बड़ी ताकत है। हाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संसदीय बोर्ड से हटाये जाने को लेकर चर्चा में रहे

गडकरी ने कहा कि इसलिए किसी को भी इस्तेमाल करो फेको की दौर में नहीं शामिल होना चाहिए। अच्छे दिन हों या बुरे दिन, जब एक बार किसी का हाथ थाम लें, उसे थामें रहें। उगते सूरज की पूजा न करें। गडकरी ने याद किया कि जब वह छात्र नेता थे, तब कांग्रेस नेता श्रीकांत जिचकर ने उन्हें बेहतर भविष्य के लिए कांग्रेस में शामिल होने के लिए कहा था। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैंने श्रीकांत से कहा, मैं कुएं में कूदकर मर जाऊंगा, लेकिन कांग्रेस में शामिल नहीं होऊंगा, क्योंकि मुझे कांग्रेस की विचारधारा पसंद नहीं है। गडकरी ने कहा कि युवा उद्यमियों को पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन की आत्मकथा का वाक्य याद रखना चाहिए कि हारने पर आदमी का अंत नहीं होता है, लेकिन जब वह हार मान लेता है तो वह खत्म हो जाता है।

त्रिपोली संघर्ष में 12 की मौत, 80 घायल

काहिरा (एजेंसी)। लीबिया की राजधानी त्रिपोली में सत्ता को लेकर प्रतिद्वंद्वी समूहों के बीच हुए संघर्ष में कम से कम 12 लोग मारे गये और 80 से अधिक घायल हो गये। स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी हैं। मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि शुरूआती जानकारी के अनुसार, त्रिपोली में हुई झड़पों में 12 लोगों की मौत हो गई है, 87 घायल हो गए हैं। अल-अरबिया प्रसारक ने जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि त्रिपोली में शुक्रवार को लीबिया की राष्ट्रीय एकता सरकार के प्रमुख अब्दुल हामिद दबीबेह और संसद द्वारा चुने गए फाथी बाशागा के एक प्रतिद्वंद्वी प्रशासन के प्रति वफादार टुकड़ियों के बीच संघर्ष हुआ।

दो दिवसीय यात्रा पर त्रिपुरा पहुंचे नड्डा, आज रैली को करेंगे संबोधित

अगरतला (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा त्रिपुरा की दो दिवसीय यात्रा पर रविवार को पहुंचे। नड्डा अगले वर्ष होनेवाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर संगठनात्मक तैयारियों की समीक्षा करेंगे और एक रैली को संबोधित करेंगे। अगरतला हवाई अड्डे पर सीएम माणिक साहा, भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष राजीव भट्टाचार्य और अन्य लोगों ने नड्डा का स्वागत किया। भाजपा से जुड़े सूत्रों ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय

अध्यक्ष राज्य के नेताओं के साथ बैठक करेंगे और अगले वर्ष होने वाले चुनाव की तैयारियों का जायजा लेंगे। सूत्रों ने बताया कि वह मंत्रियों और पार्टी के विधायकों के साथ विभिन्न विभागों के कामकाज की समीक्षा भी करेंगे। इसके अलावा नड्डा चुनाव में गठबंधन के मामलों पर चर्चा के लिए आईपीएफटी के विधायकों के साथ अलग से एक बैठक करेंगे। इंडिजिनस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (आईपीएफटी) त्रिपुरा में भाजपा के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार में साझेदार है। सूत्रों ने बताया कि सोमवार को नड्डा खुमुलवांग कस्बे में एक रैली को संबोधित करेंगे। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि खुमुलवांग में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गयी है।

श्रद्धालुओं की ट्राली को ट्रक ने मारी टक्कर, छह की मौत

नैनीताल (एजेंसी)। उत्तराखंड के उधमसिंह नगर में संगत में जा रहे श्रद्धालुओं की ट्रैक्टर ट्राली को एक ट्रक के टक्कर मारने से हुई भीषण दुर्घटना में एक ही गांव के छह लोगों की मौत हो गयी जबकि 34 से अधिक लोग घायल हो गये हैं। घायलों में दो की हालत गंभीर है। उधमसिंह नगर के जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने बताया कि उधमसिंह नगर के शक्तिफार्म के बसुधर व आसपास गांवों के लोग एक ट्रैक्टर ट्राली में सवार होकर सुबह संगत में भाग लेने के लिए उत्तम नगर गुरुद्वारा जा रहे थे। ट्राली में 40 से अधिक लोग सवार थे। ट्रैक्टर ट्राली जैसे ही उप्र व उधमसिंह नगर बॉर्डर पर स्थित सिरसा मोड़ पर पहुंची, एक ट्रक ने ट्राली को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्राली अनियंत्रित हो कर पलट गयी। मौके पर चीख पुकार मच गयी। इस दुर्घटना में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि 34 से अधिक लोग घायल हो गये।

मृतकों में सुमन कौर, गुरूनामोबाई (30), आकाश (8), राजा (6) जस्सी (35) व भजन सिंह (32) शामिल हैं। मृतकों में तीन महिला व तीन बच्चे शामिल हैं। सूचना मिलते ही पुलभट्टा पुलिस व उधमसिंह नगर प्रशासन के लोग मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों के सहयोग से राहत व बचाव कार्य चलाया गया। सभी घायलों को तत्काल बहेड़ी, रूद्रपुर जिला अस्पताल व हल्द्वानी सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। श्री पंत ने बताया कि बहेड़ी व सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती दो घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। सभी को हरसंभव उपचार उपलब्ध कराया जा जा रहा है।

माता वैष्णो देवी भवन में स्काई वॉक का होगा निर्माण

अब नहीं होगी भगदड़ जैसी घटना, दिसम्बर तक निर्माण कार्य पूरा होने की संभावना

कटरा (एजेंसी)। वैष्णो देवी भवन पर नये साल पर मची भगदड़ के बाद श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए श्राइन बोर्ड द्वारा गेट नं. 3 के पास स्काई वॉक वे का निर्माण किया जा रहा, ताकि ऐसे हादसे वैष्णो देवी भवन पर दोबारा न हों। इस स्काई वॉक वे निर्माण का जिम्मा सीपीडब्ल्यूडी माध्यम से निजी कंपनी एनआरसी को दिया गया है। कंपनी के अधिकारियों का दावा है कि आगमी दिसम्बर माह तक उक्त स्काई वॉक का निर्माण कार्य मुकम्मल होगा और श्रद्धालुओं की आवाजाही बहाल होगी। जिसके बनने के बाद से भवन की ओर आने-जाने के रास्ते अलग होंगे और

नये साल की तरह वैष्णो देवी पर भवन पर मची भगदड़ जैसे मामलों पर अंकुश लगाया जा सकेगा। आधुनिक सुविधाओं से लैस इस स्काई वॉक में 50 श्रद्धालुओं के लिए बैठने की व्यवस्था सेल्फी प्वाइंट सहित अन्य सुविधाएं रहेंगी। अधिकारी के अनुसार एक समय मे इस स्काई वॉक के माध्यम से छह हजार श्रद्धालु दर्शनों के लिए जा सकेंगे। एनआरसी कंपनी के अधिकारी ने बताया कि यह स्काई वॉक आधुनिक तकनीक की तर्ज पर बनाया गया है। जिस पर बर्फ, तेज हवाओं सहित भारी बारिश का कोई असर नहीं पड़ेगा। क्योंकि इससे चारों तरफ से कवर किया गया है। श्रद्धालु बिना किसी रूकावट के इससे गुजर कर मां वैष्णो देवी के दर्शनों के लिए जा सकेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सर्दियों के दिनों में भवन पर बर्फ रहती है जिसके कारण ठिठुरन भी पड़ती है जिसे देखते हुए संबंधित एजेंसी द्वारा इसके फ्लोर को भी लकड़ी का बनाया जा रहा है। ताकि नंगे पैर मां वैष्णो देवी के दर्शनों को जानेवाले श्रद्धालुओं को कुछ हद तक ठिठुरन से निजात दिलायी जा सके।

क्या कहते हैं श्राइन बोर्ड के सीईओ

इस संबंध में बात करते हुए सीईओ श्राइन बोर्ड अंशुल गर्ग ने बताया कि आगामी दिसंबर से गेट नं. 3 से स्काई वॉक से श्रद्धालुओं की आवाजाही को बहाल कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि यह श्रद्धालुओं के लिए एक बहुत बड़ी सौगात होगी। आनेवाले दिनों में वैष्णो देवी भवन पर भीड़ को भी इस स्काई वॉक के माध्यम से नियंत्रित किया जा सकेगा। गर्ग ने कहा कि श्राइन बोर्ड का हमेशा से प्रयास रहा है कि श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक सुविधाएं प्रदान की जाये, जिसके लिए श्राइन बोर्ड की टीम दिन-रात कार्य कर रही है।